






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 323

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

सोमवार | 09 सितंबर, 2024


## योगी सरकार यूपी को बनाएगी एगटेक के क्षेत्र में अग्रणी राज्य, पूरे देश में बजेगा डंका

**योगी का 'यादव' एनकाउंटर पर अखिलेश को जवाब : डकैत मारा गया तो बुरा लगा, चिल्लाने लगते हैं...सपाई पेशेवर दंगाई**

- 10 बिलियन डॉलर की एगटेक अर्थव्यवस्था विकसित कर योगी सरकार अन्नदाताओं को बनाएगी सशक्त

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

कृषि में तकनीक को बढ़ावा देकर किसानों की आमदनी में इजाफा करने के लिए योगी सरकार एगटेक (एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी) स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए वर्ल्ड बैंक और गूगल जैसे अंतरराष्ट्रीय दिग्गज संस्थाओं का सहारा भी लिया जा रहा है, जो युवाओं को एग्रीकल्चर के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करेंगे और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में भूमिका निभाएंगे। एगटेक के जरिये योगी सरकार कृषि को आधुनिक, उच्च तकनीक युक्त, लाभदायक और टिकाऊ उद्योग बनाएगी। इसके साथ ही, किसानों को एगटेक के विकास और नवाचारों से जोड़ा जाएगा। इससे, किसानों द्वारा कृषि कार्यों को संपन्न कराने को लेकर दूसरों पर निर्भरता भी कम होगी। इतना ही नहीं, योगी सरकार उत्तर प्रदेश को एगटेक के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। इसके भविष्य में परिवर्तनकारी परिणाम देखने को मिलेंगे, जिसका लाभ न केवल प्रदेश के किसानों को, बल्कि पूरे प्रदेशवासियों को होगा।



### एफपीओ और एगटेक कम्पनियां निभाएंगी अहम भूमिका

सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए नवीन कृषि प्रौद्योगिकियों को अपनाने और वितरण को बढ़ावा देने के लिए किसान उत्पादक संगठनों के साथ एगटेक कम्पनियों के बीच सहयोग को बढ़ाएगी। वह घनिष्ठ सम्बंधों को बढ़ावा देगी, जिससे एफपीओ महत्वपूर्ण मध्यस्थों के रूप में काम करेंगे। इससे प्रौद्योगिकी प्रदाताओं और किसानों के बीच की खाई को कम करने में मदद मिलेगी। यह साझेदारी एफपीओ को अपने सदस्यों की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने और सम्बोधित करने के लिए सशक्त बनाएगी। साथ ही, एगटेक कम्पनियों को अपने समाधानों को अधिक प्रभावी ढंग से बढ़ाने, किसानों के व्यापक आधार तक पहुंचने और यह सुनिश्चित करने में सक्षम करेगी कि तकनीकी प्रगति सभी के लिए सुलभ और फायदेमंद हो।

### पुलिस में भर्ती होकर बेटियां सपा के शोहदों को सड़कों पर जूते-चप्पल से पीटेंगी

पुलिस भर्ती का परिणाम बहुत जल्द आने वाला है। 60200 पदों पर एक साथ भर्ती हो जाए, यह उत्तर प्रदेश में पहली बार हुआ है। इसमें उत्तर प्रदेश के हर जनपद का युवा भर्ती होगा, उसमें भी 15000 सिर्फ बेटियां भर्ती होने वाली हैं, ये जो सपा के शोहदे जगह-जगह बेटी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जब बेटियां ट्रेनिंग पूरी कर आएंगी, तब इनको सड़कों पर जूता-चप्पल से पीटेंगी। ये लोग इसके हकदार हैं। उनकी मरम्मत और डेंटिंग-पेंटिंग का काम भी करेंगी।

### डकैत मारा जाता है तो सपा कहती है- यह नहीं होना चाहिए

आप देखते होंगे, उनके किसी माफिया शार्गिद को मारा जाता है, तो यह चिल्लाने लगते हैं। जो डकैत पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। वहां ग्राहक भी बैठे थे।, डकैत उनकी हत्या करके भाग जाता तो हम उनकी जान को वापस कर पाते क्या? ग्राहक किसी भी जाति का हो सकता था। यादव भी हो सकता था, दलित भी। डकैत के भागने पर पुलिस को अगर सुराग नहीं मिलता, तो कहते हैं- अराजकता है। मुठभेड़ में मारा जाता है, तो सपा को बुरा लग रहा है। यह नहीं होना चाहिए था। फिर पूछिए इनसे क्या होना चाहिए।

### कृषि क्षेत्र में मशीनरी, पैकेजिंग और प्रोसेसिंग आदि के नवाचार पर आधारित होंगे स्टार्टअप्स

योगी सरकार एगटेक के जरिये उन्नत प्रौद्योगिकी के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने के साथ अगले पांच वर्षों में प्रदेश को 10 बिलियन डॉलर की एगटेक अर्थव्यवस्था बनाएगी। योगी सरकार लक्ष्य को हासिल करने के लिए रणनीतिक निवेश, प्रभावी नीतिगत ढांचे को लागू करके और मजबूत सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देकर एगटेक उत्कृष्टता को स्थापित करेगी। इससे, उत्तर प्रदेश न केवल अपनी कृषि सम्बंधी जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक खाद्य सुरक्षा को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके लिए, एक हजार स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जाएगा। यह सभी स्टार्टअप्स एग्रीकल्चर सेक्टर के विभिन्न इकाइयों जैसे पैकेजिंग, प्रोसेसिंग, स्टोरेज आदि के विकास पर आधारित होंगे। इतना ही नहीं, इस नवाचार से प्रदेश के 10 लाख युवाओं को रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे, जो कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने, किसानों की आय में वृद्धि करने, मजबूत खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही स्थानीय और वैश्विक दोनों खाद्य प्रणालियों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मालूम हो कि समृद्ध उत्तर प्रदेश का दृष्टिकोण प्रगति और आत्मनिर्भरता के सिद्धांतों पर आधारित है, जहां कृषि आर्थिक समृद्धि लाती है और प्रदेश के किसान तकनीकी क्रांति का नेतृत्व करते हैं।

### कानून को ठेंगा दिखाने वालों का काम तमाम होगा

2017 से पहले सपाई बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करते थे। याद कीजिए, जब मार्च 2017 में सरकार बनी थी, तब मैंने कहा था कि अगर किसी भू-माफिया ने कब्जा कर रखा है, तो 24 घंटे के अंदर खाली कर दे। मैं फिर वही कहूंगा कि जल्दी से खाली कर दें। माफियागिरी नहीं चलने दी जाएगी। कानून को ठेंगा दिखाने वालों का काम तमाम होगा।

### यह लोग बेशर्म, आपस में ही नूरा-कुश्ती कर रहे

एक बेटी के साथ अयोध्या में खिलवाड़ किया गया। क्या ये सही है? हमारे मंत्री संजय निषाद रो पड़े। यह लोग बेशर्म हैं। अपराधी के खिलाफ कार्रवाई हो, यह सपा नहीं चाहती है। कह रहे थे कि यह निर्दोष हैं। सबकुछ तो प्रमाणित हो चुका है। सपाइयों में आपस में ही नूरा-कुश्ती चल रही है। इनके बहकावे में आने की जरूरत नहीं। आप भाजपा का समर्थन कीजिए।

### सपाइयों को मौका मिला तो फिर डकैती शुरू करेंगे

2 साल में 2 लाख सरकारी नौकरी निकालेंगे। 40 लाख करोड़ का निवेश आया है। डेढ़ करोड़ नौजवानों को नौकरी मिलेगी। युवा अपना खुद का उद्यम लगाना चाहता है, तो 5 लाख का लोन देंगे। ब्याज सरकार देगी। यह सपा कर पाएगी क्या। इनको मौका मिलेगा तो डकैती शुरू कर देंगे।

### सपा-कांग्रेस के माफियाओं की सरकारें चलती हैं

2017 से पहले यूपी में क्या होता था? सपा और कांग्रेस के माफियाओं की सरकारें चलती थीं। अंबेडकरनगर में भी चलती थी। जो लोग सत्ता को अपनी बपौती मानते थे, वो समझ गए हैं कि यूपी में उनको कभी नहीं आना है। इनका विकास और किसान से कोई लेना-देना नहीं। बेटी की सुरक्षा से कोई मतलब नहीं।

### भाजपा भेदभाव नहीं करती है

पीएम मोदी ने कहा था कि तुष्टिकरण की नीति पर नहीं चलेंगे। अगर हम चलते तो क्या कश्मीर से धारा-370 खत्म होती। अयोध्या में लहू बहाने वाले राम मंदिर के पक्षधर थे क्या। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के संकल्प को भी पूरा किया। 40 सड़कें और बाइपास बनेगा।

## कांग्रेस सपा से गठबंधन चाहे पर सीटों पर जी ललचाए

**विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस 10 में से कम से कम चार सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है**

- अखिलेश यादव उपचुनाव में कांग्रेस को दो सीट से अधिक देने पर राजी नहीं हैं
- प्रियंका गांधी ने यूपी अध्यक्ष अजय राय और सभी नवनियुक्त सचिवों से शनिवार शाम दिल्ली में मुलाकात की
- उन्होंने कांग्रेस नेताओं को साफ निर्देश दिया कि 4 से कम सीट पर गठबंधन की बात न मानें

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन से हुए फायदे के बाद कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव में भी सपा के साथ गठबंधन चाहती है। लेकिन पेच सीटों के बंटवारे पर है। कांग्रेस 10 में से कम से कम चार सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। वहीं, अखिलेश यादव उपचुनाव में कांग्रेस को दो सीट से अधिक देने पर राजी नहीं हैं। सपा और कांग्रेस के बीच यह चुनाव मिलकर लड़ने को लेकर बातचीत चल रही है। इसे लेकर प्रियंका गांधी ने यूपी अध्यक्ष अजय राय और सभी नवनियुक्त सचिवों से शनिवार शाम दिल्ली में मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान यूपी की 10 सीटों पर उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई। खबर है कि प्रियंका गांधी ने सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन के लिए 60/40 का फॉर्मूला दिया है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को साफ निर्देश दिया कि 4 से कम सीट पर गठबंधन की बात न मानें। हालांकि सपा लोकसभा चुनाव के फॉर्मूले के तहत ही उपचुनाव में गठबंधन चाहती है और कांग्रेस को अधिकतम 2 सीट ऑफर कर रही है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, अगर दोनों दलों के नेतृत्व में फाइनल बातचीत में कांग्रेस 3 सीटों पर भी मान जाएगी।



### अखिलेश हरियाणा में कांग्रेस के कार्य 'मोल भाव'

यूपी में अभी उपचुनाव की घोषणा हुई नहीं है, लेकिन सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे को टिकट देने का एकतरफा एलान कर दिया है। उधर हरियाणा में भी सपा सीटें मांग रही है, जहां कांग्रेस उसे एक सीट देने को तैयार है।

### सपा 10 में से 6 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी

सपा ने 10 में से 6 सीटों पर प्रभारियों की घोषणा की है। समाजवादी पार्टी की ओर से जारी इस सूची से यह साफ हो गया है कि समाजवादी पार्टी 10 में से 6 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी, जिन 10 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा, उनमें से पांच समाजवादी पार्टी, तीन भाजपा और एक-एक राष्ट्रीय लोकदल और निषाद पार्टी ने जीती हैं, दोनों ही एनडीए के सहयोगी हैं।

## ट्रांसपोर्ट नगर हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित, गहनता से होगी जांच



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में शनिवार को तीन मंजिला इमारत गिरने आठ लोगों की मौत हो गई। मामले की जांच के लिए योगी सरकार ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इसकी अध्यक्षता गृह विभाग के सचिव डॉ. संजीव गुप्ता करेंगे। उनके अलावा इस टीम में सदस्य के तौर पर बलकार सिंह, सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग और विजय कनौजिया, मुख्य अभियन्ता (मध्य क्षेत्र), लोक निर्माण विभाग शामिल हैं। टीम को जल्द से जल्द जांच पूरी कर रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपने का निर्देश दिया गया है। इमारत गिरते ही तुरंत ही राहत और बचाव कार्य शुरू हो गया था। अब इस रेस्क्यू के कुछ फुटेज सामने आए हैं। इन फुटेज में देखा जा सकता है कि कैसे लोगों को मलबे के नीचे से निकाला जा रहा है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, दमकल और पुलिस की टीमों ने इस राहत कार्य को अंजाम दिया।

### तीन मंजिला इमारत गिरी

ट्रांसपोर्टनगर में शनिवार शाम बारिश के दौरान शहीद पथ किनारे स्थित एक तीन मंजिला इमारत भरभराकर गिर गई। हादसे में एक कारोबारी समेत आठ लोगों की मौत हो गई जबकि मलबे में दबे 24 लोगों को निकालकर राजधानी के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें 3 लोगों की हालत गंभीर है, जिनका ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। मलबे में अभी कई और लोगों के दबे होने की आशंका है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, दमकल और पुलिस की टीमें राहत-बचाव कार्य में देर रात तक जुटी रहीं।

## एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत, घर में आग लगने से झुलसे मासूम

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद के मसूरी क्षेत्रांतर्गत नाहल गांव में दो सप्ताह पूर्व जाकिर के घर में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई जिसमें वहां सो रहे तीन बच्चे झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान एक लड़के व एक लड़की की मृत्यु हो गई, जबकि तीसरे मासूम की रविवार तड़के इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मौत की खबर आते ही घर में कोहराम मच गया। मसूरी क्षेत्रांतर्गत नाहल गांव में बीते माह 24 अगस्त की सुबह 6 बजे जाकिर पुत्र ताहिर निवासी मुहल्ला रहमानशाही नाहल के घर में बच्चे सो रहे थे। तभी उनके घर में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई जिसमें सोते हुए बच्चे नाहिद (15), फैजान (12) व जुनैद (10) झुलस गये। बच्चों की मां बीमार होने के कारण अस्पताल में भर्ती थी और बच्चों का पिता जाकिर उसकी देखभाल करने के लिए अस्पताल में था। इनका सबसे छोटा चौथा बेटा जैद (8) अपनी दादी के पास सोया हुआ था जिससे वह हादसे का शिकार होने से बच गया।

## बाइक शोरूम में लगी आग, जलीं नई गाड़ियां, इलाके में अफरा-तफरी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। ठाकुरगंज के बालागंज स्थित एक बाइक शोरूम बिल्डिंग में रविवार को अचानक आग लग गई। बताया जाता है कि फ्रिज में हुए शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और फिर पास में रखे मोबिल आयल स्टोर रूम तक पहुंच गई। आग की लपट देख अफरा तफरी मच गई। आग ने वहां खड़ी कुछ बाइक और अन्य सामान को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने तीन दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया।

## राजाभैया की पत्नी ने सीएम योगी से लगाई गुहार, मुख्यमंत्री योगी जी मैं एक महिला हूं, मेरे खिलाफ साजिश रची जा रही

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़

जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सुरक्षा की गुहार लगाई है। एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा है कि मैं भी एक महिला हूं, मेरे खिलाफ साजिश रची जा रही है, मुझे खतरा उत्पन्न हो गया है। भानवी सिंह ने पोस्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री को अपना आदरणीय बताते हुए लिखा है कि आप राज्य के मुखिया होने के नाते किसी से भी मिल सकते हैं, लेकिन आप जिस शख्स मिल रहे हैं वह हमारे और हमारी बेटी के साथ इकोनामिक फ्रॉड के मामले में आरोपी भी हैं। उनके ऊपर आर्थिक अपराध शाखा दिल्ली में केस चल रहा है। अक्षय प्रताप सिंह लगातार मेरे और मेरी बेटी के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। मैंने आपसे मिलने के कई बार समय मांगा, लेकिन मुझे समय नहीं मिल पाया। जब मैं आपसे पहली बार मिली थी, उसके बाद से अधिकारियों ने मेरा सहयोग करने के बजाय प्रतिकूल रुख अपना लिया। मेरे खिलाफ षड्यंत्र के तहत हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ और झूठे आरोप लगाकर मेरी बेटी को भी घसीट लिया गया। विवेचक की भूमिका के बारे में सार्वजनिक रूप से अधिकारियों का अवगत कराया, लेकिन न्याय नहीं हुआ। मुख्यमंत्री जी आप हम सब के पूरे प्रदेश के मुखिया हैं, मैं एक महिला भी हूं और आपको पता है कि आज भी महिलाओं के लिए संघर्ष कई गुना ज्यादा है। आपसे मैं संरक्षण और न्याय चाहती हूं, मेरे खिलाफ जिस तरह की साजिश रची जा रही है, उससे मेरी सुरक्षा को भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। फिलहाल भानवी सिंह ने एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह के खिलाफ एक बार फिर पोस्ट के जरिये मुख्यमंत्री से कार्रवाई की अपेक्षा की है।

**रिपोर्ट** **सीएम योगी की मंशा अनुसार, 152 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज के नए भवन, लाइब्रेरी व हॉस्टल समेत विभिन्न प्रकार की निर्माण व विकास प्रक्रिया पर फोकस**

## ग्रेटर नोएडा के जीआईएमएस में नए मेडिकल कॉलेज बिल्डिंग का जल्द होगा निर्माण

- नियोजन विभाग को सौंपा गया है गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में विकास कार्यों को पूर्ण करने का जिम्मा, ईपीसी मोड पर होंगे सभी निर्माण कार्य
- वर्षा अवधि के अतिरिक्त 18 महीनों में सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने का रखा गया है लक्ष्य
- इन विकास कार्यों के पूरा होने से ग्रेटर नोएडा समेत आसपास के क्षेत्रों में उत्तम स्वाथ्य सेवाएं प्रदान करने का मार्ग होगा प्रशस्त
- प्रदेश के विभिन्न मेडिकल फेसिलिटीज के उच्चीकरण व आधुनीकिकरण के लिए बनी विस्तृत कार्ययोजना पर हो रहा काम

जन एक्सप्रेस। ग्रेटर नोएडा

उत्तर प्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं के लिहाज से उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने पर भी फोकस कर रही है। इस क्रम में, ग्रेटर नोएडा के गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (जीआईएमएस) में नए मेडिकल कॉलेज बिल्डिंग के निर्माण व अन्य विकास कार्यों की परियोजना को गति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सीएम योगी के विजन अनुसार, 152 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज के नए भवन, लाइब्रेरी व हॉस्टल समेत विभिन्न प्रकार की निर्माण व विकास प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इस परियोजना को पूरा करने की जिम्मेदारी नियोजन विभाग को दी गई है। इन विकास कार्यों के पूरा होने से ग्रेटर नोएडा समेत आसपास के क्षेत्रों में उत्तम स्वाथ्य सेवाएं प्रदान करने का भी मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही, प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म को भी प्रमोट करने में मदद मिलेगी।




### 8992 स्क्वेयर मीटर में होगा हॉस्पिटल ब्लॉक विंग 4 का विकास

जीआईएसएल में प्रस्तावित नवनिर्माण व विकास प्रक्रिया को लेकर बनी कार्ययोजना के अनुसार पांच प्रकार के कार्यों को पूरा किया जाना है। पहले कार्य के तौर पर हॉस्पिटल ब्लॉक विंग 4 का विकास, दूसरे कार्य के तौर पर मेडिकल कॉलेज के विंग 5 में निर्माण व विकास कार्य, तीसरे कार्य के तौर पर पुरुष हॉस्टक के दो विंग का निर्माण, चौथे कार्य के तौर पर डायरेक्टर रेजिडेंस व पांचवें कार्य के तौर पर साइट डेवलपमेंट तथा एक्सटर्नल इलेक्ट्रिकल वर्क्स को पूरा किया जाएगा। पहले कार्य के तौर पर हॉस्पिटल ब्लॉक विंग 4 का विकास कुल 8992 स्क्वेयर मीटर में होगा तथा बिल्डिंग जी प्लस सिक्स पर बेस्ड होगी। ग्राउंड फ्लोर पर 1090 स्क्वेयर मीटर का वेटिंग एरिया, फर्स्ट फ्लोर पर 1317 स्क्वेयर मीटर में एडमिन ऑफिस, सेकेंड फ्लोर पर 1317 स्क्वेयर मीटर में ईएनटी का डिपार्टमेंट ऑफिस, थर्ड फ्लोर पर इमर्जेंसी व एनेस्थीसिया, चौथे फ्लोर पर टीबी व चेस्ट डिपार्टमेंट, पांचवें फ्लोर पर पिडियाट्रिक्स डिपार्टमेंट तथा छठे फ्लोर पर कम्यूनिटी मेडिसिन डिपार्टमेंट का विकास किया जाएगा।

### मेडिकल कॉलेज विंग 5 का 24,317 स्क्वेयर मीटर में होगा निर्माण

परियोजना के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज विंग 5 का 24,317 स्क्वेयर मीटर में विकास व निर्माण होगा। यह बिल्डिंग का निर्माण बी प्लस जी प्लस सिक्स के आधार पर होगा। बेसमेंट को गाड़ी पार्किंग के लिहाज से 9540 स्क्वेयर मीटर में निर्मित किया जाएगा। वहीं, ग्राउंड फ्लोर पर एनाटॉमी डिपार्टमेंट व डाइसेंक्शन हॉल, फर्स्ट फ्लोर पर रिसर्च लैब, सेकेंड फ्लोर पर बायोकेमिस्ट्री डिपार्टमेंट व लैब्स, तीसरे फ्लोर पर पैथोलॉजी डिपार्टमेंट व लैब्स, चौथे फ्लोर पर फॉरेंसिक मेडिसिन, पांचवें फ्लोर पर डर्मेटॉलोजी व साइकियाट्री डिपार्टमेंट तथा छठे फ्लोर पर कॉम्यूनिटी मेडिसिन का निर्माण व विकास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, मेल हॉस्टल के दो ब्लॉक्स को कुल 1,680 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इसके एक ब्लॉक को ट्रिपल शेयरिंग युक्त 537 कैपेसिटी व ट्विन शेयरिंग ब्लॉक को 356 कैपेसिटी युक्त किया जाएगा। वहीं, डायरेक्टर्स रेजिडेंस को डुप्लेक्स स्ट्रक्चर के अंतर्गत 300 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। लाइब्रेरी का भी विकास किया जाएगा। मेडिकल विंग में 13 पैसेंजर्स कैपेसिटी वाले 8 आधुनिक तथा 26 पैसेंजर्स कैपेसिटी वाले 2 आधुनिक लिफ्ट से युक्त किया जाएगा। सभी इमारतों को अग्निशम, सीसीटीवी, एसी प्लांट्स, डीजी सेट्स, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग मॉड्यूल समेत विभिन्न सुविधाओं से लैस किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इसी प्रकार मेडिकल कॉलेज के भवन के उच्चीकरण व आधुनीकिकरण लखनऊ, गोरखपुर, मेरठ, कानपुर समेत प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज व यूनिवर्सिटीज में भी हो रहा है और इन्हें भविष्य की जरूरतों के हिसाब से अपडेट किया जा रहा है।

## बीच सड़क पर मारपीट कर रहे दबंगों ने बचाव में पहुंचे युवक को किया लहूलहान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में राठ रोड पर बीच सड़क दबंगों द्वारा युवक के साथ की जा रही मारपीट के दौरान बचाव में पहुंचे युवक को हमलावरों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। जिसे खून से लथपथ हालत में उठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। कस्बा डकोर निवासी राजकुमार 30 वर्ष पुत्र महाराज सिंह अपने किसी कार्य को लेकर टेंपो से उरई आया हुआ था। बताया गया है कि इस दौरान बस स्टैंड पर दबंग युवकों द्वारा अन्य युवक को बुरी तरह से पीटा जा रहा था। मारपीट होते देख युवक टेंपो से उतर कर बीच बचाव करने के लिए मौके पर पहुंच गया। जहां पर हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट कर उसे लहू लुहान कर दिया। घटना से स्थानीय लोगों में अफरातफरी मच गई और उन्होंने लहू लोहान हालत में पड़े युवक को आनंद फाइनल में उठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है और चिकित्सकों द्वारा उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# ऋषि परम्पराओं को मानव मूल्यों के रूप में जीवन में उतारें: रामचन्द्र दास

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के अष्टावक्र सभागार में रविवार को सत्र का प्रारंभ विश्वविद्यालय के जीवनपर्यंत कुलाधिपति जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। जगद्गुरु महाराज द्वारा रचित मां सरस्वती वंदना का गायन किया गया।

कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति का स्वागत करते हुए कहा कि आधुनिक युग में ऋषि परंपरा के संवाहक के रूप में जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने जगद्गुरु महाराज को अपने प्रत्यक्ष गुरु के रूप में स्वीकार कर उनके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में ऋषि परंपरा के निर्वहन का संकल्प व्यक्त किया। इसके बाद तुलसीपीठ के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास ने कहा कि आधुनिक युग में ऋषि परंपरा द्वारा दी गई समस्त शिक्षाएं न केवल प्रासंगिक हैं बल्कि मानव मूल्यों के रूप में उन्हें अपने जीवन में उतारना चाहिए। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रो रामसलाही द्विवेदी ने भारत को ऋषि परंपरा की उर्वरा भूमि बताते हुए ऋषि परंपरा को प्रत्येक शिक्षा संस्थान के लिए अनिवार्य बताया। दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पांडेय ने जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य को ऋषि परंपरा का साक्षात प्रतिमान बताते हुए संस्कृत वांग्मय में जगद्गुरु महाराज के योगदान को अद्भुत बताया। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु महाराज द्वारा वर्तमान युग में सही मायने में ऋषि परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। इस अवसर पर सप्त ऋषियों एवं श्री रामचरितमानस पर आधारित एक कलाकृति का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन महर्षि पाणिनि विश्वविद्यालय उज्जैन के डॉ तुलसीदास परौहा ने किया। संगीत कार्यक्रमों का संचालन डॉ गोपाल कुमार मिश्र ने किया।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ निहार रंजन मिश्र, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ किरण त्रिपाठी, डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ गुलाबधर, संगोष्ठी के संयोजक डॉ शशिकांत त्रिपाठी, सहसंयोजक डॉ प्रमिला मिश्रा, डॉ मनोज कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

## बाइक व ई-रिक्शा भिड़ंत में तीन घायल, हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र में हाईवे पर बीती रात बबीना के समीप पेट्रोल पंप के पास ई-रिक्सा और बाइक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक व बाइक सवार दो युवकों सहित तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने उपचार हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया। कदौरा थाना क्षेत्र के मरगायां निवासी गौरव सिंह 28 वर्ष अपने दोस्त सनी सिंह 24 वर्ष सिंधी होटल से खाना खाने के बाद अपने घर लौट रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे ई-रिक्सा से उनकी बाइक टकरा गई।

जिसमें बाइक पर सवार दोनों युवक घायल हो गए। जबकि टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्सा की चेचिस तक बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गई और ई-रिक्सा चालक शिवा 18 वर्ष निवासी बबीना को भी गंभीर चोटें आ गई। तभी पेट्रोल पंप कर्मियों ने सूचना पुलिस को दी।

## किशोरी के साथ दो युवकों ने गैंगरेप की वारदात को दिया अंजाम

**जन एक्सप्रेस | उरई**

रेंढर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों ने गांव की ही किशोरी के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर एक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

रेंढर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय पीड़ित किशोरी के पिता ने थाने जाकर शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि 31 अगस्त को उसकी नाबालिक पुत्री को गांव के ही एक युवक ने फोन करके गांव के बाहर बुलाया और उसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। किशोरी ने पुलिस को बताया कि उसके साथ दो युवकों द्वारा रेप की वारदात को अंजाम दिया गया, जबकि दो युवक पहरा देते रहे थे। पुलिस ने शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए सभी चार युवकों के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। वहीं इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गैंगरेप की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपित को हिरासत में ले लिया। साथ ही उनसे पूछताछ की जा रही है। इस मामले में सीओ राम सिंह ने बताया कि घटना 31 अगस्त की है। नाबालिग के पिता द्वारा चार युवकों पर बेटी से रेप करने का आरोप लगाया है। जिसमें एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही बाकी की तलाश की जा रही है। इसके अलावा युवक से पूछताछ की जा रही है। जिससे घटना का सही अनावरण हो सके।

# भीम आर्मी का एक-एक कार्यकर्ता समाज हित में लडता है लडाई: डॉ. कुलदीप भार्गव

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वाधान में भीम आर्मी जिला संयोजक संजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में एकदिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें भीम आर्मी प्रदेश संयोजक उत्तर प्रदेश डॉ कुलदीप भार्गव व मंडल संयोजक संदीप वाल्मीकि उपस्थित रहे। प्रदेश संयोजक डॉ कुलदीप भार्गव के प्रथम बार जनपद आगमन को लेकर चित्रकूट भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बेडी पुलिया में स्वागत किया। मंडल संयोजक संदीप वाल्मीकि ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए हमारे लोगों को लगातार काम करते रहना चाहिए। प्रदेश संयोजक डॉ कुलदीप भार्गव ने कहा कि भीम आर्मी भारत एकता मिशन शोषित, वंचित, गरीब, मजलूम समाज की आवाज है। भीम आर्मी का एक-एक कार्यकर्ता को समाज के हित की लडाई लडना चाहिए। साथ ही समाज को बंटवारा करने वालों से सावधान रहकर हमें बहुजन समाज को एकजुट करना होगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी एसटी आरक्षण में उप वर्गीकरण का फैसला लिया गया है, उसके विरोध में 11 सितंबर को एक जुट होकर आरक्षण बचाओ महारैली में बढ चढकर हिस्सा लेना होगा। साथ ही रामलीला मैदान दिल्ली पहुंच कर अपने आरक्षण को बचाना होगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति के आरक्षण को समाप्त करने के लिए वर्तमान सरकार लगातार सरकारी तंत्रों का दुरुपयोग कर रही है, लेकिन हम सबको उसके खिलाफ लडाई लडनी होगी और अपने अधिकारों की रक्षा करने के लिए तैयार रहना होगा।

इस मौके पर भीम आर्मी के जिला संयोजक बांदा अमरनाथ वर्मा, जिला संयोजक हमीरपुर श्याम सुंदर वर्मा, जिला संयोजक महोबा जगराम वर्मा, असपा जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, पूर्व जिलाध्यक्ष भीम आर्मी संजय सिंह राणा, प्रमोद कुमार वर्मा, आशीष कुमार साहू, कमल सूर्यवंशी, रजनीश यादव, श्रीपाल प्रजापति, बाबूलाल यादव, निर्भय सिंह कोटार्य, राहुल दिवाकर, सनी अंबेडकर, सोनू दिनकर, राधेश्याम प्रजापति, रमाशंकर प्रजापति, भागचंद सोनकर, विनय सोनकर, जितेंद्र वाल्मीकि, लक्ष्मण दास पटेल, अर्जुन कश्यप, पंकज वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, रवि राज अंबेडकर, सुनील अंबेडकर, योगेंद्र सविता आदि मौजूद रहे।

# 14 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन: जिला जज

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुक्रम में आगामी 14 सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में समस्त न्यायिक अधिकारियों की बैठक हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण किया जाए। साथ ही चिन्हित वादों में नोटिसों का तामील कराये जाने पर विशेष बल दिया गया। आगामी 14 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सेवा मामले, पारिवारिक वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान, लघु आपराधिक वादों, श्रम वादों का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं, जिसमें विशेषकर पारिवारिक मामले निस्तारित किए जाएंगे। साथ ही उपभोक्ता फोरम से सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। इस मौके पर अपर जिला जज अनुराग कुरील, विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट राममणि पाठक, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारतीय, सिविल जज (सीडि) सचिन कुमार दीक्षित, सिविल जज (सीडि) एफटीसी सोनम गुप्ता, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर खुशबू चन्द्रा, सिविल जज (जूडि) सैफाली यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट एस आनन्द आदि मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर पलटा ईटो से लदा ट्रक

**जन एक्सप्रेस | जालौन**

बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे इटावा से चित्रकूट की ओर ईटा लेकर जा रहा डम्पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से सड़क पर पलट गया। डम्पर के पलटने के कारण ईटा सड़क पर बिखर गये जिससे झांसी की ओर से गिट्टी लेकर आ रहा ट्रक भी पलट गया। ईटा गिरने व ट्रक पलटने के कारण यातायात ठप्प हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस व बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे की टीम ने डम्पर व ट्रक को सीधा कराया तथा ईटा व गिट्टी हटवा कर यातायात सुचारू कराया। दुर्घटना के दौरान कोई हताहत नहीं हुआ। जनपद झांसी के थाना परीक्षा के ग्राम लबैयापुरा निवासी डम्पर चालक मुकेश कुमार पुत्र हुकुम सिंह व परिचालक मध्य प्रदेश के जनपद निवाड़ी थाना पृथ्वीपुर के मड़िया निवासी हाकिम सिंह 42 वर्ष पुत्र रमेश प्रसाद डम्पर में ईटा लेकर इटावा से चित्रकूट की ओर जा रहा था। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के किलोमीटर 195.5 के पास आगे पीछे हो रही बुलेरो कार के बचाने के चक्कर में ट्रक चालक अपना संतुलन खो बैठा। संतुलन खराब के कारण वह डिवाइडर से टकरा कर पलट गया। डिवाइडर से टकराने के कारण ईटा दूसरी ओर सड़क पर बिखर गये। दूसरी लाइन में ईटा बिखरने के कारण झांसी की ओर से जीरो नम्बर गिट्टी लेकर आ रहा ट्रक भी पलट गया। दोनों लाइन में ट्रक पलटने के कारण आवागमन ठप्प हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय के साथ बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे की टीम मौके पर पहुंच गयी तथा आनन फानन में क्रेन की सहायता से सड़क पर पलटे डम्पर व ट्रक को हटवाया साथ ही सड़क पर पड़ी गिट्टी व ईटा को हटवाया। टीम ने इटावा की ओर जाने वाली बंद लाइन मशक्कत के बाद शुरू करवाया इस दौरान टीम को लगभग 1 घंटे का समय लग गया।

# गणेश चतुर्थी को हुआ ग्रामोदय विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं का शिक्षारंभ

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के नवप्रवेशित छात्रों का शिक्षारंभ कार्यक्रम हुआ। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर शिक्षा, संस्कार ,अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व, परीक्षा, मूल्यांकन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी के साथ हुआ नए विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण किया गया।

कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय सामान्य विश्वविद्यालयों भांति एक उच्च शिक्षा संस्थान मात्र नहीं है अपितु प्रख्यात समाज शिल्पी भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नाना जी देशमुख द्वारा परिकल्पित ग्रामोदय विचार धारा का प्रतीक है। शिक्षा और संस्कार इस विश्विद्यालय की विशेषता है। यहां पढने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण की प्रक्रिया से गुजरना पडता है। उन्होंने बताया कि चित्रकूट ऐसा पवित्र स्थान है जहां महर्षि अत्रि ने दुनिया के पहले विश्विद्यालय की स्थापना की थी। सामाजिक आवश्यकता और आदर्शो को आत्मसात कर संस्थापक कुलाधिपति भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नाना जी देशमुख ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय की संकल्पना और कार्यशैली का अंतिम प्रारूप किया था। उन्होंने विद्यार्थियो का आवाहन कि वह अनुशासन के साथ गुणवत्ता पूर्ण पढ़ाई और सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधि से अपने को पूरी तरह जोडे रखें। यही ग्रामोदय विश्वविद्यालय की मुख्य विशेषता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुडे प्रसंगों के माध्यम से लक्ष्य की ओर सतत बढने की सलाह दी। उन्होंने माँ की गोद को पहली पाठशाला बताते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का दायित्व बनता है कि वे अपने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी दे। ग्रामोदय विश्वविद्यालय का सदैव प्रयास रहता है कि यहाँ से पढ़ाई करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास हो।यहाँ अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही न मिले अपितु उसके जीवन में आने वाली प्रत्येक कठिनाई का वह समाधान भी खोज सके।उन्होंने ग्रामोदय के वैशिष्ट्य को बताते हुए जीवनादर्श, ग्राम प्रवास, प्रार्थना सभा, सामूहिक मिलन आदि गतिविधियों में सहभागिता के लाभ बताए। उन्होंने मध्य प्रत्येक गतिविधि से जुड़े शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी का परिचय बड़ी गरिमा और उनकी उपयोगिता के साथ कराया, जिसकी प्रशंसा नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने मुक्त कंठ से कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो भरत मिश्रा, कुलसचिव एवं अधिष्ठाताओ द्वारा विवेकानंद सभागार में स्थापित विद्या दायिनी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इसके बाद अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो शशि कांत त्रिपाठी ने कार्यक्रम के औचित्य व उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस विश्वविद्यालय में छात्रावास, पुस्तकालय, खेल मैदान, कौशल शिक्षा आदि केंद्रीय व्यवस्था उपलब्ध है। उपकुलसचिव अकादमी डॉ साधना चैरसिया ने संचालित पाठ्यक्रमों व अवधि की जानकारी दी। परीक्षा नियंत्रक डॉ ललित कुमार सिंह ने परीक्षा व्यवस्था व परीक्षा नियमो की जानकारी दी। चीफ प्रॉक्टर डॉ विजय सिंह परिहार ने अनुशासन नियम बताए। सेंट्रल लाइब्रेरी इंचार्ज प्रो रघुबंश प्रसाद बाजपेयी ने पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकें व डिजिटल बुक्स की जानकारी दी। कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन डॉ ललित कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर प्रो आई पी त्रिपाठी, प्रो नंदलाल मिश्रा, प्रो अमरजीत सिंह, प्रो शशि कांत त्रिपाठी, डॉ आंजनेय पांडेय आदि मौजूद रहे।

# निशुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



ग्राम पंचायत रामपुर (बेलरी) में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन डॉ. ऑप्ट रौनक निगम तथा उनकी टीम द्वारा किया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने किया। शिविर में जरुरतमंद लोगों को निःशुल्क ड्रॉप तथा चश्मा वितरण किया गया। साथ ही लोगों को मोबाइल, टीवी का कम से कम इस्तेमाल करने की सलाह दी गयी। शिविर में नेत्र परीक्षक एवं सलाहकार रौनक निगम नें लोगों को आंखों को स्वस्थ रखने के लिए सलाह दी कि आहार में हरी सब्जियां, फल, दूध और दुग्ध उत्पाद शामिल करें। साथ ही कहा कि विटामिन डी आंखों के लिए अच्छा होता है। रोजाना व्यायाम करें, आंखों को हाइड्रेट रखने के लिए मूविंग आईज एक्सरसाइज करें। इसमें आंखों को गोल-गोल घुमाना होता है। कहा कि कम्प्यूटर पर काम करते समय हर 20 मिनट में 20-20-20 नियम का पालन करें, हर 20 मिनट में अपने कम्प्यूटर से दूर देखें और अपने से 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखें, धूप में जाने से पहले सनग्लासेज पहने, इससे कॉर्निया से जुडी समस्याएं या मोतियाबिंद जैसी बीमारियां नहीं होतीं, धूम्रपान से बचें. इससे मोतियाबिंद और एएमडी की आशंका बढ जाती है, आंखों को आराम देने के लिए अच्छी नींद लें। उन्होंने कह कि त्रिफला आंखों के लिए फायदेमंद है, इसका सेवन कर सकते हैं या आंखें धोने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

# रेलवे लाइन किनारे युवती का शव मिलने से फैली सनसनी

**जन एक्सप्रेस | उरई**

कालपी कोतवाली क्षेत्र के छौंक के पास रेलवे लाईन के किनारे झाडियों में अज्ञात युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के उसरगांव में विगत करीब चार दिन पहले विवाहिता का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला था। बाद में उसकी पहचान उसी गांव की मानसिक कमजोर युवती के रूप में हुई थी। इस मामले का पुलिस ने शनिवार को ही खुलासा किया था। लेकिन खुलासे के महज 24 घण्टे बाद ही छौंक गांव के पास रेलवे लाईन की झाडियों में रविवार सुबह ग्रामीणो ने युवती का शव देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी। वही झाडियों में युवती के शव की उसकी शिनाखूत नही हो सकी। पुलिस ने फील्ड यूनिट की मदद से साक्ष्य संकलन किया और इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी के अनुसार युवती के चेहरे पर चोट के निशान है। आशँका है कि युवती ट्रेन में सफर कर रही होगी और उसके साथ हादसा हो गया होगा। तो वहीं कुछ लोगों का कहना है कि युवती की हत्याकर शव को दुर्घटना का रूप देने के लिए फेंक कर भाग गए होंगें।फिलहाल कुछ भी हो पर रेलवे लाईन के किनारे युवती का रक्त रंजित शव मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं पुलिस द्वारा पूरे मामले की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है।

## जनपद के तीन शिक्षकों को नोएडा में किया जाएगा सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डॉक्टर सर्वेष्ट मिश्रा द्वारा स्थापित एडुलीडर्स ग्रुप विगत कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे समर्पित शिक्षकों को एडुलीडर्स सम्मान से सम्मानित करते आ रहे हैं। इस वर्ष यह सम्मान समारोह एडुलीडर्स यूपी ग्रुप एवं अंतर्राष्ट्रीय हेमा फाउंडेशन व आर आर ग्लोबल के संयुक्त तत्वावधान में 16 सितम्बर को नोएडा में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जनपद के तीन शिक्षकों को सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। इन तीनों में से शिव भूषण त्रिपाठी, सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय रेरुआ, रामनगर को एडुलीडर्स यूपी पुरस्कार के लिए और रामनारायण पांडेय, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय बगलई एवं अभिषेक सिंह सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय रैपुरा को कर्मयोगी सम्मान के लिए चुना गया है।

# दुनिया की सभी पुरानी सभ्यताओं का जन्म जल के समीप हुआ: पद्मश्री

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**




जल जीवन का आधार है। जल ही जीवन है, जल अनमोल है, जल विलक्षण है, यह विचार पद्मश्री जल योद्धा उमाशंकर पांडये ने जल कोष यात्रा के दौरान मऊ में आयोजित पानी की पाठशाला में कही। पद्मश्री ने कहा कि जल सर्वव्यापी है, जल असाधारण है, जल राष्ट्रीय संपदा है, जल परमेश्वर है, जल शिव है, जल अमृत है, धर्म के आधार पर केवल पानी ही पवित्र करता है। भारतीय संस्कृति पूजा प्रधान है। पूजा पवित्रता के लिए जल आवश्यक है। जल में आध्यात्मिक शक्तियां होती हैं। दुनिया की सभी पुरानी सभ्यताओं का जन्म जल के समीप अर्थात नदियों के किनारे हुआ है। दुनिया के जितने पुराने नगर हैं, वह सब नदियों के किनारे बसे हैं। दुनिया के हर चीज का तापमान पानी के तापमान के मानक से नापा जाता है। आज के युग का सर्वाधिक चर्चित शब्द जल है। जल राष्ट्रीय संपदा है।

पानी हमें प्रकृति द्वारा अनमोल निशुल्क उपहार के रूप में मिला है। जल को स्वच्छ बनाए रखना जल देवता की पूजा है। जन्म से लेकर मृत्यु तक पानी का हमारे जीवन में सबसे बडा स्थान है। पानी में ही सारे देवता रहते हैं इसलिए जब कोई धार्मिक अनुष्ठान होता है तब उसमें सबसे पहले कलश की पूजा होती है या कलश यात्रा निकलती है। हमारे पूर्वज माता पिता जब चारों धाम की यात्रा अथवा गंगा जमुना दर्शन के लिए गए हैं, कुछ लाए होने या न लाए हो लेकिन तीर्थ से जल जरूर लाते हैं। प्रकृति ने जो पानी हमें मुफ्त में दिया है, हमने उसे बाजार में बिक्री की चीज बना दिया। भारत में पानी सभ्यता थी, संस्कृति थी। उन्होंने कहा कि पानी आश्रय देता, तबाही भी करता है। पानी समाज को जोडता है, तोडता भी है। पानी को लेकर भविष्य में हम नहीं चेते तो विश्व युद्ध निश्चित है। अत्यधिक दोहन होने के कारण गुणवत्ता में कमी आई, भू जल संकट बढा। अत्यधिक दोहन के कारण जलस्तर नीचे चला जा रहा है। अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि आजादी के पहले कई लाख तालाब, कुए जिंदा थे। तालाबों, कुओं को कोई अनुदान सरकार से नहीं मिलता था। समाज साफ सफाई रखवाली समुदाय के आधार पर करता था। पानी बनाया नहीं जा सकता केवल बचाया जा सकता है। भारत में सामुदायिक स्तर पर जल संरक्षण की एक प्राचीन परंपरा रही है, जिसके अंतर्गत छोटे-बडे तालाब, जालाशय, बीहड, झील, कुएं बनाए जाते थे। समुदाय द्वारा इसकी देखरेख होती थी। गिरधारी ने कहा कि खेत का पानी खेत में रहे। इसके लिए मेड बनाई जाती थी। मेड के ऊपर पेड लगाए जाते थे। यही हमारी जल संरक्षण की प्राचीन परंपरा थी। जल बचेगा तब वृक्ष होंगे, वृक्ष होंगे तो वर्षा होगी। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी मऊ रामजी मिश्रा, समाजसेवी सुंदरलाल सुमन, खंड विकास अधिकारी रामनगर ओम प्रकाश यादव, पानी पाठशाला अटल भूजल योजना के नोडल अधिकारी प्रोग्राम लखनऊ साकेत श्रीवास्तव, बीडीओ पंचायत देवेंद्र सिंह, अटल भूजल योजना चित्रकूट नोडल अधिकारी सौरभ सरोज आदि मौजूद रहे।

# 34 से अधिक औद्योगिक क्षेत्रों के वार्षिक रखरखाव पर 43 करोड़ रुपए खर्च करेगा यूपीसीडा

- अटल औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत प्राधिकरण ने की नई पहल की शुरुआत
- सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, प्रदूषण निगरानी, पब्लिक अड्रेस सिस्टम, ट्रैफिक लाइट और कचरा प्रबंधन किया जाएगा सुनिश्चित
- सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश के 55 जिलों में 156 से अधिक औद्योगिक क्षेत्रों का प्रबंधन कर रहा यूपीसीडा




जन एक्सप्रेस । कानपुर

अपने औद्योगिक क्षेत्रों के रखरखाव और बुनियादी ढांचे के प्रबंधन में सुधार के लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने ÷अटल औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन÷ के तहत एक नई पहल की शुरुआत की है। यूपीसीडा ने राज्य भर के 34 से अधिक औद्योगिक क्षेत्रों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध प्रस्तावित किया है, जिसका अनुमानित वार्षिक खर्च 2024-2025 के लिए 43 करोड़ रुपए है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में यूपीसीडा, प्रदेश के 55 जिलों में 156 से अधिक औद्योगिक क्षेत्रों का प्रबंधन और देखरेख कर रहा है। हाल के वर्षों में, 34 औद्योगिक क्षेत्रों की जिम्मेदारी शहरी स्थानीय निकायों को सौंपी गई थी, लेकिन संसाधनों की कमी के चलते इन क्षेत्रों का रखरखाव पूरी तरह से नहीं हो सका। इस चुनौती से निपटने के लिए प्राधिकरण ने यह कदम उठाया है।

### 6 औद्योगिक क्षेत्रों में चल रहा जल निकासी बुनियादी ढांचे का उन्नयन

- **नैनी:** 9.7 करोड़ रुपए की लागत से 12.65 किमी जल निकासी उन्नयन।
- **अमौसी:** 6.26 करोड़ रुपए की लागत से 2.8 किमी जल निकासी उन्नयन।
- **मेरठ:** 8.44 करोड़ रुपए की लागत से 8.46 किमी जल निकासी उन्नयन।
- **रूमा:** 11.47 करोड़ रुपए की लागत से 18.25 किमी जल निकासी उन्नयन।
- **कवि नगर (गाज़ियाबाद):** 0.62 करोड़ की लागत से 0.46 किमी जल निकासी उन्नयन।
- **रामनगर 1 और 2 (चंदौली):** 12.11 करोड़ की लागत से 17.7 किमी जल निकासी उन्नयन।

### 43 अनुबंध को दिया अंतिम रूप

यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया की प्राधिकरण ने सिविल कार्यों के लिए 43 अनुबंध को अंतिम रूप दिया है, जिनसे यूपीसीडा 24×7 कार्य करते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करेगा। रखरखाव गतिविधियों में उन्नत साइनेज और सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, बेंच की स्थापना, प्रदूषण निगरानी और पब्लिक अड्रेस सिस्टम, ट्रैफिक लाइट, हरियाली रखरखाव और कचरा प्रबंधन शामिल है। इसके साथ ही 31,753 स्ट्रीट लाइट्स और 565 हाई मास्ट का रखरखाव भी किया जाएगा।

### औद्योगिक क्षेत्रों में लगाए क्यूआर कोड

नवीन तकनीक का प्रयोग करते हुए यूपीसीडा ने सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्यों के अनुरक्षण अनुबंधों से संबंधित शिकायतों और फीडबैक पर नज़र रखने के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में क्यूआर कोड लगाए हैं। ये क्यूआर कोड शिकायतों को दर्ज करने के लिए आवंटियों को सीधी पहुंच प्रदान करते हैं, जिससे त्वरित समाधान और बेहतर संतुष्टि सुनिश्चित होती हैं। क्यूआर कोड के माध्यम से दर्ज की गई शिकायतों को मुख्यालय स्तर पर ट्रैक किया जाता है, जिससे कुशल प्रबंधन और शिकायतों के सक्रिय समाधान की सुविधा मिलती है।

### 2024-25 में यूपीसीडा की प्राथमिकता

वित्त वर्ष 2024-25 में, यूपीसीडा 39.94 करोड़ रुपए के 45 व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध 58 औद्योगिक क्षेत्रों में लागू कर रहा है। इनमें नाली सफाई, जैसे आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। इन औद्योगिक क्षेत्रों में सामूहिक रूप से लगभग 920 किमी जल निकासी नेटवर्क और लगभग 450 किमी सड़कें हैं। इसके अतिरिक्त, छह प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जल निकासी बुनियादी ढांचे का उन्नयन चल रहा है, जिसमें लगभग 437 करोड़ रुपए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। अटल औद्योगिक अवसंरचना योजना के चरण 3 में जल निकासी उन्नयन और बाढ़ प्रबंधन के लिए 303 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जो यूपीसीडा की दीर्घकालिक स्थायित्व की दिशा में एक बड़ी पहल है।

### तकनीकी विकास पर जोर

यूपीसीडा ने जीआईएस आधारित ऑनलाइन निगरानी और बिलिंग प्रणाली विकसित करने के लिए एनआईसी (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र) के साथ साझेदारी की है। यूपीसीडा वन मैप पोर्टल के साथ एकीकृत यह प्रणाली अनुरक्षण कार्यों की रीयल टाइम ट्रैकिंग करने में सक्षम होगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही, यूपीसीडा ने आवंटियों की शिकायतों का तत्काल निस्तारण किए जाने के लिए यूपीसीडा मुख्यालय, कानपूर में एक नागरिक सुविधा केंद्र की स्थापना की गई है।

# डॉक्टर से साइबर ठगों ने की 80 लाख रुपए की ठगी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

यूपी से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां फर्जी सी.बी.आई. और एफ.बी.आई. का लेटर भेज कर एन.आर.आई. डॉक्टर से 80 लाख रुपये की साइबर ठगी की गई है। डॉक्टर को 5 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया। उनके पास कॉल आई और ठग ने खुद को आर.बी.आई. गवर्नर बताया और बोला तुम्हारे खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मुकदमा चल रहा है। मै तुमको सी.बी.आई. और एस.बी.आई. का लेटर भेजता हूं देख लेना। जल्दी से रुपये की व्यवस्था कर लेना नही तो सारी प्रॉपर्टीज सीज कर दूंगा। कई बार कॉल करके साइबर ठगों ने 80 लाख रुपये अकाउंट मे ट्रांसफर करा लिए। जब डॉक्टर को ठगी का एहसास हुआ तो उनके भतीजे ने एफ.आई.आर. दर्ज कराई।

वहीं इस मामले को लेकर काकादेव के गीता नगर मे रहने वाले संजय टंडन ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके साथ अमेरिका से लौटकर आए 85 साल के बुजुर्ग चाचा डॉक्टर रमेश चंद्र टंडन रहते हैं। वह अमेरिका मे डॉक्टर थे लेकिन कुछ समय से उनके पास ही है। रमेश चंद्र टंडन के मोबाइल पर 25 अगस्त को एक व्हाट्सएप कॉल आई थी। फोन करने वाले ने अपना नाम अजय बंसल बताया और कहा कि उनके खिलाफ इंटरनेशनल मनी लॉन्ड्रिंग का केस चल रहा है। इसकी जांच सी.बी.आई. कर रही है। इसके जांच अधिकारी राहुल यादव है। यह लेटर सी.बी.आई. ऑफिसर विराज कुमार की ओर से जारी किया गया था। इसके बाद जांच पत्र भी व्हाट्सएप पर भेज दिया। इससे डॉक्टर और उनका परिवार दहशत मे आ गया। डॉक्टर रमेश ने बताया कि 26 अगस्त से लेकर 3 सितंबर तक 5 फोन आए और डरा धमकाकर कई बार 80 लाख रुपये ठगों ने अपने अकाउंट मे ट्रांसफर करा लिए।



### आरबीआई गवर्नर शशिकांत दास के नाम से था फर्जी कॉल

भतीजे संजय ने बताया कि न्यूयॉर्क मे जमा धनराशि को एस.बी.आई. मे ट्रांसफर नही करने पर बुजुर्ग के नंबर पर कॉल आई। बात करने पर व्यक्ति ने खुद को आर.बी.आई. गवर्नर शशिकांत दास बताते हुए कहा कि आप मिस्टर यादव के दिए गए निर्देशों का पालन नही करेंगे तो आपके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। आपकी संपूर्ण चल अचल संपत्ति सी.बी.आई. जब्त कर लेगी। उन्होंने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार सिंह से मिलकर पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस कमिश्नर ने फोन साइबर सेल को मामले मे एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए।

### ठगों की जानकारी के कारण डॉक्टर आए दवाब में

वहीं इस पूरे मामले पर एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर ने बताया कि बुजुर्ग डॉक्टर अमेरिका मे रहकर प्रैक्टिस करते थे। अभी वह भारत मे अपने भतीजे संजय के साथ रहते हैं। ठगों को उनके खाते मे करोड़ों रुपये होने की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने फर्जी सी.बी.आई. और आर.बी.आई. का लेटर जारी कर दबाव मे लिया। पीड़ित डॉक्टर ने पूरे जीवन अमेरिका मे प्रैक्टिस की थी और वहां के खाते मे भी करोड़ों रुपये जमा हैं। कॉल करने वाले को यह सब जानकारी थी। इस वजह से डॉक्टर दबाव मे आ गए और 80 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। मामले मे एफ.आई.आर. दर्ज करके ठगों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# कानपुर में युवक पर हमले के आरोपी सगे भाई गिरफ्तार



- रजिशन चापड और चाकू से किया था वार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर पुलिस ने रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है लाठी डंडा और चापड़ से हमला कर अधमरा कर दिया था इसके बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे थे पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### पहले से घात लगाए आरोपियों ने किया हमला

बेरी कल्याणपुर में रहने वाले अरविंद जी ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले सचिन दागा उनके परिवार से रंजिश रखता है सचिन के खिलाफ पूर्व में भी कई मगध में दर्ज करवा चुके हैं मुकदमा वापस लेने को लेकर सचिन का परिवार लगातार दबाव बना रहा था 6 सितंबर को पुलिस की तैयारी कर रहा अमित एन एसआई मैदान के पास दौड़ लगा रहा था इस दौरान घात लगाए बैठे पड़ोसी सचिन उर्फ दागा , रवि ऋषभ अशोक सुबोध और प्रियंका ने लोहे की रोड से लाठी डंडा लेकर हमला बोल दिया।

### मरा समझ कर हुए फरार

अमित को जान से मारने की नीयत से इस कदर पीटा और चौपड़ से हमला किया की मरणासन्न हो गया आरोपी उसे मरा समझ कर भाग निकले क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर परिवार के लोग पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी इसके बाद पुलिस में इन सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास जान से मारने की धमकी गाली गलौज करने के साथ ही अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

### पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

एसीपी कल्याणपुर अभिषेक कुमार पांडे ने बताया कि रविवार को दो आरोपी ज्ञान सिंह के बेटे सुबोध और ऋषभ को गिरफ्तार कर लिया है इसके बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है अन्य की तलाश में पुलिस की टीम में डॉबीज दे रही है जल्द ही आरोपियों को भी गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

# अधिवक्ताओं की मांग अधिवक्ता पेंशन लागू करे सरकार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

झारखंड अधिवक्ता पेंशन देने वाला देश का पहला राज्य बना गया है। इसी क्रम में रविवार को अधिवक्ता संगठन की बैठक में अधिवक्ता पेंशन पर बोलते हुए पंडित रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन ने बताया कि सुबह राज्य विधिज्ञ परिषद झारखंड के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने फोनवार्ता पर बताया कि हमारा वर्षों का संघर्ष सफल हुआ। झारखंड सरकार ने अधिवक्ता पेंशन योजना को स्वीकृति दे इसी वर्ष से योजना को लागू भी कर दिया है। अब 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के अधिवक्ताओं को लाइसेंस सरेंडर करने पर रु 14 हजार प्रतिमाह पेंशन मिलेगी। साथ ही झारखंड सरकार नवागंतुक युवा अधिवक्ताओं को प्रथम 3 वर्ष तक रु 5 हजार प्रति माह भत्ता भी देगी और अधिवक्ताओं को इलाज के लिए रुपया 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा भी जारी कर दिया है योजनाओ के सुलभ क्रियान्वन हेतु करोड़ों की धनराशि भी आर्वंटित कर दी है। जिसपर कानपुर के अधिवक्ताओं की ओर से राजेंद्र कृष्ण चेयरमैन राज्य विधिज्ञ परिषद झारखंड को बधाई दी। इस प्रकार झारखंड अधिवक्ता पेंशन देने वाला देश का पहला राज्य बन गया है जिसके लिए हम झारखंड सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी योगी सरकार से मांग है कि वर्षों से चल रही पेंशन की मांग को स्वीकार करते हुए वरिष्ठ/बुजुर्ग अधिवक्ताओं को सम्मान से जीने के लिए प्रदेश में भी अधिवक्ता पेंशन योजना रु 15 हजार लागू करने के साथ अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा और नवागंतुक युवा अधिवक्ताओं को प्रथम 5 वर्ष तक रु 10 हजार प्रतिमाह भत्ता प्रदान करे । प्रमुख रूप से अधिवक्ता संजीव कनोजिया, अरविंद दीक्षित, प्रशांत शुक्ला, अतुल सिंह, आशीष गुप्ता संजीव कपूर विशाल कनोजिया, नीरज निषाद, उपेंद्र, रमाकांत मिश्रा, सुरेंद्र कुशवाहा, हिमाचल निषाद, रुखसार अहमद राकेश विवेक आदि उपस्थिति रहें।



# बीरामऊ ग्राम पंचायत में 24 लख रुपए की लागत से बनेगी बारात शाल, बिल्हौर विधायक ने किया शिलान्यास

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**शिवराजपुर।** बीरामऊ ग्राम पंचायत में गांव स्थित बेणेश्वर महादेव मंदिर में जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत क्रिटिकल गैप्स फंड के अंतर्गत 24 लाख रुपए के बजट से बारात शाला बनने के लिए बीते दिन रविवार को बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर द्वारा नारियल तोड़कर भूमि पूजन किया गया। इसी के सथ-साथ विधायक ने शिलान्यास भी किया है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गंगा बहाने का कार्य कर रही है। उन्होंने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद दिया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई ग्राम प्रधान विनोद तिवारी बंडू अग्निहोत्री गोविंद तिवारी रवि दुबे सहित बहुत से गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# गणपति बप्पा मोरया के जयकारे के साथ गणपति बप्पा की प्रतिमा की हुई स्थापना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

- जादूगर के करतब को देखकर श्रद्धालु भक्त हुए रोमांचित

**बिठूर।** बिठूर के मंधना कस्बे में मन्धना व्यापार मंडल श्री गणेश सेवा समिति के तत्वावधान में राहू माता के प्रांगण में 10वां गणेश महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। 10 दिनों तक चलने वाले गणेश महोत्सव की शुरुआत बीते दिन शनिवार की शाम गणेश प्रतिमा की स्थापना के साथ हुई। गणेश प्रतिमा की स्थापना वैदिक मित्रों आचार्य द्वारा कराई गई। गणपति बप्पा के मूर्ति स्थापना के बाद आरती, महाप्रसाद वितरित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देर रात बीच जादुगर द्वारा कई हैरतअंगेज करतब दिखाकर आये हुए श्रद्धालु भक्तों का मनोरंजन किया। समिति के पदाधिकारी ने बताया की प्रतिदिन शाम के वक्त गणपति बप्पा की आरती के उपरांत मनोरंजन भक्ति में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान हरिओम पाण्डेय, हरिओम दुबे, गोपाल त्रिपाठी, मीनू शुक्ला, लाला त्रिवेदी, पफ्फूल तिवारी, पिंस तिवारी, विनोद सविता, निमेश त्रिपाठी, आकाश त्रिपाठी, संजय मिश्रा, के सैकड़ो की तादात में गणेश भक्त मौजूद रहे।



# शौच के लिए गया व्यक्ति आम के पेड़ से लटका हुआ मिला

- मृतक व्यक्ति शराब का आदी होने के कारण अक्सर घर पर विवाद करता रहता था

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

परियर चौकी के अंतर्गत प्रभुताखेड़ा मजरा मोमिनपुर निवासी राजेश पुत्र शम्भू उम्र 55 वर्ष रविवार सुबह 6 बजे शौच करने को कहकर घर से निकला था गांव के पास में आम के पेड़ से रस्सी के सहारे फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। सुबह शौच को गए ग्रामीणों ने आम के पेड़ से लटका देख परिजन को घटना होने की सूचना दी। सूचना मिलने पर परियर चौकी इंचार्ज दिनेश सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी समेत एक लड़की व दो लड़के हैं। ग्रामीणों ने बतया कि मृतक व्यक्ति शराब का आदी होने के कारण अक्सर घर पर विवाद करता रहता था।

# पीएफसी फिल्म के बैनर तले बनने जा रही वेब सिरीज मूवी का शुभ मुहूर्त हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पीएफसी फिल्म के बैनर तले बनने जा रही वेब सीरीज वो रात और गैंग्स ऑफ़ चित्रकूट के निर्माण को लेकर पीएफसी फिल्म के कार्यालय अशोक नगर में शुभ मुहूर्त का आयोजन किया गया। डायरेक्टर प्रोड्यूसर प्रमोद गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर, गणेश जी की वंदना कर एवं नारियल फोड़ कर शुभ मुहूर्त की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि शहर में छिपी हुई प्रतिभा और नए कलाकारों को लेकर वह काफी उत्साहित रहते हैं इन कलाकारों को एक मंच प्रदान करने का और उनकी प्रतिभा को उनके अभिनय के द्वारा निखारने का काम कर रहे हैं। पूराने और कुछ नये कलाकारों को लेकर फिल्म की बनाई जा रही है। फिल्म की शूटिंग नवरात्रि से कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, इटावा, रायबरेली, चित्रकूट और आस-पास के जिलों में होगी।

### प्रमुख रूप से उपस्थित

पीएफसी फिल्म के डायरेक्टर प्रोड्यूसर प्रमोद गुप्ता, संजू पाल, भरत लाल, राम बाबू गुप्ता, एक्टर विनीत सिन्हा, जय अवस्थी, सुनील बाजपेई, प्रोडक्शन हेड नीरज, योगेंद्र श्रीवास्तव, विकास राय, शिव मोहन द्विवेदी, दीपक शर्मा, दीपक कुमार, वेद प्रकाश, अजय, इब्राहिम खान, म्यूजिक डायरेक्टर कमलेश, स्टील फोटोग्राफर करन, प्रताप सिंह, अंजलि तिवारी, श्रद्धा गुप्ता, नीतू राजपाल, पूर्णिमा त्रिपाठी, जयदीप चक, राजेंद्र कुमार, सिंगर अभय मिश्रा, आयुष कुमार, अजय कपूर, श्याम गुप्ता, आदि मौजूद रहें।




# एडीएम-एसडीएम ने डिफेंस कॉरिडोर के लिए देखी जमीन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर में घाटमपुर में साढ़ डिफेंस कॉरिडोर के विस्तार के लिए दौलतपुर, गोपालपुर व मोहीपुर के ग्रामीणों की जमीन अधिगृहीत करने का विरोध थम नहीं रहा है। इसको देखते हुए शनिवार को एडीएम (भू-अध्यापित) रिंकी जायसवाल नरवल के एसडीएम ऋषभ वर्मा के साथ अधिगृहीत की जाने वाली भूमि के अलावा बरईगढ़ नहर पुल के पास की जमीन देखी। इसके बाद गोपालपुर गांव जाकर अधिगृहीत जमीन से प्रभावित किसानों से मिलीं। इस दौरान कई बुजुर्ग किसानों ने हाथ जोड़कर उनकी उपजाऊ जमीन अधिगृहण न करने की विनती की। साथ ही कहा कि उनकी उपजाऊ जमीन अधिगृहीत होने से घर-परिवार की खुशियां छिन जाएंगी। वहीं, कुछ किसान मुआवजा बढ़ाकर मिलने पर अपनी जमीन देने के पक्ष में भी दिखे। मालूम हो कि डिफेंस कॉरिडोर के विस्तार के लिए दौलतपुर, गोपालपुर व गैरआबाद मोहीपुर के किसानों की जमीन अधिगृहीत किए जाने की अधिसूचना जारी हुई है। इसके बाद से तीनों गांवों के किसान अधिगृहण के विरोध में उतर आए हैं। हाल ही में पंचायत कर अपनी जमीन न देने का ऐलान कर चुके हैं। शुक्रवार को डीएम कानपुर नगर के यहां पहुंचकर भी अपनी समस्या बताई।

## शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा शिक्षक दिवस व शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।
इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा अध्यापकों के सम्मान में गीत तथा नाटक का मंचन किया गया । सभी छात्र छात्राओं ने अपने अध्यापकों के साथ मिलकर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित किया ।
शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अध्यापक व राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता सुनील आनंद को ट्रस्ट प्रमुख डॉ विजय शंकर मौर्य द्वारा प्रमाण पत्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संचालक व ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार द्वारा उपस्थित अध्यापक अध्यापिकाओं को सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के सदस्य गंगेश कुमार मिश्रा ने उपस्थित छात्राओं को गुरु शिष्य परंपरा के बारे में बताया तथा आधुनिक युग में इसकी आवश्यकता व महत्व को समझाया । वरिष्ठ अध्यापक रमेश कुमार जी तथा लक्ष्मी मौर्य जी ने कार्यक्रम की सफल संचालन में सहयोग दिया। कार्यक्रम का प्रबंधन नेहा वर्मा द्वारा किया गया।

# संवैधानिक रूप से भारत घोषित हो हिंदू राष्ट्र: जगतगुरु परमहंस आचार्य

* महंत सर्वेश्वर दास की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित हुई अंतर्राष्ट्रीय सनातन धर्म संसद

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**




तपस्वी छावनी के पूर्व महंत सर्वेश्वर दास जी की पुण्यतिथि के अवसर पर तपस्वी छावनी के वर्तमान पीठाधीश्वर जगतगुरु परमहंस आचार्य द्वारा भारत को संवैधानिक रूप से हिंदू राष्ट्र घोषित करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय सनातन धर्म संसद का आयोजन किया गया, इस अवसर पर संतों की गरिमामयी उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय धर्म अंतरराष्ट्रीय सनातन धर्म संसद में सात सुत्रीय प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें प्रमुख रूप से भारत को संवैधानिक रूप से हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए, गोवंश को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाए ,श्री रामचरितमानस और गीता को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किया जाए, राष्ट्र को बेरोजगार मुक्त किया जाए, ईसाई और मुसलमानों के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाए ,समान नागरिक संहिता लागू किया जाए तथा घुसपैठियों रोहिंग्या आतंकवादियों को देश से बाहर किया जाए, इस अवसर पर जगतगुरु परमहंस आचार्य जी महाराज ने सभी सात सूत्रीय मांग पर विस्तार पूर्वक अपने विचार रखते हुए कहा कि गाय हमारी माता है और विधर्मी उसको काटता है ऐसे विधर्मियों के विरुद्ध सरकार को कठोर कदम उठाने चाहिए, कार्यक्रम की अध्यक्षता जगतगुरु परिभाषा आचार्य द्वारा तथा संचालन हनुमानगढ़ी के संत राजू दास द्वारा की गई, निर्माणी अखाड़ा के महंत मुरली दास जी महाराज रामदास जी महाराज, महंत बाबा बलराम दास जी महाराज, सीताराम दास जी महाराज महंत राजेश पहलवान, बसंतिया पट्टी के महंत रामचरण दास जी महाराज ,सचिव रामदास जी महाराज दिनेशाचार्य जी महाराज, दिवाकराचार्य जी महाराज, सीताराम दास जी महाराज राकेश नाथ, वीरेंद्र प्रसाद पाठक ,धर्म सेना प्रमुख संतोष दुबे हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय, हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महंत राम लोचन शरण शास्त्री राजन बाबा आदि ने अपने विचार रखें, इस अवसर पर तपस्वी छावनी के पूर्व महंत सर्वेश्वर दास की महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर परअंतर्राष्ट्रीय सनातन धर्म संसद में प्रमुख रूप से नागा नंदराम दास, पहलवान मनी रामदास, नितिन दास, लवकुश दास सूर्यभान दास, उपेंद्र दास, जितेंद्र दास, बाल योगी विनोद दास, दिग्विजय पांडे, श्रीधर दास, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सीएम योगी की पहल पर बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ रहा कृषि विभाग

* युवाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण, खुलवाई जा रही एग्री जंक्शन शाप
* जनपद में 30 बेरोजगारो को दिया गया प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए योगी सरकार ने अनेक पहल किए हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप कृषि विभाग ने पढ़े-लिखे बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सुनहरा अवसर प्रदान किया है। युवा अब एग्री जंक्शन शॉप खोलकर कमाई का जरिया खुद से बना सकते हैं। इस काम में फायदा होने के साथ योगी सरकार की तरफ से मदद भी मिलती है। अयोध्या जनपद में 30 बेरोजगार युवाओं को एग्री जंक्शन योजना के तहत अपनी दुकान खोलने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### 18 वर्ष से 40 वर्ष के युवा कर सकते हैं आवेदन

कृषि विभाग द्वारा जगह-जगह एग्री जंक्शन शॉप खोला जा रहा है। एग्री जंक्शन शॉप में खाद और बीज के साथ कीटनाशक दवा और उर्वरक की बिक्री कर सकते हैं, लेकिन बिक्री के लिए पहले लाइसेंस लेना होगा, तभी एग्री जंक्शन शॉप खोलने का पात्र बनते हैं। इसके लिए कृषि विभाग से मदद भी मुहैया कराई जाती है। एग्री जंक्शन के नाम से ब्लाकों में दुकान खोलने और 18 से 40 वर्ष तक कृषि या रसायन विज्ञान के बेरोजगारों को स्वरोजगार देने का निर्णय लिया है। ऐसे युवा, जो स्नातक के बाद एग्रीकल्चर या बीएससी रसायन की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं, उन्हें यह मौका दिया जा रहा है।

### इन कागजातों की पड़ेगी जरूरत

युवाओं को आवेदन करने के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र में स्नातक या फिर एग्री जंक्शन केंद्र के प्रमाण के लिए एग्रीकल्चर विषय से पढ़ाई का प्रमाण पत्र देना होता है, साथ ही फोटो और मोबाइल नंबर भी विभागीय कार्यालय लाकर जमा करना होगा। इसके बाद सत्यापन कर पात्र अभ्यर्थी को इसका लाभ दिया जाएगा।

### विभागीय स्तर पर भी मिलेगी मदद

जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा बताते हैं कि कृषि विभाग की यह योजना बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए है। ऐसे युवा, जो एग्रीकल्चर की पढ़ाई पूरी कर घर में बेरोजगार बैठे हैं, उन्हें एग्री जंक्शन शॉप खोलने का सुनहरा मौका दिया जा रहा है। इस दुकान के जरिए रोजगार के अवसर मिलेंगे और विभाग की तरफ से भी समय-समय पर मदद भी दी जाएगी। किसानों को सही दवा, कीटनाशक, खाद व बीज भी उपलब्ध हो सकेगा। उन्हें कहीं पर भी भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कृषि विभाग की ओर से 30 युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

## वरिष्ठ पत्रकार पीयूष सिंह राजन बने इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस के स्टेट सलाहकार

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** जिले के प्रतिष्ठित और वरिष्ठ पत्रकार पीयूष कुमार सिंह राजन, जो एमबी न्यूज़ यूपी के संपादक को इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस का स्टेट सलाहकार नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति न केवल उनके व्यक्तिगत करियर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि अयोध्या जिले के पत्रकारिता जगत के लिए भी गर्व की बात है। पीयूष कुमार सिंह राजन की इस महत्वपूर्ण भूमिका में नियुक्ति के बाद, अयोध्या सहित पूरे जनपद के पत्रकारों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके सहयोगियों और शुभचिंतकों ने इसे एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा है, जो न केवल उनकी पेशेवर प्रतिबद्धता और योग्यता को दर्शाती है, बल्कि अयोध्या के पत्रकारिता समुदाय के लिए एक प्रेरणा का स्रोत भी है। इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस, जो प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कर्मियों का एक प्रतिष्ठित संगठन है, अपने सदस्यों के अधिकारों और कल्याण के लिए लगातार कार्यरत है। इस संगठन द्वारा पीयूष कुमार सिंह %राजन% का चयन पत्रकारों के हितों की रक्षा और उन्हें मजबूती प्रदान करने के दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## पीड़ित पिता ने बेटी के पति व ससुराली जनों पर हत्या किए जाने का लगाया आरोप, एसपी से की शिकायत



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

बीते दिनों एक महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर शव लटकता हुआ पाया गया था। जिसको लेकर मृतिका के परिजनों ने एसपी ऑफिस पहुंचकर पति व ससुराली जनों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत कर पूरे घटना में जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। आपको बता दे कि आज दिनांक 7 सितंबर 2024 दिन शनिवार को समय करीब 11:00 बजे रायबरेली जनपद के लालगंज थानाक्षेत्र के मेरुई गांव के रहने वाले राम बहादुर पुत्र सूरज दिन ने अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि लालगंज थाना क्षेत्र के ही पूरे गणेश बक्स मजरे उभाभाद के रहने वाले उनकी बेटी के पति ने वी ससुरारी जनों ने बेटी को मारकर फांसी के फंदे से लटका दिया और आत्महत्या करार दे दिया। जिसको लेकर परिजनों ने हत्या किए जाने के मामले का शिकायती पत्र लालगंज थाने में भी दिया था। लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं थाने से कार्यवाही न होने पर पीड़ितों ने एसपी ऑफिस पहुंचकर पति व ससुराली जनों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

## मुरारी मंदिर के महंत बने सक्षम दास अयोध्या के प्रमुख संतो के नेतृत्व में हुआ ताजपोशी




**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

महंत बनने के बाद संतों धर्माचार्यों ने दिया आशीर्वादमहंत सक्षम दास ने बताया की मै खुद को बहुत सौभाग्य साली समझता हूं क्यूंकि मेरे गुरुदेव ने मुझे इस काबिल समझा और मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी महंत सक्षम दास ने बताया की पहले की भाति संत सेवा और गौ सेवा प्रमुख रहेगा, महाराज जी के पदचिन्हों पर चलूंगा , महाराज जी के मार्गदर्शन में बहुत कुछ सीखने को मिला, इस भव्य कार्यक्रम में मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास, जगद्गुरु राम दिनेश आचार्यजी, राम बलवा कुंज के अधिकारी राजकुमार दास, संकट मोचन सेन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास जी, बलराम दास, महंत सच्चिदानंद दास, महंत अवध राम, महंत छविराम दास, विराट दास आदि लोग कार्यक्रम में पहुंचकर उपस्थिति दर्ज कराई।

## अपर जिला जज/सचिव ने प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में दीवानी न्यायालय, रायबरेली में 14 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु नगर पालिका रायबरेली के सहयोग से उपलब्ध प्रचार वाहन को अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ए0डी0आर0 सेन्टर छजलापुर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, जो कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आमजनमानस के मध्य लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करेगा। उक्त अवसर पर प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी अपर सिविल जज हर्षिता सिंह, परितोष प्रकाश व पराविधिक स्वयं सेवक मनोज कुमार प्रजापति, राजकमल, पवन कुमार श्रीवास्तव, नियाज अहमद व नागेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस पर डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनपद की सभी तहसीलों में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ लोगों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर उनके सामने कुल 110 शिकायतें आए जिनमें से सात का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी के सामने सर्वाधिक राजस्व विभाग से संबंधित मामले आये। जिसका निस्तारण करने के लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी के सामने पेयजल, सुरक्षा, विद्युत, चिकित्सा, पेंशन, सड़क, जल निकासी, पशु विभाग और शिक्षा विभाग से संबंधित शिकायतें आयीं। जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की जनता की समस्याओं का समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। जमीनी विवाद के मामले को निस्तारित करते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। अगर किसी मामले में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त जांच आदि की आवश्यकता हो तो टीम बनाकर मामले की जांच की जाए। बेवजह लोगों को परेशान ना किया जाए। जनता की समस्याओं का निस्तारण सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पिछले तहसील दिवस में आई हुई शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता जानने के लिए उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया। अधिकारियों ने संबंधित शिकायतकर्ताओं को फोन करके उनकी समस्याओं के निस्तारण के संबंध में हुई कार्यवाही की जानकारी ली। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वीरेंद्र के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### रेप पीड़िता के परिवार ने कहा रात के अंधेरे में क्यों आए हैं ?

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** नाबालिग बालिका से गैर संप्रदाय के युवक द्वारा दुष्कर्म के मामले मे पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे सपा सांसद अवधेश प्रसाद से पीड़ित परिवार ने मिलने से इनकार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार पार्टी कार्यकर्ताओं के बड़े दबाव के बाद सांसद अवधेश प्रसाद देर रात पीड़िता के घर राय पट्टी गांव पहुंचे थे। पीड़ित परिवार ने कहा रात की अंधेरे में क्यों मिलने आए। अब तक हमारी चिन्ता नहीं थी। सांसद अवधेश प्रसाद के पहुंचने पर भीड़ हुई इकट्ठा हो गई। भीड़ ने सांसद का जबरदस्त विरोध किया। 10 मिनट के अंदर ही सांसद अवधेश प्रसाद को लौटना पड़ा। घटना के चौथे दिन अवधेश प्रसाद पीड़िता के घर थाना खंडासा के रायपट्टी गांव पहुंचे थे। इस मामले मे मुख्य आरोपी शहबान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हो चुका है जबकि दूसरा आरोपी मानू अभी फरार है।

### बछरावां बीईओ वरुण कुमार मिश्रा को भ्रष्टाचार में लिप्त व मनमानी के चलते बीएसए ने किया निलंबित




**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** में लगातार मनमानी कार्यशैली के लिए चर्चित हो चुके खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ मिली शिकायत व किए गए धरने के बाद बेसिक विभाग की यह बड़ी कार्यवाही की गई है। भ्रष्टाचार में लिफ्त व मनमानी तथा शिक्षकों के उत्पीड़न को लेकर बछरावां खंड शिक्षा अधिकारी को अपर शिक्षा निदेशक बेसिक के आदेश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है और विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। मामला रायबरेली जनपद के महाराजगंज तहसील के अंतर्गत आने वाले बछरावांका हैं। यहां खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने कार्यों में लापरवाही और मनमानी तथा आईजीआरएस में फर्जी रिपोर्ट और शिक्षकों के उत्पीड़न की शिकायत पर निलंबित किया गया है। अपर शिक्षा निदेशक बेसिक के आदेश पर बीएसए द्वारा निलंबित किया गया है। जानकारी अनुसार बता दें कि करीब 15 दिनों पहले मिली शिकायत पर खंड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। लेकिन किसी तरह का कोई जवाब न देने पर निलंबन की कार्यवाही की गई है और विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। इस खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कई बार शिकायती पत्र दिया गया था। कासगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या से रायबरेली के वकीलों में दिखा आक्रोश

### पूर्व सांसद ने मेजर बजाज 2.0 टाटा मोटर्स शोरूम का किया उद्घाटन

**अयोध्या।** सहादतगंज बाईपास अयोध्या के निकट मेजर बजाज की दूसरी शाखा मेजर बजाज 2.0 शोरूम भव्य उद्घाटन कांग्रेस के पूर्व सांसद निर्मल खत्री व पूर्व विधायक मिल्कीपुर गोरखनाथ बाबा के कर कमलों द्वारा किया गया है इस अवसर पर संस्थान के संचालक अकबर अली मेजर एवं फैसल खान मौजूद रहे ।प्रतिष्ठा के मालिक मेजर ने बताया की प्रतिष्ठा में बजाज कंपनी के दो पहिया वाहन के साथ-साथ बजाज के इलेक्ट्रिक स्कूटर जो की बजाज चेतक के नाम से आती है केवल मेजर बजाज की दोनों शाखा पर उचित दाम पर उपलब्ध है इसके अलावा हमारे प्रतिष्ठान का वर्कशॉप उत्तर प्रदेश का पहला नेक्स्ट जेनरेशन वर्कशॉप है जिसमें कुशल टेक्नीशियन द्वारा गाड़ियों की सर्विस की जाती है इस अवसर पर विपिन सिंह धनंजय सिंह अनुपम शुक्ला आमिर विवेक अशरफ खान रशीद खान रईस खान सलीम के अलावा कंपनी के अधिकारी रवि रंजन सुरेंद्र के साथ-साथ पार्षद मनीष सिंह के अलावा लगभग सैकड़ो की उपस्थिति रही।

### दीवानी कचहरी से लेकर डीएम कार्यालय तक दिखी अधिवक्ताओं की भीड़

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** कासगंज में महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की निर्मम हत्या के मामले में अधिवक्ताओं का प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को रायबरेली में सैकड़ो वकीलों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर प्रदर्शन किया। यह धरना यूपी बार एसोसिएशन के निर्देश में हुआ। सैकड़ों वकीलों ने दीवानी न्यायालय से लेकर कलेक्ट्रेट परिसर तक पैदल मार्च निकाला और कानून व्यवस्था के खिलाफ जमकर नारेबाजी की पैदल मार्च करते हुए अधिवक्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा है। प्रदर्शन करने वाले अधिवक्ताओं की मांग है कि मोहिनी तोमर के परिवार को सुरक्षा दी जाए। इसके साथ ही परिवार को मुआवजा उपलब्ध कराया जाने के साथ ही आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर उन्हें फांसी की सजा दी जाए।

### पुलिस लिखी बुलेट में मारी टक्कर, बुलेट सवार गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल कराया गया भर्ती

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** तेज रफ्तार कार ने नंबर प्लेट पर पुलिस लिखी बुलेट को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें बुलेट सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा है। आपको बता दे कि आज दिनांक 7 सितंबर 2024 दिन शनिवार को समय करीब 1:00 बजे रायबरेली जनपद के भदोखर थाना क्षेत्र के रायपुर महेरी के पास तेज रफ्तार कार ने एक बुलेट सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें नंबर प्लेट पर पुलिस लिखी बुलेट क्षतिग्रस्त हो गई। वही कर का आगे का हिस्सा छतिग्रस्त हो गया घटना से ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। घायल बुलेट सवार को एंबुलेंस के माध्यम से रायबरेली के जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। यहां भारती का उसका इलाज किया जा रहा है। घटना की जानकारी पर पहुंची थाने की पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

### वृद्धाश्रम में जिलाधिकारी ने वितरित किए नि:शुल्क चशमें

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली** आईटीआई परिसर में स्थित वृद्ध आश्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने 32 वृद्धजनों को निःशुल्क चशमा वितरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आवासित वृद्ध जनों से बातचीत की और उनका कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने कहा कि आप लोगों को यदि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल जिला समाज कल्याण अधिकारी को अवगत कराये। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी को निर्देशित किया कि वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों की चिकित्सा, सुरक्षा, पेयजल, मनोरंजन और पौष्टिक आहार की गुणवत्ता का ख्याल रखा जाए। समय-समय पर वृद्ध जनों का चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया जाए। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# कंगना पर कार्यवाही के लिए राष्ट्रीय किसान मंच ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



भारतीय जनता पार्टी की हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद कंगना राणावत के बयान पर आजकल देश के किसानों में गहरा आक्रोश व्याप्त है, देश के विभिन्न किसान संगठन कंगना राणावत के इस बयान की घोर निंदा करते हुए लगातार मुखर हैं इसी क्रम में राष्ट्रीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं0 शेखर दीक्षित ने भी कंगना राणावत को लीगल नोटिस भेजा है साथ ही श्री दीक्षित ने अपने संगठन के किसानों से आवाहन किया कि कंगना के इस फर्जी बयान का प्रतिकार होना चाहिए, उनके इस आवाहन के बाद राष्ट्रीय किसान मंच के विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्षों ने अपने-अपने जिलों में कलेक्ट्रेट जाकर कंगना राणावत पर कार्यवाही को लेकर ज्ञापन सौंपे, इसी क्रम में राष्ट्रीय किसान मंच के रायबरेली जिला अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने भी कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और कंगना रनौत पर कार्यवाही की मांग की!
विदित हो कि बीजेपी सांसद कंगना ने बीते दिनों एक साक्षात्कार में किसान आन्दोलन पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि किसान आंदोलन के दौरान उपद्रवी, हिंसा, दुष्कर्म व हत्या हुई वहां किसान आंदोलन के नाम पर क्या हुआ सबने देखा कैसे प्रोटेस्ट के नाम पर हिंसा फैलाई गई, वहां पर रेप हो रहे थे, मारकर लाशों को लटकाया जा रहा था तब किसान बिल को वापस ले लिया गया तो उपद्रवी चौंक गए क्योंकि उनकी प्लानिंग बहुत लंबी थी। उन पर समय रहते कंट्रोल कर लिया गया था वरना वह कुछ भी कर सकते थे, इसके अलावा उन्होंने आंदोलन करने वाले किसानों को विदेशी ताकतों का नुमाइंदा भी बताया था।

### संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज फिर विवादों के घेरे में

# उपचार के दौरान दलित बच्चे की मौत के बाद विरोध-प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




जिले के मुंशीगंज में स्थित संजय गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान दो साल के दलित बच्चे की मौत के बाद परिजन सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने अस्पताल के द्वार पर शव रख कर विरोध प्रदर्शन किया।मृत बच्चे के परिजनों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में गलत इंजेक्शन लगाए जाने से उसकी मौत हुई है। प्रशासन ने मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया है।वहीं अमेठी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने घटना की जांच के आदेश दिये हैं।बताते चलें कि पिछले वर्ष सितंबर माह में उपचार में कथित लापरवाही के कारण एक बाइस वर्षीय महिला की मौत के बाद संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस को निलंबित कर दिया गया था।पिछले वर्ष ही अक्टूबर के पहले सप्ताह में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अमेठी के संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस को निलंबित करने के उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर रोक लगा दी थी। जिसके बाद अस्पताल का संचालन फिर से चलने लगा।
सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के मड़ौली निवासी फूल चंद के पुत्र मयांश उम्र लगभग दो वर्ष को जुकाम बुखार के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मयांश के दादा राजकुमार ने बताया किबच्चे को गलत इंजेक्शन लगा दिया गया।जिसके दो मिनट के अंदर ही बच्चे की मौत हो गयी।उधर अस्पताल के बाल रोग चिकित्सक डॉ अमित गौड़ ने बताया कि बच्चे को एंटीफंगल इंजेक्शन लग रहा था। जिसमें ओवर डोज से भी कुछ नहीं होता है।इसमें मां ने बच्चे को दूध पिलाया जो सांस की नली में चला गया।जिससे बच्चा सांस नहीं ले पाया।और उसकी मौत हो गयी।वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि उक्त मामले में जांच के आदेश दिए गये हैं।उन्होंने कहा कि एसीएमओ डॉ राम प्रसाद और डॉ पी के उपाध्याय की दो सदस्यीय टीम को जांच की जिम्मेदारी दी गई है।सीएमओ ने भरोसा दिया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।अस्पताल के मुख्य कार्यकारीअधिकारी अवधेश शर्मा ने बताया कि अस्पताल पर लगाये जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार है।उन्होंने कहा कि अस्पताल के बाल रोग चिकित्सक बच्चे का इलाज कर रहे थे। अभी तक अस्पताल गेट पर शव रखकर परिजन धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं।विरोध को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अस्पताल के पास पुलिस की टीमें तैनात कर दी है।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 28°C |
| कानपुर | 34°C | 27°C |
| देहरादून | 31°C | 24°C |
| नई दिल्ली | 33°C | 27°C |

# 11 से 13 सितंबर तक सेमीकॉन इंडिया 2024 की मेजबानी करेगी योगी सरकार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



योगी सरकार उत्तर प्रदेश को सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और इसी क्रम में उत्तर प्रदेश 11 से 13 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 की मेजबानी करने जा रहा है। भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने में मदद करने के लिए सेमी और मेसे मुएनचेन इंडिया, इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ऑफ इंडिया-ईएलसीआईएनए के साथ इस कार्यक्रम के लिए साझेदारी कर रहे हैं। 11 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वृहद कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में एक उभरता हुआ प्लेयर है। अनुमान है कि इस क्षेत्र का चिप बाजार 2026 तक 55 बिलियन डॉलर से अधिक हो जाएगा। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार भी इस क्षेत्र में संभावनाओं को देखते हुए सेमीकंडक्टर उद्योगों को आमंत्रित कर रहा है। सेमिकॉन इंडिया 2024 के शेड्यूल के अनुसार, 11 से 13 सितंबर तक तीनों दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिसमें दुनिया भर के सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चर अपने स्टॉल्स लगाएंगे। पहले दिन 11 बजे प्रधानमंत्री मोदी सेमीकॉन इंडिया का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, वर्कशॉप्स का आयोजन होगा। भारत में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम पर एक प्रस्तुतिकरण भी किया जाएगा। दूसरे दिन क्रॉस रीजनल पार्टनरशिप, फ्लेक्सिबल हाईब्रिड इलेक्ट्रॉनिक्स, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, माइटी इंडस्ट्री एकेडमिया वर्कशॉप्स और सस्टेनेबिलिटी सेशन आयोजित होंगे। वहीं अंतिम दिन 13 सितंबर को माइक्रोन द्वारा पैकेज मैन्युफैक्चरिंग बूटकैंप, आईईएसए द्वारा सेमीकंडक्टर की अब तक की जर्नी पर प्रस्तुतिकरण होगा। आईएसए द्वारा सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन का इंट्रोडक्शन भी कराया जाएगा।

### स्किल डेवलपमेंट और रोजगार के सृजित होंगे अवसर

सेमीकॉन इंडिया प्रदर्शनी और सम्मेलन, इलेक्ट्रॉनिका इंडिया और प्रोडक्ट्रोनिका इंडिया के साथ आयोजित किया जाएगा, जो दक्षिण-पूर्व एशिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग मेले हैं। अन्य सभी सेमीकॉन एक्सपोजिशन की तरह, सेमीकॉन इंडिया भी व्यापक प्रदर्शनियों, सूचनाप्रद कार्यक्रमों और अद्वितीय नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करेगा। इसमें विभिन्न देशी और विदेशी कंपनियों का आगमन होगा, जो यहां लोकल लीडर्स और सरकारी अधिकारियों से मुलाकात करेंगे और भारत के बढ़ते सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को देखेंगे, ताकि उन्हें अपने बिजनेस के विस्तार के नए अवसर मिल सकें।

### प्रदेश में सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा दिया जाए

देश में तकनीकी विकास को आगे बढ़ाने और घरेलू मांग को पूरा करने के लिए भारत सेमीकंडक्टर मिशन (इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक पहल) ने एएमडी, अप्लाइड मटेरियल्स और माइक्रोन टेक्नोलॉजी जैसी बड़ी कंपनियों को अपने चिप क्षेत्र में निवेश करने के लिए आकर्षित किया है। योगी सरकार की भी मंशा है कि प्रदेश में सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा दिया जाए ताकि प्रदेश को कई अन्य सेक्टर की तरह सेमीकंडक्टर उद्योगों का भी हब बनाया जा सके। ऐसा होने से उत्तर प्रदेश के युवाओं के स्किल डेलपमेंट के साथ ही रोजगार के भी अवसर सृजित हो सकेंगे।

# सरोजनीनगर हादसे में घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे सीएम योगी

- गोरखपुर दौरे से लौटे सीएम योगी एयरपोर्ट से सीधे पहुंचे लोकबंधु अस्पताल
- सीएम योगी ने एक-एक मरीज के पास जाकर पूछा हालचाल, बोले- घबराने की जरूरत नहीं
- सीएम ने घायलों के परिजनों से भी की मुलाकात, बंधाया ढांढस



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरोजनीनगर हादसे में घायलों का हालचाल जानने रविवार को लोकबंधु श्री राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे। इस दौरान अस्पताल में भर्ती एक-एक मरीज से मिले और स्वास्थ्य की जानकारी ली। सीएम ने अस्पताल प्रशासन को सभी घायलों के समुचित इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने मरीजों के परिजनों से भी बातचीत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर दौरे के बाद रविवार को एयरपोर्ट पर उतरते ही सीधे सरोजनीनगर हादसे में घायलों का हालचाल लेने लोकबंधु अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न वार्ड में भर्ती 10 मरीजों के पास जाकर एक-एक का हाल जाना। इस दौरान उन्होंने मरीजों से हादसे की भी जानकारी भी हासिल की। वहीं अस्पताल प्रशासन को मरीजों के इलाज के समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिये। सभी घायलों का अच्छे से इलाज करने के साथ ध्यान रखा जाए। इसके बाद सीएम योगी ने अस्पताल के हाल में मौजूद मरीजों के परिजनों से भी मुलाकात की। सीएम योगी ने तीमारदारों से कहा कि उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस संकट की घड़ी में राज्य सरकार साथ है। हर किसी की हरसंभव मदद की जाएगी। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक राजेश्वर सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, मंडलायुक्त रौशन जैकब, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

### संवेदनशीलता के साथ पीड़ितों और प रिजनों संग खड़ी है सरकार: सीएम योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि बिल्डिंग गिरने के दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में घायल हुए लोगों से आज लखनऊ स्थित लोकबंधु श्री राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना और चिकित्सकों से उनके उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लिखा कि कुशल चिकित्सकों के नेतृत्व में सभी का समुचित उपचार शीर्ष प्राथमिकता पर किया जा रहा है। इस कठिन समय में उत्तर प्रदेश सरकार पीड़ितों और उनके परिजनों के साथ पूरी तत्परता तथा संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सहकारिता मंत्री ने मुख्यमंत्री को सौंपा 2.59 करोड़ का लाभांश चेक

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सहकारिता विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने मुख्यमंत्री को राज्य भंडारण निगम के वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के लाभांश के रूप में 2,59,08,960 रुपए का चेक सौंपा। श्री राठौर ने बताया कि निगम ने लगातार लाभ अर्जित किया है, जिसमें 2021-22 में 57.49 करोड़ रुपए और 2022-23 में 53.42 करोड़ रुपए का लाभ शामिल है निगम ने पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। निगम के गोदामों में डिपो ऑनलाइन सिस्टम सॉफ्टवेयर लागू किया जा रहा है और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, टेंडर प्रक्रिया को ई-टेंडरिंग और जेम गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से किया जा रहा है। वस्तुओं की खरीदारी भी जेम के माध्यम से की जा रही है।किसानों को खाद्यान्न सुरक्षित रखने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है और कीटनाशक सेवा योजना के तहत न्यूनतम शुल्क पर सुरक्षित भंडारण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों को खाद्यान्न भंडारण शुल्क में 30 प्रतिशत और सहकारी संस्थाओं को 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। निगम के भंडारगृहों को वेस्टर्न डिपार्टमेंटल रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी के तहत पंजीकृत किया गया, जिससे किसानों को भंडारित खाद्यान्न पर ई-एनडब्ल्यूआर यानि इलेक्ट्रॉनिक नेगोशिएबल वेयरहाउस रिसीप्ट प्राप्त हो सकेगा, जो उन्हें ऋण प्राप्त करने में मदद करेगा।

### मनरेगा की निगरानी के लिए एरिया ऑफिसर मोबाइल एप्लीकेशन का किया जा रहा उपयोग

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में मनरेगा योजना के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए एरिया ऑफिसर ऐप का उपयोग किया जा रहा है।एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से अधिकारी द्वारा जांच,भ्रमण के समय मनरेगा के कार्यों की गुणवत्ता तथा उपयोगिता की कार्यस्थल की फोटो ससमय अपलोड की जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा अंतर्गत कई योजनाएं संचालित हो रही हैं। मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की निगरानी के लिए सरकार द्वाराएरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से निरीक्षण का कार्य कराया जा रहा है।इस वर्ष प्रदेश में निर्धारित लक्ष्य से भी ज्यादा निरीक्षण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गयी है। प्रदेश में अब तक निर्धारित लक्ष्य 74,610 को पार करते हुए 83,586 निरीक्षण किये गये हैं। ग्राम्य विकास विभाग की बहुआयामी योजना मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों के सघन अनुश्रवण एवं पारदर्शिता को लेकर निरीक्षण के कार्य पर विशेष फोकस किया गया है। एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा जांच भ्रमण के समय मनरेगा के कार्यों की कार्यस्थल की फोटो भी अपलोड की जाती है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 99,504 निरीक्षण किये गये थे। वर्ष 2023-24 मे 1.50 लाख से ज्यादा निरीक्षण किये गये थे। आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत हो रहे सभी कार्यों की नियमानुसार सजगता के साथ निगरानी व निरीक्षण करते रहे ताकि कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके और योजना के उद्देश्यों की पूर्ति भी हो सके।

# तेलुगु एसोसिएशन लखनऊ के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी कार्यक्रम का अयोजन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



तेलुगू एसोसिएशन लखनऊ ने गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन सेक्टर 18 स्थित मेजर भूपेंद्र मेहरा पार्क लखनऊ में गणेश जी की पूजा अर्चना किया। पूजा में मुख्य अतिथि डॉक्टर रविन्द्र आईपीएस और उनकी धर्म पत्नी एन. इंद्राणी जोकि वाइस प्रेसिडेंट तेलुगु एसोसिएशन लखनऊ ने भाग लिया। इस बार तेलुगु एसोसिएशन लखनऊ ने गणेश उत्सव को 3 दिन मना रहे हैं। पहले दिन सात सितंबर को मूर्ति स्थापना पूजन भजन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। दूसरा दिन गणेश जी का पूजा अर्चना भजन कीर्तन और कलश का लड्डू का ऑक्शन के साथ संपन्न हुआ जिसमे कलश का बोली डॉक्टर उमेश सिंह ने और लड्डू का बोली एन इंद्राणी ने जीता। ऑक्शन के बाद भंडारा का आयोजन हुआ। इस आयोजन को तेलुगु एसोसिएशन के कार्यकारी समिति के मेंबर्स प्रेसिडेंट डी. एन रेड्डी, वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती एन इंद्राणी, श्रीमती हिमा बिंदु नायक, जनरल सेक्रेटरी के.वी.एस.एन राव, जॉइंट सेक्रेटरी के. अदेप्पा, विजयलक्ष्मी, ट्रेजरर सिद्धार्थ सिंगल रेड्डी, मीडिया कोऑर्डिनेटर के बिंबाधर, मेंबर सुचिता पलेटी, रंगा राव, वी.रामादेवी, एक्स ऑफिशियो एम सुधाकर रेड्डी ने सपन किया।

## नाबालिक से दुष्कर्म के बाद मारा-पीटा, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

- मारने की नीयत से ईट से किये कई वार, लड़की बुरी तरह घायल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के बीकेटी थाना क्षेत्र अंतर्गत घर से निकली नाबालिक लड़की मोमोज खाने गईं थीं तभी आयुष नामक युवक, एक अज्ञात युवक ने नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ करते हुए दोनों लड़कों ने दुष्कर्म किया और बेरहमी से मारा-पीटा। बता दें कि रविवार को दो युवकों ने एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म कर ठिकाने लगाने की नियत से नाबालिक के मुंह पीठ व शरीर पर ईट से दोनों युवकों ने कई वार किये। जिसमें लड़की बुरी तरह घायल हो गई। इसकी सूचना जब परिजनों को हुई तो बीकेटी थाने पर लिखित शिकायत की। वहीं बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि प्राप्त शिकायत के अनुसार थाने पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया हैं बीकेटी पुलिस आरोपी की तलाश सरगर्मी से कर रही हैं जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

## इंडोक्राइन सर्जरी विभाग ने मनाया 35वां स्थापना दिवस



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

पीजीआई के इंडोक्राइन सर्जरी विभाग का शनिवार को संस्थान के टेलीमेडिसन सभागार में 35वां स्थापना दिवस मनाया गयाद्य विभाग प्रमुख डॉ. गौरव अग्रवाल को लगातार तीसरे साल विश्व के शीर्ष दो फीसदी सर्वाधिक उद्धत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। डॉ. ज्ञानचंद ने बताया कि स्थापना दिवस पर अकादमिक सर्जिकल प्रैक्टिस पर ऑनलाइन संगोष्ठी में सर्जरी की नई तकनीकी और बारीकियों के साथ विभाग की उपलब्धियां बताई गईं। संस्थान के निदेशक प्रो.आरके धीमान ने वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने नैदानिक, शैक्षणिक कार्यों के उच्च मानकों को बनाए रखने और चिकित्सा नैतिकता के उच्चतम मानकों का पालन करने के विभाग के सदस्यों की प्रतिबद्धता की सराहना की। अनुसंधान के मोर्चे पर भी विभाग ने कई अनुदानों, प्रकाशनों, प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुतियों के साथ अच्छा प्रदर्शन किया है। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर वीके कपूर ने शिक्षण अस्पतालों में अच्छे डॉक्टरों को आकर्षित करने और बनाए रखने पर व्याख्यान दिया। उन्होंने संकाय के उचित चयन और उन्हें प्रशिक्षण, शिक्षण और अनुसंधान के लिए अच्छी कामकाजी परिस्थितियां प्रदान करने पर जोर दिया। श्री चित्रा इंस्टीट्यूट के प्रो. संजय बिहारी ने %सर्जिकल प्रेजेंटेशन बियॉन्ड द नॉर्मल% पर अपना व्याख्यान दिया। पुडुचेरी के जेआईपीएमईआर के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के प्रो. बीजू पोट्टाक्कट ने सर्जरी के दौरान सुरक्षा के बारे में बात की। प्रक्रियाओं से पहले विभिन्न जांच सूचियों पर जोर दिया। डीन प्रो.शालीन कुमार ने पिछले एक वर्ष के प्रदर्शन की समीक्षा रिपोर्ट पेश की। एंडोक्राइन सर्जरी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर गौरव अग्रवाल विभाग की गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, स्वागत भाषण डॉ.अंजलि मिश्रा ने दिया। डॉ. सबरेत्नाम संगोष्ठी वक्ताओं का परिचय दिया। संगोष्ठी को एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो.आरके धीमान, डीन प्रो.शालीन कुमार, जयपुर के एमजीयूएमएसटी प्रति कुलपति प्रो. वीके कपूर, त्रिवेंद्रम के एससीटीआईएमएसटी निदेशक प्रो. संजय बिहारी, पुडुचेरी के जेआईपीएमईआर के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के प्रो. बीजू पोट्टाक्कट ने संबोधित कियाद्य

# अल्पसंख्यक समुदाय में पैठ बनायेगी बीजेपी



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- लखनऊ से रवाना हुआ सदस्यता अभियान रथ
- सेवा और समर्पण भाजपा का मूल मंत्र-धर्मपाल

बीजेपी का फोकस अल्पसंख्यक समुदाय के बीच अपनी बेहतर उपस्थिति बनाने पर है। पीएम नरेंद्र मोदी की सदस्यता ग्रहण के बाद भाजपा सदस्यता अभियान का देशव्यापी आगाज कर दिया। अब इस अभियान का आगाज विभिन्न राज्यों में हो गया है। प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज सदस्यता अभियान रथ झंडी दिखाकर लखनऊ से रवाना किया। भाजपाअल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुँवर बासित अली के मुताबिक सदस्यता रथ प्रदेश भर में सभी क्षेत्र में हर एक जिले-जिले जाकर भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यों को लोगों को बताने एवं आम जनमानस को भाजपा से जोड़ने का काम करेगा। अभियान में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे का अहम रोल है, रथ के जरिए वीडियो चला कर अल्पसंख्यक समाज के 5 लाख सदस्य बनाने का काम करेंगे। सपा, बसपा और कॉग्रेस भाजपा से मुसलमानों को डराने का काम करती है उस डर को दूर करने का हम काम करेंगे। धर्मपाल सिंह ने कहा कि सेवा और समर्पण भाजपा का मूल मंत्र है। हम राजनीति समाज और देश को मज़बूत बनाने के लिए करते है हमारे कार्यालय भाजपा की विचार परंपरा समन्वय व संगठन निर्माण की शिक्षा देने के केंद्र है संवाद सद्भावना सेवाभाव समन्वय और सकारात्मकता के साथ सदस्यता अभियान को आगे बढ़ा कर भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने में सबसे बड़ी हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश की हो। इस अभियान के प्रदेश प्रमुख एवं प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, अभिषेक कौशिक ,मोर्चा सदस्यता प्रमुख जहीर अब्बास जैदी, मोर्चा सदस्यता सह प्रमुख कमरुद्दीन जुगनू, नईम , असरार अहमद, गयासुद्दीन कुरैशी , आरिफ अहमद उपस्थित रहे।

# धार्मिक स्थलों की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्वता को बनाए रखने के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है: मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने आगरा में ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए योगी सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि योगी सरकार धार्मिक स्थलों की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्वता को बनाए रखने के साथ-साथ उनके पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर परियोजनाओं पर काम कर रही है। जनपद आगरा के रावतपाड़ा स्थित प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर के विकास के लिए कुल 3.62 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की गई है। इस परियोजना को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 2.57 करोड़ रुपए की राशि से मंदिर के कॉरिडोर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसमें मंदिर परिसर के चारों ओर कोबल स्टोन पथ, नालियों का निर्माण, मुख्य द्वार के बाहर रेलिंग और फर्श निर्माण, सजावटी लाइट्स, और चित्रकारी का कार्य शामिल है। इसके अलावा, द्वितीय चरण में 1.05 करोड़ रुपए की राशि से नाली मरम्मत, सजावटी लाइट्स की स्थापना, लाल पत्थर से मुख्य द्वार और अन्य स्थानों का सौंदर्यीकरण और तिकोनिया मंदिर के लिए मार्बल फर्श का निर्माण किया जाएगा। दूसरी महत्वपूर्ण परियोजना शाहगंज स्थित श्री फूलेश्वर महादेव मंदिर के विकास की है। इस मंदिर के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 1.24 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस योजना के अंतर्गत दो नए प्रवेश द्वार, पुजारीकक्ष, टॉयलेट ब्लॉक, यात्रीशेड और म्यूरल वॉल का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, बाहरी विद्युतीकरण, बेंचेज़ और साइनेज जैसी सुविधाओं को भी जोड़ा जाएगा। पहले किस्त के रूप में 50 लाख रुपए जारी किए गए हैं। इन योजनाओं के माध्यम से न केवल आगरा के इन ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित किया जाएगा, बल्कि स्थानीय और बाहरी पर्यटकों के लिए इन स्थलों को अधिक आकर्षक और सुविधाजनक बनाया जाएगा।

# गोमती बैराज में मिला मासूम नशरा का शव

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी लखनऊ के वजीरगंज के मल्लाही टोला में बुधवार दोपहर नाले में गिरी मासूम नशरा का शव रविवार शाम को गोमती बैराज के पास मिला है। दो दिन तक बच्ची का पता नहीं चलने पर शनिवार को एसडीआरएफ ने सर्च आपरेशन बंद कर दिया था। शनिवार को परिजनों के कहने पर नगर निगम ने फिर से घटनास्थल से लेकर आगे तक जगह-जगह नालों में कर्मचारी उतार कर नशरा की तलाश कराई पर मायूसी हाथ लगी। रविवार को गोमती बैराज पर उसका शव बरामद हुआ है। बता दें कि मल्लाही टोला निवासी इरफान मजदूरी करते हैं। बुधवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जोरदार बारिश हो रही थी। उनकी सात साल की बेटी नशरा, बड़ी बेटी नाजिया और सबसे छोटा बेटा अयान बारिश में नहाते हुए खेल रहे थे।

### ट्रक ने तीन छात्राओं को मारी टक्कर, एक की मौत

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। एक बेकाबू ट्रक ने शनिवार सुबह साइकिल से स्कूल जा रही तीन छात्राओं को टक्कर मार दिया। एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो छात्राओं को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने ट्रक में तोड़फोड़ की। भड़के लोगों ने छात्रा का शव रखकर रायबरेली-प्रतापगढ़ हाईवे जाम कर दिया। इसमें छात्राएं भी शामिल रहीं। पुलिस ने आरोपी चालक को पकड़ लिया है। सलोन कोतवाली क्षेत्र के कालू जलालपुर ग्राम पंचायत के पूरे नारायण गांव की रहने वाली कंचन (17) पुत्री रतिपाल, शैलजा (16) पुत्री रामशंकर कक्षा आठ और कक्षा 10 में पढ़ने वाली आरती (16) पुत्री स्व. रघुनाथ अलग-अलग साइकिलों से करहिया बाजार स्थित कान्हा शिक्षा निकेतन विद्यालय जा रही थी।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# अहिंसक विश्व समाज कैसे बने

**आर्थिक कारणों से होने वाली हिंसा भी दो तरह की है। एक तो अभाव जनित है। अभाव दूर करके जिसका निराकरण किया जा सकता है। दूसरी है लालच जनित। जिसके बारे में गांधीजी ने कहा था कि प्रकृति के पास सबकी जरूरतें पूरा करने के लिए पर्याप्त है किन्तु किसी के लालच की पूर्ति के लिए कुछ भी नहीं। यानी लालच प्रकृति की शक्ति पर अनचाहा भार है और समाज में अन्याय का कारण भी। गांधीजी का आत्मनिर्भर समाज का सिद्धांत इस दृष्टि से उपयोगी हो सकता है, यदि इसे वैश्विक स्तर पर भी लागू किया जा सके।**

*मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। विकसित बुद्धि, भाषा विकास, सीधे खड़े होने की सामर्थ्य और उँगलियों की विशिष्ट बनावट के चलते ही मनुष्य अन्य पशु समुदाय से अधिक विकसित हो सका है। अन्यथा बहुत-सी पशु वृत्तियां मनुष्य में भी विद्यमान हैं। हर मनुष्य और मनुष्य-समाज सुख-शांति से रहना चाहता है। तमाम भौतिक सुख-सुविधाएं पैदा करने के बावजूद पशु वृतियों के चलते हिंसक और लालची व्यवहार से मनुष्य एक-दूसरे को कष्ट पहुंचा कर दुखी करता आया है। इसी कारण स्वयं भी दुखी होता आया है। शायद इसी पशु वृत्ति जनित दुःख निवारण के लिए धर्मों का अविष्कार मनुष्य समाज ने किया होगा। जिसमें कुछ आत्म नियमन द्वारा पशु वृतियों के दमन की अपेक्षा करके समाज को सुखी बनाने की चेष्टा की गई है। किन्तु पशु वृतियां धर्मों पर भी हावी हो गईं। धीरे-धीरे यह विचार आने लगे कि मेरा ही धर्म श्रेष्ठ है इसलिए दूसरे के धर्म को निकृष्ट बता कर उसे समाप्त या नियंत्रित करने के प्रयास शुरू हो गए। इससे एक नए प्रकार की भयानक हिंसा का जन्म हो गया। चले थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास- कहावत को चरितार्थ करते हुए सुख और शांति की दिशा में बढ़ने के नाम पर बड़ी हिंसा का शिकार हो गए। कबीलाई समाज के समय जब मनुष्य समाज उतना विकसित नहीं था तब हिंसा छोटे स्तर पर छोटी-छोटी बातों पर होती थी। खाना तलाशने, शिकार के इलाके पर आधिपत्य को लेकर एक कबीला दूसरे से टकरा जाता था। जैसे-जैसे मनुष्य विकसित होता गया, वैसे-वैसे उसकी आवश्यकताएँ बढ़ती गईं। फिर टकराव के मौके भी बढ़ते गए। टकराव के शस्त्रास्त्र भी बढ़ते गए। यानी सुख शांति से जीने के हालात कम होते चले गए। पहले लाठी-डंडों से झगड़े निपट जाते थे, फिर भाले तीर, तलवारों की नौबत आ गई और अब महा विनाशक अणुबमों के खतरे में जीने को अभिशप्त हैं। दर्द बढ़ता ही गया, ज्यों-ज्यों दवा की- यह कहावत चरितार्थ होने लगी। अनेक धर्मों, पंथों ने साधना और धार्मिक नियमन से व्यक्तिगत तौर पर अहिंसक व्यवहार में पारंगत महामानवों को पैदा किया किन्तु सामूहिक स्तर पर अहिंसा का प्रयोग बहुत नगण्य रहा, जिसमें शायद महात्मा गांधी एक अपवाद हैं, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतन्त्रता आन्दोलन में अहिंसा को एक उपकरण की तरह उपयोग करने का साहस किया। बड़े पैमाने पर सफलता भी हासिल की किन्तु उसमें भी बहुत से लोग इस उपकरण को मान्यता देने में संकोच करते हैं और इस बहस में फंसे रहते हैं कि आज़ादी अहिंसक आन्दोलन से मिली या क्रांतिकारी आन्दोलन और नेताजी सुभाष बोस के सैनिक प्रयास से। यहाँ मकसद यह तय करना नहीं है कि किसके प्रयास से आज़ादी मिली, सबके ही प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं किन्तु मूल प्रश्न है कि अहिंसा के उपकरण को व्यक्तिगत स्तर से आगे बढ़ कर सामूहिक स्तर तक उपयोगी कैसे बनाया जाए ताकि अंतरराष्ट्रीय मामलों को सुलझाने के लिए युद्धों के अलावा अहिंसक उपाय किए जा सकें और सुख शांति पूर्ण जीवन संभव हो सके। इस दिशा में यह भी देखा जाना चाहिए कि देशों में युद्धों के मुख्य कारण क्या रहे हैं। इतिहास के अध्ययन से हमें ज्ञात होता है कि बहुत से संघर्ष आर्थिक प्रभुत्व के लिए हुए हैं या फिर अपनी धार्मिक विचारधाराओं के जबरदस्ती प्रचार की भूख के कारण हुए हैं। कोई यह बोले कि मेरे रास्ते से स्वर्ग या जन्नत मिलना तय है, तो भाई आप स्वर्ग या जन्नत के मजे लूट लो दूसरे को क्यों परेशान करते हो कि आप भी मेरे रास्ते चलो। जिस धर्म का उद्भव या विकास मानव समाज को सुखी करने के लिए हुआ था उसी के कारण दुनिया में कितना हिंसक वातावरण बना है और सब तरफ दुःख ही फैलने का कारण बन गया है। इस तरह के हालात में अहिंसक शक्ति को कैसे सर्वोपरि बनाया जा सकता है।*

## एक्सप्रेस आलेख

'गरीब की थाली में पुलाव आ गया है, लगता है शहर में चुनाव आ गया है' भारत की राजनीति से जुड़ी विसंगतियों एवं विडम्बनाओं पर ये दो पंक्तियां सटीक टिप्पणी हैं। चुनाव आते ही वोटरों को लुभाने के लिए जिस तरह राजनीतिक दल और उनके नेता वायदों की बरसात करते हैं, यह शासन-व्यवस्थाओं को गहन अंधेरों में धकेल देता है। मुफ्त की संस्कृति को कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकी जाती रही है। भारत जैसे विकासशील देश के लिये यह मुक्त संस्कृति एक अभिशाप बनती जा रही है। सच भी है कि मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग आज भी इस स्थिति में है कि कथित तौर पर मुफ्त या सस्ती चीजें उसके वोट के फैसले को प्रभावित करती हैं।

# मुफ्त की संस्कृति से पंजाब-हिमाचल की बढ़ी आर्थिक मुश्किलें



ललित गर्ग

**मुफ्त 'रेवड़ी' व कल्याणकारी योजनाओं में संतुलन कायम करना आवश्यक है, परंतु वोट खिसकने के डर से राजनीतिक दल इस बारे में मौन धारण किये रहते हैं, बल्कि न चाहते हुए भी इसे प्रोत्साहन भी देते हैं। फ्रीबीज' या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने एवं राजनीतिक धरातल मजबूत करने का हथियार हैं।**

दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सम्मुख वित्तीय संकट के धुंधलके छाने लगे हैं। सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस की सरकारों के सामने चुनाव के दौरान वोटरों को लुभाने के लिए की गयी फ्रीबीज या रेवड़ी कल्चर की घोषणा आर्थिक संकट का बड़ा कारण बन रही है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने एवं लोक-लुभावन घोषणाओं के कितने भारी नुकसान होते हैं, इस बात को दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सामने खड़ी हुई वित्तीय परेशानियों से समझा जा सकता है। इन सरकारों के लगातार बढ़ते राजस्व घाटा व बड़ी होती देनदारियां राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं। विकास योजनाओं को तो छोड़े, इन राज्यों में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किलें आ रही हैं। इन जटिल होती स्थितियों को लेकर 'रेवड़ी कल्चर' पर न्यायालय से लेकर बुद्धिजीवियों एवं राजनीति क्षेत्रों में व्यापक चर्चा है। पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट में राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर को उजागर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुक्त की संस्कृति पर तीखे प्रहार करते हुए इसे देश के लिए नुकसानदायक परंपरा बता चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जता चुके हैं। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं है। कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे पंजाब राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। यदि अब भी सत्ताधीश वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं करते एवं मुक्त की सुविधाएं देने से बाज नहीं आते तो निश्चित ही राज्य को बड़ी मुश्किल की ओर धकेलने जैसी बात होगी। जिसका उदाहरण सामने है कि बीते माह का वेतन निर्धारित समय पर नहीं दिया जा सका है। इसके बावजूद सत्ता पर काबिज नेता मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने का क्रम जारी रखे हुए हैं तो उसकी कीमत न केवल टैक्स देने वालों को चुकानी पड़ रही है बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य का खर्चा जहां 13 प्रतिशत



**कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे पंजाब राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है।**

की गति से बढ़ रहा है, वहीं राजस्व प्राप्तियां 10.76 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। जाहिर है, ये अंतर राज्य की आर्थिक बदहाली, आर्थिक असंतुलन एवं आर्थिक अनुशासनहीनता की तस्वीर ही उकेरता है। दिल्ली से लेकर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकारें हों या हिमाचल प्रदेश से लेकर अन्य राज्यों में कांग्रेस की सरकारें तमाम तरह की मुफ्त की रेवड़ियां बांट कर भले ही वोट बैंक को अपने पक्ष में करने का स्वार्थी खेल खेला जा रहा हो, लेकिन इससे वित्तीय बजट लडखड़ाने ने इन राज्यों के लिये गंभीर चुनौती बन रहा हैं। दरअसल, जिस भी नागरिक सुविधा को मुफ्त किया जाता है, उस विभाग का तो भट्ठा बैठ जाता है। फिर उसका आर्थिक संतुलन कभी नहीं संभल पाता। कैग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में एक निर्धारित यूनिट तक मुफ्त बिजली बांटे जाने से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। ये और ऐसी ही अन्य मुफ्त सुविधाओं की भरमार के कारण सरकारों के सामने अपने कर्मियों को समय पर वेतन देने के लिये वित्तीय संकट है, जबकि वेतन पर आश्रित कर्मियों को राशन-पानी, बच्चों की स्कूल की फीस व लोन की ईएमआई आदि समय पर चुकाने में दिक्कत हो रही है। इन जटिल होते हालातों को देखते हुए अपेक्षा है कि राजनेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये सब्सिडी की राजनीति एवं मुफ्त की संस्कृति से परहेज करें और वित्तीय अनुशासन से राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करें। जब भी ऐसी लोक-लुभावन घोषणाएं की जाती हैं तो उन दलों को अपने घोषणापत्र में यह बात स्पष्ट करनी चाहिए कि वे जो लोकलुभावनी योजना लाने जा रहे हैं, उसके वित्तीय स्रोत क्या होंगे? कैसे व कहां से यह धन जुटाया जाएगा? साथ ही जनता को भी सोचना चाहिए कि मुफ्त के लालच में दिया गया वोट कालांतर उनके हितों पर भारी पड़ेगा। जनता को गुमराह करते हुए, उन्हें ठगते हुए देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है-अक्सर करों अथवा उपकरों के रूप में। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के समय मुफ्त रेवड़ियां देने के मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि कई राज्यों ने अपनी वित्तीय स्थिति की अनदेखी करते हुए मुफ्त की सुविधाएं देने का वादा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। पंजाब में महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा हुई, जबकि वहां की महिलाएं समृद्ध है। दिल्ली में उन महिलाओं को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल 15 करोड़ रुपये तक का नुकसान होगा।

## एक्सप्रेस कविता

*बीत जाती है सदियां बदल जाते हैं युग पर नहीं विस्मृत हो रहा प्रभु रूप अनोखा तुम्हारा। झर जाती पंखुरियाँ उड़ उड़ जाती सुगंध रूप ,सौंदर्य जिसका हमें घमंड मिट जाते हैं सदैव काल के संग। युग अनेक बीत गए लगते तुमने नित नए नए, फूलों से ताजा ताजा कलियों से खिले खिले।ओस के कणों से बिखरे हर घड़ी मन आंखों में उभरते नए रूप तुम्हारे जीवन नैया चलती इसी सहारे। यादों में डूबता रहता जैसी नदियां सागर में शब्द भरे हो जैसे गागर में नयन प्यासे राधा के आगर में। नाम लेता तेरा जो भी प्रिय होता मुझे वही, पर बता सका न कोई प्रभु तुम्हारा पता सही-सही मन को तृप्त न कर सका कोई। प्रभु एक बार दर्शन दो, धन्य भाग हो जाए हमारे।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*इंसान की नियत अगर साफ़ नहीं तो कितना भी बड़ा बनने की कोशिश करे छोटा ही रहेगा जीवन में अगर शरीर से स्वस्थ हो तो आपकी आधि परेशानीय यू ही समाप्त हो जाएगी*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | षष्ठी 21:49 तक |
| नक्षत्र: | विशाखा 17:54 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | सोमवार |
| योग: | वैधृति, 24:19 |
| सूर्योदय: | 06:04 |
| सूर्यास्त: | 18:25 |
| चंद्रमा: | तुला राशि में |
| राहुकाल: | 07:36-09:09 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्त: | 11:50-12:39 |

# जन एक्सप्रेस

### कब तक होगी रोकथाम

*धांधली और गड़बड़ी ।*
*पकड़ रही रफ़्तार ।।*
*बच्चों के भविष्य पर ।*
*दिन पर दिन प्रहार ।।*
*कब तक होगी रोकथाम ?*
*ना लगाती लगाम ।।*
*लगाता इसके अंदर ।*
*बड़े बड़े नाम ।।*
*हैं बच्चे अवसाद में ।*
*नहीं निकलता हल ।।*
*हो रहा खिलवाड़ उससे ।*
*जो उनका है कल ।।*
*है ऐसे दोराहे पर ।*
*समझ नहीं कुछ आता ।।*
*जो व्यवधान डाल रहे ।*
*क्या कुछ उनका जाता ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पुरुषों की तुलना में महिलाओं को ज्यादा होती हैं त्वचा से जुड़ी समस्याएं



### त्वचा को हेल्दी रखने के तरीके

- आपको त्वचा को उपर से अच्छा रखने के बजाय अंदर से हेल्दी रखना चाहिए।
- इसके लिए आपको अपनी डाइट में फलों और हरी सब्जियों को शामिल करना चाहिए।
- इसके लिए आपको नियमित तौर पर एक्सरसाइज करने के साथ मेडिटेशन भी करनी चाहिए।
- इसके लिए आपको त्वचा पर ज्यादा स्किनकेयर प्रोडक्ट्स लगाने से बचना चाहिए।

**आजकल** के खराब खानपान और दूषित जीवनशैली के चलते लोगों में त्वचा से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ी हैं। आपने देखा होगा कि महिलाओं की तुलना में पुरुषों को त्वचा से जुड़ी समस्याएं आमतौर पर कम होती है। महिलाओं में अक्सर एक्ने, ब्लैकहेड्स और डार्क स्पॉट्स की समस्या रहती है। इसके पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। आसान शब्दों में समझें तो किसी मेकअप और खास स्किन केयर नहीं होने के बाद भी पुरुषों की त्वचा ज्यादा ग्लोइंग और हेल्दी रहती है।

**हार्मोन में बदलाव:** डॉ. जीनल के मुताबिक पुरुषों की त्वचा महिलाओं की तुलना में ज्यादा अच्छी होने के पीछे हार्मोन में बदलाव होना बड़ी वजह मानी जाती है। महिलाओं की शरीर में अक्सर हार्मोन्स में बदलाव होते रहते हैं, जिससे उन्हें तरह-तरह की स्किन प्रॉबलम्स का सामना करना पड़ता है। शरीर में प्रोजेस्टॉन बढ़ने से भी कई बार त्वचा ऑयल होने के साथ एक्ने हो सकता है। इससे महिलाओं में पिंपल्स, स्पॉट्स, हाइपरपिग्मेंटेशन और कई बार पीएच लेवल में भी असंतुलन देखा जा सकता है।

**पीरियड्स:** पीरियड्स होने से पहले महिलाओं में प्रोजेस्टेरॉन और एस्ट्रोजन का स्तर कम हो जाता है। इससे कई बार त्वचा पर सीबम का उत्पादन बढ़ जाता है, जिससे त्वचा में सूजन आ सकती है। साथ ही कई बार एक्ने भी हो सकता है। पीरियड्स में अक्सर महिलाओं को कमजोरी आ जाती है, जिस कारण उनकी त्वचा भी डल नजर आने लगती है। हालांकि, कुछ दिनों बाद यह समस्या अपने आप ठीक भी हो जाती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# गणेश उत्सव सामाजिक समरसता का प्रतीक



नरेंद्र तिवारी एडवोकेट

**देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में लालबागचा राजा, अंधेरीचाराजा, गणेश गली मुंबईचा राजा, खेतवाड़ी चा राजा, जीएसबी सेवा मंडल और गिरिगांव चा राजा गणेश पांडाल लोकप्रिय है। महाराष्ट्र से सटा एमपी भी अब गणेश पांडालों से सुसज्जित होने लगा है।**

**यहां विशाल गणेश पांडालों में झांकियां सजाई जाती है। देश के अन्य राज्यों में भी गणेश उत्सव परंपरागत उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। घरों, संस्थाओं, गली मोहल्लों में गणेश जी प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है। प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। बच्चो से जुड़ी प्रतियोगिताएं, खेलकूद, नाच, गाना, बजाना, सभी गली मोहल्लों, कालोनियों के लोगो को आपस में जोड़ देते है।**

**भारत** देश अपनी सांस्कृतिक विशेषता के कारण दुनियां में एक अलग पहिचान रखता है। यही सांस्कृतिक विशेषता हमारे देश को श्रेष्ठता प्रदान करती हैं, इस विशेषता के दर्शन तीज त्यौहार, उत्सव, परंपराओं में होते है। इसी तरह की सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता भारत में नवदुर्गा उत्सव के बाद किसी सांस्कृतिक पर्व में नजर आती है तो वह है, दस दिवसीय गणेश उत्सव, इस उत्सव ने सम्पूर्ण देश को एकता के मोती में गूथ दिया। यह उत्सव किसी विशेष जाति, वर्ग का नहीं होकर राष्ट्रीय उत्सव नजर आता है। गणेश उत्सव ने देश की राष्ट्रीय चेतना जगाने और सामाजिक समरसता स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। महाराष्ट्र राज्य से शुरू हुआ यह उत्सव समय के साथ सम्पूर्ण भारत में मनाया जाना लगा। इस उत्सव की खास बात यह है की यह समाज के सभी वर्गों में समान उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया जाता है। जातिपाती और आर्थिक मतभिन्नता के परे इस उत्सव में गजब की सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता के दर्शन होते है। गणेशोत्सव की शुरुआत महाराष्ट्र के पुणे से हुई थी। गणेश चतुर्थी का इतिहास मराठा साम्राज्य के सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़ा है। ऐसी मान्यता है की भारत में मुगल शासन के दौरान अपनी सनातन संस्कृति को बचाने हेतु छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी माता जीजाबाई के साथ मिलकर गणेश चतुर्थी यानी गणेश उत्सव की शुरुआत की थी। यह उत्सव हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास की चतुर्थी से चतुर्दशी (चार तारीख चौदह तारीख तक) दस दिवस तक चलता है। गणेश जी निराकार दिव्यता हैं जो भक्त के उपकार हेतु एक अलौकिक आकार में स्थापित हैं। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार वह भगवान शिव और देवी पार्वती के पुत्र है। गण का अर्थ है समूह। यह पूरी सृष्टि परमाणुओं और अलग-अलग ऊर्जाओं का समूह है। यदि कोई सर्वोच्च नियम इस पूरी सृष्टि के भिन्न-भिन्न संस्थाओं के समूह पर शासन नहीं कर रहा होता तो इसमें बहुत उथल-पुथल हो जाती। इन सभी परमाणुओं और ऊर्जाओं के समूह के स्वामी हैं गणेशजी। वे ही वह सर्वोच्च चेतना है, जो सर्वव्यापी है, और इस सृष्टि में एक व्यवस्था स्थापित करती है। आदि शंकराचार्य ने गणेश जी के सर का बहुत सुन्दरता से गणेश स्त्रोत में विवरण प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार हालांकि, गणेश जी की पूजा हाथी के सिर वाले भगवान के रूप में होती है, लेकिन यह आकार या स्वरूप वास्तव में उस निराकार परब्रह्म रूप को प्रकट करता है। वे ' अजं निर्विकल्प निराकारमेकम' है। अर्थात गणेश जी अजं (अजन्मे) हैं, निर्विकल्प ( बिना किसी गुण के) हैं, निराकार (बिना किसी आकार के) हैं और वे उस चेतना के प्रतीक हैं, जो सर्वव्यापी है। गणेश जी वही ऊर्जा है जो इस सृष्टि का कारण है। यह वही ऊर्जा हैं जिसमे सबकुछ प्रकट होता है और जिसमे सबकुछ विलीन हो जाता है। भगवान गणेश जी के जन्म की कहानी हम सभी उस कथा को जानते हैं, कि कैसे गणेश जी हाथी के सिर वाले भगवान बने। गणेश जी भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। पुरातनकाल से हिंदू समाज कोई भी शुभ कार्य निर्विघ्न संपन्न करने के लिए उसका आरंभ गणपति की पूजा से होता है। गणेश जी सुख-समृद्धि, वैभव एवं आनंद के अधिष्ठाता हैं। समाज में सभी शुभ कार्यों का प्रारंभ उनके दिव्य स्वरूप का स्मरण करके किया जाता है। व्यापारी अपने बहिखातों पर 'श्री गणेशाय नमः' लिखकर ही नए वर्ष का प्रारंभ करता है। विवाह के मांगलिक अवसर पर भी गणेश पूजा की जाती है। श्री गणेश जी की अराधना से जुड़े इस उत्सव का राष्ट्रीय महत्व भी है। पेशवाओं ने गणेश उत्सव को बढ़ावा दिया। कहते है पुणे में कस्बा गणपति नाम से प्रसिद्ध गणपति की स्थापना शिवाजी महाराज की मां जीजाबाई ने की थी। परंतु लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव को राष्ट्रीय स्वरूप दिया। इससे पूर्व गणेश पूजा परिवार तक ही सीमित थी। पूजा को सार्वजनिक महोत्सव का रूप देते समय उसे केवल धार्मिक कर्मकांड तक ही सीमित नहीं रखा। बल्कि आजादी की लड़ाई, तात्कालीन समाज में व्याप्त छुआछूत दूर करने और जाति, वर्ग,अमीर, गरीब के भेद से ऊपर उठकर समाज को एक रुपता प्रदान करने के लिए इससे बढ़कर उसे अंग्रेजो के खिलाफ एक आंदोलन का स्वरूप दिया। बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में गणेशउत्सव का जो सार्वजनिक पौधारोपण किया वह समय के साथ बढ़ता चला गया। अंग्रेजो के विरुद्ध आजादी की लड़ाई में गणेश उत्सव से निर्मित सामाजिक और राष्ट्रीय एकता हथियार के रूप में सामने आने लगी। तिलक ने गणेश उत्सव को सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता का रूप दिया। उसके बाद महाराष्ट्र से यह उत्सव सम्पूर्ण भारत और दुनियां में मनाया जाने लगा। इस दस दिवसीय उत्सव का उल्लास पुणे और मुंबई में बड़े रूप में देखने को मिलता है।

# पुरखों की विरासत को संभालना हमारी जिम्मेदारी आमिर रजा पम्मी

- दोनो जहां के मालिकों मुख्तार आप है
- बज्म फरोग-ए-अदब ने आयोजित किया नातिया तरही मुशायरा

जन एक्सप्रेस । सुनहरा





लखीमपुर खीरी।बज्म फरोग-ए-अदब की जानिब से मदरसा सुल्ताने हिंद में तरही नातिया मुशायरे का आयोजन हुआ, जिसमें बज्म द्वारा दिए गए - % दोनो जहां के मालिकों मुख्तार आप है% मिसरे पर शायरों ने अपने कलाम पेश किए।नशिस्त की सदारत उस्ताद शायर इक़बाल अकरम वारसी ने किया और निजामत कारी अख्तर रज़ा बरकाती ने की।इस मौके पर शेयरों को सम्मानित भी किया गया।मदरसा सुल्ताने हिंद शेखसराएं में मुनक्कीत मुशायरे में बज्म के अध्यक्ष आमिर रज़ा पम्मी ने कहा कि पुरखों की विरासत को संभालना हमारी जिम्मेदारी है, वर्षों पहले कस्बा खीरी में अदब नवाज लोगों द्वारा इस नाम से कस्बे में अदब की महफिलें सजाते थे।वर्ष 2006 में बज्म द्वारा कस्बा खीरी में ऑल इंडिया मुशायराआयोजित किया गया था।बज्म के सेक्रेटरी डॉक्टर एहराज अरमान ने बताया कि यह सिलसिला इसी तरह से जारी रहेगा और महीने के पहले शनिचर की शाम को एक मुशायरा का आयोजन किया जाएगा जिसमें जो भी शायर या शायरा आना चाहे वह अपने कलाम के साथ आ सकता है।तरही मुशायरे की सदारत कर रहे उस्ताद शायर इक़बाल ने कहा -कोई नहीं है आप के जैसा जहान में, रोशन ज़मीर साहिबे किरदार आप हैं। **डॉ अखलाक अहमद अखलाक ने कहा,** तखलीके कायनात का किरदार आप हैं, यानी हमारे होने का आधार आप हैं। **उमर हनीफ ने कहा,** अल्लाह ने वो आपको बख्शा है मर्तबा, सब नबियों के रसूलों के सरदार आप हैं। **इलियास चिश्ती ने कहा,** शामिल अगर हयात में इश्के नबी नहीं, मकसद नहीं हयात का बेकार आप हैं। **एहराज अरमान ने कहा,** सर पर हमारे छाई है रहमत की बदलियां, रहमो करम की हम पे बौछार आप है। **नफीस वारसी ने कहा,** दिल के हरेक गोशे में गुलज़ार आप हैं, सौ बार मैंने देखा है, सौ बार आप हैं।इस के अलावा बशर हरगामी,सैफ उवैसी, रिजवान मारूफ समेत बहुत से शायरों ने कलाम पेश किए। इसके अलावा अय्यूब गौरी, नाजिम लखीमपुर, अलऔसाफ, मोहम्मद अहमद नेता समेत सैकड़ों लोग मोजूद रहे।आखिर में सलातो सलाम पेश किया गया।अक्तूबर के पहले शनिवार को होने वाले तरही मुशायरा का मिसरा है वो अगर पास न आते तो मोहब्बत नहीं होती।

# गणेश पूजन महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित, लोगो ने की पूजा अर्चना

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



गणेश पूजन महोत्सव को लेकर नगर क्षेत्र में स्थापित पंडालों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुये। सांस्कृतिक मंच पर श्रद्धालुभक्तों से भरे खचाखच पंडालों में पहले दिन रात्रि आठ बजे से आरती के पश्चात् विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पंडालों में गणपति की आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। नगर के मनोहर लांन में चल रहे 18वें गणेश पूजन कार्यक्रम में आरती के बाद रात्र आठ बजे से भाव नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। पंडाल में अतिथि के रूप में पहुंची विधायक आशा मौर्या का स्वागत गणेश प्रतिमा देकर समिति ने किया। वहीं भक्ति के गीतों पर प्रतियोगिता में शामिल हुए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा से श्रद्धालुओं का जमकर मन मोहा। भावनृत्य प्रतियोगिता का सेमी फाइनल राउंड सम्पन्न हुआ। नई बाजार दक्षिणी में आयोजित पंचम् गणेश पूजन महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर आरती के पश्चात सम्पन्न हुयी फैंसी डेऊस प्रतियोगिता में विभिन्न देवी-देवताओं और सामाजिक, राष्ट्रीय संदेशों से परिपूर्ण मनोहारी वेशभूषाओं में सजे बच्चों ने अपने डॉयलाग्स की प्रस्तुति दी। जोरदार तालियों से दर्शकों की भारी भीड़ ने उनकी हौसला अफजाई की। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में पधारे पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि अतुल वर्मा व सागर जैन का समिति के सूरज गुप्त, अभिषेक मिश्र, हिमांशु गुप्त, अमित गुप्त सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। नई बाजार उत्तरी स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में बाल गणेश पूजन समिति के सत्यम् तिवारी ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में धार्मिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## दबंगो द्वारा गुड्डी देवी को जान से मारने की थी धमकी

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी-खीरी

कोतवाली क्षेत्र ग्राम रधौला निवासिनी गुड्डी देवी ने बताया कि गांव में ही मकान के सामने एक मन्दिर तथा एक कुआं है जो गुड्डी देवी के पुर्वजो द्वारा बनवाया गया था का जीणोधार गुड्डी देवी द्वारा 17 अगस्त को करवाया गया था तथा कुएं एवं मन्दिर के चारो ओर बाउन्ड्री बनवायी गयी है। मन्दिर में गांव के समस्त लोग पूजा अर्चना किया करते है। सात सितम्बर को लगभग 10 बजे गांव के ही रामभजन, रविन्दर, संजय पुत्रगण श्रीपाल, खुशीराम, राजेश्वर पुत्रगण मैकूलाल, रामसरन पुत्र मेवाराम, संतराम पुत्र मुन्नालाल, कमलेश पुत्र शम्भूदयाल एक राय होकर मन्दिर पर आये और गुड्डू देवी को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। गुड्डी देवी के विरोध करने पर सभी लोगो गुड्डी देवी को धक्का देकर जमीन पर पटक दिया और मारने-पीटने लगे गांव वालो के विरोध करने पर दबंगो द्वारा गुड्डी देवी को जान से मारने की धमकी दी तथा जबरन मन्दिर प्रांगण में लगा मुक्तेश्वरनाथ बाबा का बोर्ड उखाड़ ले गये। पूरी घटना की सूचना गुड्डी देवी द्वारा कोतवाली में दी गयी है।अब देखना यह है कि पुलिस उक्त दबंगो के विरूद्ध क्या कार्यवाही करती है।



## नशेड़ी पतियों की मारपीट से परेशान महिलाओं ने शराब के ठेके के खिलाफ खोला मोर्चा

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

घर के जेवर , अनाज ,बर्तन आदि बेचकर शराब पीकर रोज मार पीट करने से परेशान दर्जनों महिलाएं पालिका के वार्ड सुंदौली स्थित सरकारी आबकारी ठेके पर पहुँच ठेके पर ताला डाल दिया।महिलाएं ठेका हटाने की मांग को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पाकर आबकारी अधिकारी मौके पर पहुचे और विरोध प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं को एक माह में ठेका स्थानांतरित करने का आश्वासन देते हुए शांत कराया। पालिका के इचौली वार्ड में आबादी के करीब स्थित सरकारी शराब ठेका होने से लोगों में बढ़ रही नशा खोरी की लत से परेशान दर्जनों महिलाओं ज्ञानवती,लक्ष्मी, पूनम,सुनीता,कल्ला कमला, पूजा, नेहा,रामकली सहित महिलाओं महिलाओं ने रविवार की सुबह करीब दस बजे जब ठेके का सेल्समैन दुर्गेश पहुंचा सेल्समेंन को देख मौजूद महिलाओं ने उसे भगा दिया। सेल्समेंन ने मामले से मालिक रमाकांति को सूचना दी।रमाकांति ने आबकारी अधिकारी अरुण सिंह को अवगत कराया। सूचना पाकर आबकारी अधिकारी ने आरक्षी राजेंद्र प्रसाद को मौके पर भेजा। नशा के विरुद्ध महिलाओं के विरोध की सूचना पाकर समाजसेवी अतुल वर्मा समर्थकों के साथ पहुंच गये और आबकारी अधिकारी अरुण सिंह से बात की उन्होंने एक माह मे ठेका स्थानांतरित करने का आश्वासन दिये जाने के बाद महिलाओं ने ठेके का ताला खोला।

# पडरिया तुला व्यापार मंडल का हुआ गठन रामजीत सिंह अध्यक्ष दिनेश गुप्ता बने महामंत्री

जन एक्सप्रेस । पडरिया तुला





स्थानीय कस्बे के ठाकुर जी मंदिर पर स्थानीय व्यापारियों की एक बैठक हुई रविवार सुबह 11 बजे आहूत की गई। इस बैठक में पडरिया तुला व्यापार मंडल का गठन किया गया। जिसमे सभी व्यापारियों की सहमति से डीएस मोटर्स के मालिक रामजीत सिंह को सर्वसम्मति से पडरिया व्यापार मंडल का प्रथम अध्यक्ष घोषित किया गया। जबकि व्यापारी दिनेश गुप्ता को महामंत्री व वरिष्ठ पत्रकार व व्यापारी रामनिवास मिश्र को व्यापार मंडल का संरक्षक घोषित किया गया। इस मौके पर पडरिया तुला व्यापार मंडल के संरक्षक रामनिवास मिश्र ने कहा कि पूरे कस्बे में व्यापारियों को एक मंच पर लाकर यह एकीकरण व्यापारियों को उनकी खोई पहचान वापस दिलाने का काम करेगा साथ ही उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल किसी राजनीतिक व्यक्ति और पार्टी के नियंत्रण से बाहर होगा। साथ ही यह व्यापार मंडल पूरे कस्बे के व्यापारियों की आवाज बनेगा। उन्होंने कहा कि पडरिया तुला में व्यापारियों को अपने निजी स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया जाता है, अब यह बंद कराया जाएगा। साथ ही पुलिस मण्डल व व्यापार मंडल में से किसी एक को ही चुना जाएगा जो पत्रकार पर छोड़कर सभी व्यापारियों पर लागू होगा। बताते चले पडरिया पुलिस ने अभी हाल ही में एक व्यापारी को मोबाइल बनवाने के नाम पर घर से लाकर उसे दुकान से ही गिरफ्तार कर लिया था। फिर उससे कुछ रुपयों की मांग की गई। जब व्यापारी ने पैसे देने से मना किया तो उसे मोबाईल छीनोती जैसे अपराध में अन्य स्थान से गिरफ्तारी दिखाते हुए जेल भेज दिया था। इस घटना के बाद सभी व्यापारी नाराज थे और पीड़ित व्यापारी के भाई के आवाहन पर पडरिया तुला व्यापार मंडल गठन की मांग की गई थी। जिसे रविवार को स्थानीय ठाकुरजी मंदिर प्रांगण में गठन कर लिया गया।

# पलिया किसान की बदहाली के लिए बजाज चीनी मिल जिम्मेदार



जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी

बजाज चीनी मिल पलिया क्षेत्र के किसान अपनी बदहाली के लिए शासन प्रसासन को कई बार तहसील प्रशासन को लिखित ज्ञापन दे कर बकाया भुगतान कराने की गुहार लगाई है परंतु न तो शासन प्रशासन ने पीड़ित किसानों का भुगतान कराने में विफल रही किसानों की हालत बहुत ही दयनीय हो गई है। आखिरकार बजाज चीनी मिल लाखो किसानों की जीवन लीला समाप्त कर रहा है बकाया गन्ना भुगतान न करने का कारण न तो सरकार के पास है न ही प्रशासन के पास है। आप को बता दे बीते दिनों आई प्राकृतिक आपदा ने किसानों की आर्थिक हालत बद से बत्तर कर दी जिसको देखकर लोगों की पथरीली आँखों मे भी आशू आगए लेकिन शासन प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को किसानों के बारे में कोई ठोस कदम उठाने के लिए क्यों असमर्थ है।अगर सरकार जल्द किसानों का बकाया गन्ना भुगतान नही कराया तो पलिया से किसानों का पलायन हो सकता है।

## क्षेत्र से बाहर विचरण कर रहे बाघ को रेस्क्यू करने हेतु क्षेत्र की कॉम्बिंग करायी गयी



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शनिवार को दक्षिण खीरी वन प्रभाग की मोहम्मदी रेज के अन्तर्गत वन क्षेत्र से बाहर विचरण कर रहे बाघ को रेस्क्यू करने हेतु क्षेत्र की कॉम्बिंग करायी गयी।कॉम्बिंग के दौरान ग्राम सभा बघमरा और काजरकोरी के कृषि क्षेत्र में बाघ के पगमार्क पाये गये। पागमार्क देखे जाने की दशा में सर्वप्रथम ग्रामवसियों को सर्तक किया गया।उन्हे प्रभावित क्षेत्र में समूह में जाने की सलाह दी गयी। ग्राम में गोष्ठी आयोजित कर वन्यजीव के स्वभाव से परिचित कराते हुये सुरक्षा के उपाय बताये गये। उपरोक्त क्षेत्र भी गन्ने से आच्छादित है।टीम द्वारा क्षेत्र की सघन तलाषी की गयी।वन कर्मियों की टीमें उपरोक्त से साथ ग्राम इमलिया,घरथनियां, मूड़ाजवाहर, मूड़ा अस्सी, बांसगांव के अन्तर्गत क्षेत्रों की सतत् निगरानी कर रही हैं। दक्ष गंगवार पशु चिकित्साधिकारी पीलीभीत टाईगर रिजर्व के साथ वनकर्मी बाघ को रेस्क्यू करने का प्रयास कर रहे हैं।सम्पूर्ण क्षेत्र की निगरानी कैमरा ट्रैप एवं ड्रोन से भी करायी जा रही है।

# सड़क किनारे पुलिया पर बैठा दिखा तेंदुआ आवागमन हुआ बाधित, लोगों ने बनाए वीडियो

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



सड़क किनारे पुलिया पर बैठे तेंदुआ का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। सड़क पर निकले रहे कार सवार की नजर जब पुलिया पर बैठे तेंदुए पर पड़ी तो उन्होंने इसका वीडियो बना लिया।वीडियो में आप स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि कर की लाइट पड़ने के बाद भी तेंदुआ मस्ती में बैठा रहा।जिसके चलते डर के मारे सड़क पर थोड़ी देर के लिए आवागमन भी बाधित हुआ।

बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो शनिवार देर शाम निघासन तहसील के दरेरी गांव के पास का है। जहा गांव के राहगीर अपने साथियों के साथ जब घर वापस जा रहे थे। सड़क किनारे पुलिया पर तेंदुए को बैठा देखा कार की लाइट पड़ने पर जब तेंदुआ मस्ती में बैठा रहा तो राहगीर दहशत में आ गए।सड़क पर आवागमन भी बाधित रहा इसकी वजह से बहुत देर तक सड़क पर आवागमन भी बाधित रहा।इसी दौरान कार सवार राहगीरों ने तेंदुए का वीडियो बना लिया।काफी देर बाद तेंदुआ गन्ने के खेत में भाग गया तब जाकर राहगीरों ने सड़क पर आवागमन शुरू किया जनपद में इन दिनों बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी के चलते चारों तरफ जल भराव है।साथ ही दुधवा नेशनल पार्क में भी जल भराव के चलते वन्य जीव इधर-उधर भाग रहे हैं।जिसके चलते अक्सर सड़कों पर बाघ तेंदुआ,मगरमच्छ और अजगर देखे जा रहे हैं।इससे पहले भी कई सड़क पर टहलते हुए वन्य जीवों के वीडियो जमकर वायरल हुए हैं।

# पुलिस ने लूट की घटना का किया खुलासा नकदी सहित चोर गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

थाना रामकोट पुलिस टीम द्वारा जुलाई माह में विनय कुमार मिश्रा निवासी मो. चाडक्यपुरी थाना रामकोट जनपद सीतापुर की पत्नी के गले से सोने की चैन छीनने के मुकदमा थाना रामकोट से संबंधित प्रकाश में आये अभियुक्तगण विवेक यादव पुत्र मैकूलाल तथा प्रदीप वर्मा पुत्र शिवकुमार निवासीगण मो गद्दी टोला कस्बा व थाना रामकोट जनपद सीतापुर को 4600/- रुपये नगदी के साथ गिरफ्तार किया गया है। उक्त पंजीकृत अभियोग में धारा की बढोत्तरी करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने चैन छीनने की बात स्वीकार की है, तथा बताया कि लूटी गयी सोने की चैन को उनके द्वारा घूमन्तु व्यक्ति को 15,000/- रुपये में बेच दिया गया तथा खर्च करने के उपरान्त 4600/- रुपये शेष बचे हैं। बताते चलें कि अभियुक्त विवेक उपरोक्त थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके विरुद्ध चोरी से संबंधित कई धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

# सनशाइन हॉस्पिटल में डॉक्टर कौशल वर्मा ने शिक्षकों का किया सम्मान



जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

शिक्षक दिवस की संध्या पर डॉक्टर कौशल वर्मा ने हॉस्पिटल परिसर में दर्जनों शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का सम्मान कर शिक्षक दिवस मनाया। कहा कि भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन 05 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रेरणा और उनके दिखाए मार्ग से शिक्षा में बड़ी क्रांति आई है।डॉक्टर ने कहा कि शिक्षकों को उनकी चुनौतियां और उनके सम्मान के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की, कि एक शिक्षक अपने छात्रों को पूरे समर्पण भाव से पढ़ाता है। उनको हर तरह से परिवार की तरह भविष्य के लिए तैयार करता है। लेकिन उन्हें उतना सम्मान नही मिलता जितना मिलना चाहिए। शिक्षकों को आत्म विश्वास के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।शिक्षकों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य लखपति राम वर्मा,प्रधानाचार्य निर्मल सिंह, प्रभात बाजपेई, सौरभ दीक्षित,बलवीर सिंह,श्याम किशोर अवस्थी, रंजीत सिंह,शैलेन्द्र सक्सेना ,संगीता वर्मा, पटेल सुशील वर्मा, हेमवती, अजीत वर्मा,अरविंद वर्मा,अनुज वर्मा,आदेश वर्मा, राम गुलाम पाण्डे, अवधेश मिश्रा,आदेश दीक्षित,आलोक तिवारी, मनोज वर्मा,संजीव दीक्षित,महेंद्र वर्मा, मोहित कनौजिया,गोपाल गुप्ता, अनुज सिंह,आनंद अर्कवशी,सुशील पाण्डे, सुमित शुक्ला,हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहा।

## दबंगों ने विधुत कर्मचारी को पीटा सरकारी सम्पत्ति को पहुंचाया नुकसान



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

अवर अभियंत्ता अमित कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय गुरु लाल श्रीवास्तव 33/11 के0 वी0 विद्युत उपकेन्द्र पर अवर अभियंता के पद पर तैनात है।शारदानगर थाना प्रभारी को दिए शिकायती पत्र में बताया है घटना दिनांक 7-9-2024 को लगभग शाम 7~30 ,33 के0वी0 मैन लाईन खराब होने के कारण विद्युत सप्लाई बाधित कार्य किया जा रहा था। तभी करीब रात 10~00 में विनोद कुमार पुत्र रामबक्स, हुई थी। जिसके मरम्मत सब्बू पुत्र शाकिर, बाबू उर्फ प्रेमचन्द पुत्र कन्हैय्या, वीरू पुत्र शीतल, संजीव पुत्र जंगबहादुर, करन पुत्र मुन्ना, मनोष पुत्र सुरेश, अनीश पुत्र अज्ञात, विजय पुत्र अज्ञात ने सभी निवासी शारदानगर कालोनी ने मार पीट गाली गलौज करने लगे।कैलाश पुत्र रामेश्वर से निविदा कर्मी, राजकमल सिंह। और बिजली उपकरणों व सरकारी संपत्ति एवं साथ ही। दी। जिस कारण वा विद्युत अभिलेखों निविदा कर्मियों हो जान से मारने की धमकी दी उपकेन्द्र के निविदा कर्मियों में भय व्याप्त है।सरकारी संपत्ति का नुक़सान व सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर तांडव मचाने वालो के विरुद्ध विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

# सनसाइन हॉस्पिटल में सदस्यता अभियान का हुआ आगाज





जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

सनसाइन हॉस्पिटल के सभागार में भाजपा सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी के साथ सदस्यता अभियान 2024 को आगे बढ़ाया गया।जिले के सदस्यता प्रभारी वासुदेव मौर्या के साथ सनसाइन हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर कौशल वर्मा ने पार्टी की सदस्यता ली है। साथ ही उनके 50 से अधिक समर्थकों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।श्री कौशल ने कहा कि लोगों को बढ चढ कर इस आभियान को आगे बढ़ाना है। ताकि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का हिस्सा बन सकें।पूरा देश व प्रदेश मोदी योगी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। विनय यादव, विजय सिंह,अभय सिंह, आर्यन वर्मा, अनुभव सक्सेना, मनोज, योगेंद्र, हिमांशु गुप्ता, रजनीश कुमार, प्रतीक मिश्रा, अनुज कुमार, अविनाश गुप्ता, देवेश तिवारी, सचिन वर्मा, दिनेश वर्मा, अजीत वर्मा, रामनरेश यादव, पंकज यादव, अनिल वर्मा समेत दर्जनों लोगों ने सदस्यता ली है।

# भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे सदर तहसील के जिम्मेदार

## रिश्वतखोरी कर जारी किया गया नायक उपनाम वाले व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र

जन एक्सप्रेस। देवरिया

मुख्यमंत्री गृह मंडल गोरखपुर के जनपद देवरिया के सदर तहसील में नायक जाति के प्रमाणपत्र जारी करने के मामले में बड़ी अनियमितताएं सामने आई हैं। जबकि जिला और मंडल स्तरीय समितियों द्वारा पहले ही निरस्त किए गए प्रमाणपत्रों के बावजूद, मोटी रकम वसूल कर तहसील प्रशासन ने इन अपने उच्चाधिकारियों के आदेशों को दरकिनार कर सदर तहसीलदार ने अपने स्वजातियों के प्रमाणपत्र जारी कर दिए हैं।

### पीढ़ीगत स्मृति लोप का अनुचित लाभ


हालांकि, 12 वर्षों के बाद, जब समाज में पीढ़ीगत स्मृति लोप हो चुका है, ये लोग अब फिर से जाति प्रमाणपत्र प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। यह विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि रुद्रपुर में लगभग आठ गांवों में नायक उपनाम वाले लोग स्वयं को अनुसूचित जनजाति के रूप में दावा कर रहे हैं।

### शासन द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की है आवश्यकता

यह मामला स्पष्ट रूप से दिखाता है कि शासन और प्रशासन को इस संदर्भ में सख्त और स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता है। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि केवल वास्तविक पात्र व्यक्तियों को ही अनुसूचित जनजाति का प्रमाणपत्र मिले, और समाज में उत्पन्न हो रहे पीढ़ीगत स्मृति लोप और जाति हेरफेर के कारण होने वाले दुरुपयोग को रोका जा सके।

### उप नाम के सहारे जातीय फर्जीवाड़े का खतरा

इसके अतिरिक्त, कहार और पाल ओबीसी समुदाय के लोग खुद को गोंड और धनगर अनुसूचित जनजाति के रूप में पेश कर रहे हैं। कुछ ने अपने उपनाम बदलकर धनगर कर लिया है, जबकि कुछ गांवों ने अपने नाम बदलकर %धनगर नगर% कर दिए हैं, जो स्पष्ट रूप से जातीय फर्जीवाड़े की योजना का हिस्सा है।




### 2012 में जिला स्तरीय समिति की कार्रवाई

बताते चलें कि 22 अक्टूबर 2012 को जिला स्तरीय जांच समिति ने अपनी कार्यवाही में देवरिया जिले की सभी तहसीलों में जारी नायक जाति के एसटी प्रमाणपत्रों को निरस्त कर दिया था। इस कार्रवाई में विशेष रूप से रुद्रपुर तहसील के 206 प्रमाणपत्र शामिल थे। 2018 में, रुद्रपुर तहसीलदार ने 5 अप्रैल 2018 को अपने आदेश में उन 36 व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने और कानूनी कार्रवाई के लिए अनुशंसा की, जिन्होंने उपरोक्त प्रमाणपत्रों के आधार पर सरकारी नौकरियां प्राप्त की थीं।

### उप नाम की जाति का ऐतिहासिक संदर्भ और जातीय पहचान

उल्लेखनीय है कि इन गांवों में कुछ नायक लोग ऐतिहासिक रूप से जमींदार थे। वे यज्ञोपवीत धारण करते हैं, उनका कोई विशिष्ट आदिवासी संस्कृति नहीं है, न ही वे सामाजिक रूप से अलग-थलग हैं और न ही अछूत माने जाते हैं। इसके बावजूद, ये लोग अनुसूचित जनजाति के प्रमाणपत्र प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं, जो एक गंभीर सामाजिक और कानूनी मुद्दा है।

### सत्ताधारी पदों और चुनावी लाभ का उपयोग

यह भी ध्यान देने योग्य है कि इन लोगों में से कुछ ने राज्य सरकार के उच्च पदों पर अपनी जगह बनाई है और ओबीसी आरक्षण के आधार पर पंचायत चुनाव भी लड़ा है। उनमें से कुछ ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग सामान्य वर्ग को आवंटित ईडब्ल्यूएस के प्रमाणपत्र भी प्राप्त किए हैं। इस बीच, संपूर्ण भूमि क्रय-विक्रय इनके एससी या एसटी वर्ग में नहीं होने की घोषणा के आधार पर किया गया है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सख्ती

इन अनियमितताओं के मद्देनजर, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (ह्ष्टस्ञ) ने इन मामलों पर सख्ती बरतते हुए अभियोजन की कार्यवाही शुरू की है। जिला और मंडल स्तरीय समितियों ने भी जांच के बाद कई प्रमाणपत्रों को निरस्त कर दिया है।

# शुद्ध पेयजल हेतु आरो प्लांट का हुआ लोकार्पण




जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

विकास खंड के ग्राम पंचायत परवरपार टोला बनकटा में ब्लाक द्वारा नव निर्मित आरो प्लांट का लोकार्पण ग्राम प्रधान राजेश राव ने किया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत परवरपार में शुद्ध पेयजल की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीण व आगन्तुकों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ता था जिसको देखते हुए ग्राम प्रधान राजेश राव ने ब्लॉक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण से मांग की थी।ब्लॉक प्रमुख ने ग्रामीणों की शुद्ध पेयजल की जरूरत को देखते हुए ग्राम पंचायत परवर पार टोला बनकटा में आरो प्लांट लगवा दिया।रविवार को ग्राम प्रधान राजेश राव ने आरो प्लांट के लोकार्पण करते हुए कहा की ग्रामीणों द्वारा आरो प्लांट लगाने की लगातार मांग किया जा रहा था। जनहित की इस मांग को ब्लाक प्रमुख लक्षण सिंह ने गंभीरता से लेते हुए लाखों की लागत से आरो प्लांट लगवाया जिसके लिए गांव की जनता के तरफ से कोटि कोटि धन्यवाद है।अब गांव की जनता को शुद्ध जल पीने को मिलेगा जिससे जनता जल जनित रोगों से बचाव होगा।लोकार्पण ग्राम प्रधान राजेश राव ने फीता काट किया। इस अवसर जितेन्द्र राव, मंटू राव, सुग्रीव कुमार, जिन्दा खरवार,मोल ई यादव,मनोज यादव, सुभाष,भान आदि रहे।

# भाजपा सदस्यता अभियान कार्यक्रम का भव्य आयोजन




जन एक्सप्रेस। चौरीचौरा, गोरखपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान का आयोजन चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र के ब्रह्मपुर ब्लाक परिसर में बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख सुमन यादव ने की, जबकि केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में चौरीचौरा विधानसभा के विधायक इंजीनियर सरवन निषाद उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री ओमप्रकाश धर द्विवेदी ने किया।

मुख्य अतिथि कमलेश पासवान ने अपने संबोधन में कहा, ÷आप सभी लोग भारतीय जनता पार्टी के सच्चे सिपाही हैं। पार्टी द्वारा पुनः सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें हमें अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना है और पूर्व के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए सदस्य संख्या को और बढ़ाना है।÷

विधायक सरवन निषाद ने कहा, ÷स्वतंत्रता के 78 वर्षों बाद भारत अगर आज विकास के पथ पर अग्रसर है, तो यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। हमें भाजपा का निरंतर समर्थन और सहयोग करते रहना चाहिए, ताकि देश और मजबूत हो सके।÷

कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सरदार नगर हरेन्द्र यादव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ब्रह्मपुर राघवेन्द्र यादव, ब्लाक प्रमुख पति ब्रह्मपुर मानवेन्द्र यादव, सुनील पासवान, विधायक प्रतिनिधि राम दयागर निषाद, दीपक जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष ब्रह्मपुर चन्दन मिश्रा, धीरज सिंह, अजय कुमार उर्फ मंटू यादव, रामसेवक निषाद सहित अन्य गणमान्य लोग और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में भाजपा की नीतियों और योजनाओं को लेकर चर्चा की गई और सभी से पार्टी की सदस्यता संख्या को बढ़ाने का आह्वान किया गया।

# जनता की समस्याओं का कराएं त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण : योगी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जनता की समस्याओं का पारदर्शी और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित कराएं। जनता की हर समस्या को संवेदनशीलता से लिया जाना चाहिए और उसके समाधान के लिए त्वरित प्रभावी कार्यवाही की जानी चाहिए। यह ध्यान रहे कि किसी के भी साथ अन्याय न होने पाए। जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिली तो संबंधित जिम्मेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है।

सीएम योगी ने ये निर्देश रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। ध्यान से उनकी बात सुनने के बाद पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए।



उन्होंने लोगों से कहा कि चिंता मत करिए, सबकी समस्या दूर करने के लिए सरकार संकल्पित है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए।

### अपराधियों के खिलाफ दिए सख्त कार्रवाई करने का निर्देश

अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को दो निर्देशित किया कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

### धन के अभाव में नहीं रुकेगा किसी का इलाज

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भरपूर मदद देने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

### मंदिर की गोशाला में सीएम ने की गोसेवा

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान रविवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने, अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद सीएम योगी गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने गोवंश को खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया।

# राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त सुनील त्रिपाठी को पत्रकारों ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2023 -, 24 के लिये राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुनील कुमार सुमन को जिले के पत्रकारों ने सम्मानित किया।

अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा सामिति (एबीपीएसएस) की जिला इकाई द्वारा रविवार को कसया तहसील क्षेत्र के ग्राम साखोपार स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह में फाजिलनगर क्षेत्र के महासोन निवासी सुनील कुमार सुमन को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह के नेतृत्व में माल्यार्पण किया गया और अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षक सुमन जो रुदवलिया में संचालित जनपदीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय (संविलियन) में वर्तमान में शिक्षक पद पर वर्ष 2009 से कार्यरत हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह, प्रदेश सचिव विनय कुमार उपाध्याय, विनय कांत मिश्रा, क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार राव, मंडल अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा, मण्डल महासचिव व प्रवक्ता असफाक अंसारी ने कहा कि शिक्षक रहते हुए सुमन त्रिपाठी ने कवि व पत्रकार के रूप में अपनी ख्याति प्राप्त की है और अपने शैक्षणिक कर्तव्यों का बखूबी निर्वाह करते हुए बेसिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की मेधा क्षमता में गुणवत्ता पूर्ण वृद्धि के लिए बहरीन कार्य किये। श्री सुमन को राज्य पुरस्कार मिलना पूर्वांचल के लिए गर्व की बात है। अपने सम्मान से भावुक श्री सुमन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है। हम सब मिलकर प्रेम, सहयोग के साथ शिक्षा, समाज मे अपना योगदान देकर औरों को प्रेरित कर सकते हैं। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हृदया नन्द शर्मा ने किया। अंत में एक दैनिक समाचार पत्र स्पष्ट आवाज के संस्थापक स्व. एस एल सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रख उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान जिला महामंत्री विनोद कुमार तिवारी, जिला सचिव सुधाकर उपाध्याय, जिला सूचना मंत्री ज्ञानेश्वर बरनवाल, तहसील पड़रौना अध्यक्ष आदित्य कुमार दीक्षित, मोहन राव, विवेकानंद सिंह, उमर फारूक, सरताज आलम, सिरजेश यादव, कार्यालय प्रभारी मस्तराज शर्मा, राजन कुमार सिंह, रवि प्रकाश पाण्डेय, धनन्जय पाण्डेय, मिंटू लारी, मंतोष्ट जायसवाल, जगदीश सिंह, अयोध्या सिंह, विजय बहादुर राय सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# छत पर सो रहे अधेड़ की गला रेतकर निर्मम हत्या

जन एक्सप्रेस/चौरीचौरा। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चौरी के पिपरहिया टोला निवासी 48 वर्षीय अवधेश पटेल पुत्र स्व गोरख पटेल की बीती रात सोते समय धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृतक अवधेश के बहू रंजना पत्नी संगम की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 103(1)मुकदमा दर्ज कर लिया है। तथा एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही किया है। मृतक अवधेश पटेल की बहू रंजना ने बताया कि शनिवार को खाना खाकर छत पर मेरे ससुर अवधेश पटेल सो रहे थे। रात लगभग 12बजे छोटका बाले निवासी धर्मेन्द्र शर्मा ने धारदार हथियार से गला रेत दिया। वे भागकर नीचे आये गंभीर अवस्था में उन्हें 108नं एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।उनकी बहू ने तहरीर के माध्यम से बताया कि धर्मेंद्र मेरे ननद को काफी दिनों से परेशान कर रहा था।

# फरेंदा में अवैध पैथोलॉजी सेन्टरों की भरमार

## विभागीय जिम्मेदारों की मेहरबानी से बिना डिग्री, बिना डाक्टर धड़ाधड़,दे रहे रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

नगर से लेकर देहात तक इन दिनों अवैध पैथोलॉजी लैब की बाढ़ सी आ गई है कुछ अवैध पैथोलॉजी लैबों का संचालन कलेक्शन सेंटर की आड़ में धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है। जानकारी होने के बावजूद भी स्वास्थ विभाग इन पैथोलॉजी पर मेहरबान रहती है।

### योगी सरकार के अधीन, फिर भी स्वास्थ विभाग मेहरबान

प्रदेश में चलती है स्वास्थ्य विभाग की ड्रग्स टीम, क्या फरेंदा तहसील के क्षेत्रों व बनकटी में अवैध व बिना मानक के चल रहे पैथोलॉजी सेंटरों पर कार्यवाही होगी। अब देखना यह होगा की स्वास्थ विभाग की जिम्मेदार अफसर इन अवैध पैथोलॉजी लैब पर किस तरह की कार्रवाई करते हैं और बिना रजिस्ट्रेशन व अधिकृत मान्यता न होने के बावजूद भी संचालित हो रहे हैं।पैथोलॉजी लबों के बारे में सब कुछ जानते हुए भी स्वास्थ विभाग के जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं। अब देखना यह है कि स्वास्थ विभाग की टीम इन अवैध पैथोलॉजी पर कितना सक्रिय होकर कार्यवाही करती हैं।

### महराजगंज डिप्टी सीएमओ डॉ राजेश द्विवेदी

ने कहा कि इन अवैध पैथोलॉजी लैब संज्ञान में नहीं है जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।

### बिना योग्यता और डिग्री के संचालित हो रही है पैथोलॉजी लैब

बिना एली टी के जांच पड़ताल किए ही खुद रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करके संचालक बहुत कम समय में ही तैयार करके मरीजों को रिपोर्ट दे दिया जा रहा है।

### अवैध पैथोलॉजी के पीछे चल रही है भ्रष्टाचार, मरीज परेशान

उदाहरण की बात करें तो फरेंदा तहसील के विष्णु मंदिर के समीप शुक्ला भवन में एक पैथालॉजी सेंटर चल रही हैं संचालक से मानक और रजिस्ट्रार को लेकर जानकारी चाहा तो उन्होंने कुछ बताना वाजिब नहीं समझा। क्या वाकई अवैध रूप से संचालित हो रही है पैथोलॉजी सेंटर, इन पर कब होगी कार्रवाई, क्या धड़ल्ले से चलती रहेगी पैथोलॉजी लैब, जबकि संचालक के योग्यता की बात की जाए तो एलटी न रहते हुए भी जांच रिपोर्ट तैयार कर मरीजों से बड़े पैमाने पर अच्छी खासी रकम लेकर इन गरीब मरीजों का खून पसीने पसीने की गाढ़ी कमाई को रिपोर्ट तैयार करने के नाम पर लेकर मालामाल हो रहे हैं।

# जालसाजों ने रेलवे में टीसी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 10 लाख रुपए की ठगी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

पूर्व रेलवे के कोलकाता मंडल में टीसी की नौकरी लगवाने का झांसा देकर जालसाजों ने 10 लाख रुपये ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर खजनी पुलिस देवरिया रूद्रपुर के समुदा गांव के पांच आरोपितों के विरुद्ध जालसाजी कर रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

उनवल निवासी रामकरण यादव ने खजनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरे पुरोहित के रिश्तेदार देवरिया रूद्रपुर निवासी अनुभव पांडेय से गांव में मुलाकात हुई। अनुभव ने बताया कि 10 लाख रुपये खर्च कीजिए तो आपके बेटे संदीप यादव को पूर्व रेलवे के कोलकाता मंडल में टीसी की नौकरी लगवा दूंगा।

झांसे में आकर उन्होंने 15 जुलाई, 2018 को 5.50 लाख रुपये इसके बाद अलग-अलग तिथि को 4.50 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद अनुभव ने मेरे बेटे को कोलकाता रेलवे में टीसी का फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया। बेटा नौकरी ज्वाइन करने रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट हाबड़ा गया तो जालसाजी की जानकारी हुई।




10 अगस्त को बेटे संदीप और एक मित्र के साथ अनुभव पांडेय के घर वह अपने रुपये मांगने गए तो परिवार के लोगों ने गाली देकर भगा दिया। खजनी पुलिस ने इस मामले में अनुभव समेत पांच लोगों पर जालसाजी व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# गोरखपुर सहित बिहार में फंगल इन्फेक्शन का कहर

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

उमस भरी गर्मी में फंगल इंफेक्शन (फफूंद का संक्रमण) गोरखपुर के साथ ही बिहार में भी तेजी से फैल रहा है। पसीने से भीग चुके कपड़े न बदलने और नहाने के बाद बिना शरीर सुखाए कपड़े पहनने की आदत ने लोगों को चर्म रोग देना शुरू कर दिया है। ऊपर से बिना डाक्टर की सलाह स्टेरायड मिला मलहम संक्रमण को और बढ़ा रहा है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर, बाबा राघवदास मेडिकल कालेज और जिला अस्पताल में इन दिनों फंगल इंफेक्शन की शिकायत लेकर आने वालों की संख्या ज्यादा है। तराई क्षेत्र में शामिल गोरखपुर मंडल के साथ ही गोपालगंज, सिवान आदि क्षेत्रों से रोजाना सैकड़ों लोग अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। इनको जांघ के आसपास दाद की शिकायत है। कुछ के पेट, चेहरे पर भी दाद हो गया है।

### खुद ही खराब कर रहे रोग

बाजार में दाद को खत्म करने के लिए बेचे जा रहे ज्यादातर मलहम में स्टेरायड का इस्तेमाल हो रहा है। यह मलहम प्रभावित स्थान पर लगाने पर एक-दो दिन तो तेजी से आराम मिलता है लेकिन इससे बाद दाद और तेजी से बढ़ने लगता है।

### दवाएं नहीं करतीं असर

गलत मलहम और सही उपचार न होने से ट्राइकोफाइटन रूब्रम नामक कवक से ट्राइकोफाइटन इंडोटाइनीज फैलने लगता है। इस पर साधारण दवाएं असर नहीं करती हैं। चर्म रोग विशेषज्ञ ही इसकी पहचान कर दवाएं देता है।

### ऐसे करें बचाव

दाद की शुरुआत हो तो कोई मलहम न लगाएं। सूती वाले ढीले कपड़े पहनें। नहाने के बाद शरीर ठीक से सुखा लें फिर कपड़े पहनें। नम कपड़े कदापि न पहनें।

- एम्स गोरखपुर के त्वचा एवं यौन रोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि तराई वाले क्षेत्रों में इन दिनों फंगल इंफेक्शन के बहुत ज्यादा रोगी आ रहे हैं। इनमें से ज्यादातर ने स्टेरायड युक्त मलहम का इस्तेमाल किया है। इस कारण उनकी समस्या कम होने की बजाय बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इनको मलहम के साथ ही खाने की दवा भी देनी पड़ रही है। दाद हो तो डाक्टर को दिखाएं, अपने मन से मलहम न लगाएं।

# सरकारी स्कूलों के शिक्षक बच्चों के भविष्य के साथ कर रहे हैं खिलवाड़

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक शिक्षा विभाग में सुधार हेतु नित नए प्रयोग किए जा रहे हैं और संसाधनों से लैस किया जा रहा है वहीं शिक्षकों की मनमानी से प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। विद्यालय में ना तो समय से शिक्षकों को उपस्थित होना है ना ही क्लास में पढ़ाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर के कैंम्पियरगंज तहसील क्षेत्र के कुड़ी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के नाम पर खिलवाड़ किया जा रहा हैं वहीं मिडिया द्वारा प्राथमिक विद्यालय पर पहुंचा गया विधालय बन्द पाया गया वही आप पास के लोगों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि विद्यालय कोई बंद करने की समय नहीं होती है जब चाहते हैं तब लोग विद्यालय बंद करके चले जाते हैं और बच्चों को शिक्षा मिल नहीं पा रही हैं। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी ध्रुव प्रसाद से बात किया गया फोन पर तो उन्होंने कहा की जांच करने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# जितना बड़ा गुंडा होता है, सपा में उतना बड़ा ओहदा मिलता है : सीएम योगी



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अंबेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा क्षेत्र में 1,231 करोड़ रुपये की 6,778 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास**

- मुख्यमंत्री ने युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल के सदस्यों को वितरित किया स्पोर्ट्स किट
- बोले सीएम, जब कोई डकैत मारा जाता है तो सपा के लोग तिलमिला जाते हैं
- अयोध्या में राम मंदिर का बनना देश की बहुसंख्यक आस्था की आवश्यकता की पूर्ति थी : मुख्यमंत्री



जन एक्सप्रेस | अंबेडकर नगर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार चलाने के लिए दिल, दिमाग और जज्बा चाहिए होता है। सत्ता विरासत में मिल सकती है, लेकिन बुद्धि विरासत में नहीं मिलती है। जो लोग सत्ता को अपनी बपौती मानते थे, उन्हें भी पता चल गया है कि अब वो उत्तर प्रदेश में वापस नहीं आ पाएंगे, इसलिए षड्यंत्र रच रहे हैं। सीएम योगी ने प्रदेश के युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि सरकारी नौकरियों की तैयारी शुरू कर दीजिए, डबल इंजन सरकार दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने जा रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कटेहरी विधानसभा क्षेत्र में 1,231 करोड़ रुपये की 6,778 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। साथ ही युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल के सदस्यों को स्पोर्ट्स किट वितरित किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि साढ़े सात वर्ष में साढ़े छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। अभी 60200 से ज्यादा युवाओं को पुलिस में भर्ती कर रहे हैं। इसमें 15 हजार बेटियां हैं। ये भर्ती जैसे ही संपन्न होगी, वैसे ही पुलिस की 40 हजार और भर्ती निकालने जा रहे हैं। साथ ही बहुत जल्द अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से 40 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देने जा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का शिक्षा आयोग गठित हो चुका है। बेसिक, माध्यमिक, उच्च, तकनीकी, व्यावसायिक शिक्षा में तेजी के साथ भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने जा रहे हैं।

### लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

कार्यक्रम में 115 ग्राम पंचायतों में स्वच्छ पेयजल परियोजना। थाना अकबरपुर, बेवाना, अलीगंज, जलालपुर एवं अलीपुर तथा महिला थाना अंबेडकरनगर में हॉस्टल/ बैरक एवं विवेचना कक्ष। छत्रपति शाहू जी महाराज राजकीय पॉलिटेक्निक में ए.आई.सी.टी.ई. के मानकानुसार स्वीकृत कार्य। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 14 फैकल्टी आवास। नगर पालिका परिषद अकबरपुर में कचरा निस्तारण संयंत्र। जिला चिकित्सालय में कम्प्रेहेन्सिव मेडिकल सर्जिकल एवं एक्सीडेंटल इमरजेंसी यूनिट। भीटी दोस्तपुर संपर्क मार्ग से कटरिया-मंशापुर तक एवं महरूआ से आनंदनगर-गोड्था मार्ग का सुदृढ़ीकरण। किछौछा दरगाह शरीफ, बाबा जगरदेव धाम, झारखंड बाबा मंदिर एवं राम-जानकी मंदिर टिकरिया का पर्यटन विकास। आईटीआई ममरेजपुर एवं आलापुर में आधुनिक कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कक्ष। बसखारी किसान कल्याण केंद्र-अलीगंज चुंगी चिंतौरा मार्ग का नवीनीकरण। घाघरा नदी के दाएं तट स्थित ग्राम केवटला, पिपरियां एवं अन्य ग्राम समूहों की बाढ़ एवं कटान से सुरक्षा हेतु ड्रेजिंग कार्य। भियांव कस्तूरबा गांधी विद्यालय में छात्रावास। रामनगर एवं जहांगीरगंज में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय। नवसृजित नगर पंचायत जहांगीरगंज में कल्याण मंडप। अकबरपुर एवं कटेहरी में राजकीय नलकूप का लोकार्पण किया गया।

### सपा शासन में पुलिस भागती थी और गुंडे दौड़ाते थे

सीएम योगी ने कहा कि सपा सरकार में गुंडों की पूरी फौज थी, सपा के लोग उन्हें अपना शागिर्द मानते थे। जितना बड़ा गुंडा होता है, सपा में उतना बड़ा ओहदा मिलता है। सपा के लोगों को इसी में गौरव की अनुभूति होती है। सपा की सरकार में पुलिस भागती थी और गुंडे माफिया दौड़ाते थे। आज उल्टा हो गया है। माफिया भाग रहा है, पुलिस दौड़ा रही है। सुल्तानपुर एनकाउंटर पर इशारों-इशारों में उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में जब कोई डकैत मारा जाता है तो सपा के लोग तिलमिला जाते हैं। लगता है जैसे उनकी दुखती नस पर हाथ रख दिया गया है। पुलिस मुठभेड़ में डकैत के मारे जाने का सपा को बुरा लग रहा है।

### बेटियों से अन्याय करने वाले सपा के नेता

सीएम योगी ने कहा कि एक बेटी, सबकी बेटी है। उसके सम्मान और रक्षा का दायित्व पूरे समाज का होता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में निषाद बेटी के साथ सपा के नेता ने क्या किया, किसी से छुपा हुआ नहीं है। निषाद बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वाले आरोपी का सपा के लोग बचाव कर रहे हैं। कन्नौज में नाबालिग बेटी के साथ अन्याय करने वाला भी सपा का नेता है। उसको भी ये लोग बचाने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि सपा सरकार में दबंगई के बल पर गुंडे एवं माफिया गरीब और व्यापारी की जमीन पर कब्जा करते थे, लेकिन हमारी सरकार माफिया और गुंडों से जमीन जब्त कर गरीबों में बांटने का कार्य कर रही है।

### जाति के नाम पर लड़वाएंगे सपा व कांग्रेस के लोग

सीएम योगी ने कहा कि बेटी और व्यापारी सुरक्षा पर खतरा पैदा करने वाले लोग गायब हो गए हैं, जो माफिया बचे हैं वो अंतिम यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून को हाथ में लेने का अगर कोई दुस्साहस करेगा तो उसका काम तमाम करने कार्य डबल इंजन की सरकार करेगी। सीएम योगी ने कहा कि जाति की राजनीति करने वाले लोग आम नागरिक की सुरक्षा में सेंध लगाना चाह रहे हैं। इन्हें जब भी सत्ता मिली, तुष्टिकरण किया और अराजकता फैलाई। पर्व और त्योहार के दौरान दंगा कराया। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के लोग जाति के नाम पर लड़वाने का कार्य करेंगे। यह हम सबके एकजुट होने और विकास की प्रक्रिया से जुड़ने का समय है।

### महाराजा सुहेलदेव के किले का करेंगे पुनरोद्धार

सीएम योगी ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार अंबेडकर नगर में महाराजा सुहेलदेव के किले का पुनरोद्धार करने जा रही है। इसके लिए हमारी सरकार एएसआई से बात करने जा रही है। महाराजा सुहेलदेव के किले में उनका भव्य स्मारक भी बनाएंगे। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, डॉ. संजय निषाद, ओम प्रकाश राजभर, गिरीश चन्द्र यादव, डॉ. दयाशंकर मिश्र %दयालु%, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा %साधू%, विधान परिषद सदस्य डॉ. हरिओम पांडेय आदि मौजूद रहे।

### टांडा में हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष की हुई थी हत्या

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के हर जिले में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस द्वारा पोषित माफिया की समानांतर सरकारें चलती थीं। हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष की टांडा में हत्या होती है और कोई सुनवाई नहीं होती है। 2017 के बाद उत्तर प्रदेश माफिया मुक्त बन गया है। उन्होंने कहा कि विकास और लोककल्याण से सपा-कांग्रेस का कोई लेना देना नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का मानचित्र हम सबके सामने रखा है। इसके लिए उन्होंने 25 वर्ष की व्यापक कार्ययोजना भी रखी है। इसके अन्तर्गत डबल इंजन की सरकार हर हाथ को काम और हर खेत को पानी के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

### जनता को छुआ तो पुलिस की लाठी ठीक कर देगी

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का बनना देश की बहुसंख्यक आस्था की आवश्यकता की पूर्ति थी। उन्होंने कहा कि आज 15 करोड़ लोगों को उत्तर प्रदेश में राशन की सुविधा का लाभ मिल रहा है। 56 लाख गरीबों को मकान मिला है। 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश के दो करोड़ युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन दे रहे हैं। हम जाति, मत, मजहब और चेहरा देखकर योजना नहीं चलाते हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के युवा अपना उद्योग लगाएं हमारी सरकार पहले चरण में पांच लाख तो दूसरे चरण में 10 लाख रुपये का ब्याज मुक्त लोन दे रही है। उन्होंने कहा कि सपा के लोगों को जब कभी अवसर मिलता है तो आपस में उलझ पड़ते हैं, क्योंकि इन्हें पता है कि आम जनता को अगर छुआ तो पुलिस की लाठी उन्हें ठीक कर देगी।

### शिलान्यास होने वाली परियोजनाएं

कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कुर्की बाजार, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बेवाना, राजकीय हाईस्कूल पहितीपुर एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जलालपुर में मल्टीपर्पज हॉल, पुस्तकालय एवं अतिरिक्त कक्षा कक्ष राजकीय नर्सरी सीहमई कारीरात एवं डॉ. अंबेडकर राजकीय उद्यान अकबरपुर का जीर्णोद्धार संस्पना में वृहद गो संरक्षण केंद्र सीएचसी अकबरपुर, कटेहरी एवं जलालपुर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट महरुआ-मिझौड़ा-यादवनगर मार्ग अन्य जिला मार्ग एवं अकबरपुर-गौहनिया मार्ग अन्य जिला मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण दरबन झील, श्रवण धाम एवं टांडा के महादेव घाट का पर्यटन विकास ज़ अशरफपुर किछौछा जलापूर्ति परियोजना घाघरा के दाएं तट स्थित इल्फातगंज, पटेलनगर, सलारगढ़ हेतु बाढ़ सुरक्षा कार्य टांडा-मुबारकपुर की सुरक्षा हेतु निर्मित डैम्पनर संख्या-22, 23 एवं 24 की पुनरुद्धार परियोजना अकबरपुर, कटेहरी, टांडा एवं आलापुर में राजकीय नलकूप का शिलान्यास।

# मनकामेश्वर मंदिर कॉरिडोर व फूलेश्वर महादेव मंदिर का होगा कायाकल्प : योगेंद्र उपाध्याय

**कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने पेश किया जनपद के विकास कार्यों का खाका**

जन एक्सप्रेस | आगरा



उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगेंद्र उपाध्याय ने नवीन सर्किट हाउस सभागार में पत्रकार वार्ता आयोजित कर जानकारी कि सड़क,बिजली, पानी इत्यादि मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ साथ उत्तर प्रदेश सरकार पूर्वजों द्वारा स्थापित मठ, मंदिरों, ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्थलों जो कि प्रेरणा और आस्था के केंद्र हैं उनका भी पर्यटन व संस्कृति मंत्रालय से विकास करा रही है। उन्होंने बताया कि शहर के अति प्राचीन रावतपाड़ा स्थित मनकामेश्वर मंदिर के के विकास व सौंदर्यीकरण का कार्य दो चरणों में करा रही है जिसमें प्रथम चरण में मंदिर के कॉरिडोर सौंदर्य करण का कार्य स्वीकृत धनराशि 2,57,57000 से संपन्न किया जा रहा है, जिसमें मंदिर परिसर के चारों तरफ के पहुंच मार्गों पर कोबल स्टोन लगाने का कार्य, नाली निर्माण, मुख्य द्वार के बाहर रेलिंग स्टोन सहित फर्श निर्माण,विद्युत पोल सहित सजावटी लाइट, मुख्य द्वारों का लाल पत्थर से सौंदर्यीकरण तथा कॉरिडोर मार्ग पर चित्रकारी सहित पेंटिंग का कार्य प्रगति पर है, द्वितीय चरण में 1,05,53,400 की स्वीकृत धनराशि से रावतपाड़ा तिकोनिया एवं दरेसी मार्गों पर नाली वह इंटरलॉकिंग मरम्मत का कार्य,रावतपाड़ा तिकोनिया पर सजावटी लाइट का कार्य,मुख्य द्वार का लाल पत्थर से सौंदर्यीकरण ,रावतपाड़ा तिकोनिया पर भगवान शिवजी के डमरू सहित हाथ की आकृति स्थापित करने का कार्य एवं तिकोनिया मंदिर का लाल पत्थर से सौंदर्यीकरण सहित मार्बल फर्श का निर्माण शामिल हैं। योगेद्र उपाध्याय ने बताया कि शाहगंज स्थित श्री फूलेश्वर मंदिर ऐतिहासिक महत्व रखता है लेकिन लोगों को उसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी मंदिर उपेक्षित था, मंत्री ने बताया कि उनके विशेष प्रयासों से श्री फूलेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास का कार्य 124,22 लाख स्वीकृत धनराशि से किया जा रहा है इस हेतु 50 लाख की धनराशि को प्रथम किस्त के रूप में अवमुक्त किया गया है जिसके अंतर्गत दो प्रवेश द्वार, पुजारीकक्ष ,टॉयलेट ब्लॉक, यात्रीशेड , हॉल,बाहरी विद्युतीकरण, म्यूरल वॉल, बेंचेज, साइनेज इत्यादि कार्य प्रस्तावित है।

## मौत से पहले दोस्त के साथ ली सेल्फी

जन एक्सप्रेस | आगरा

बाह के बटेश्वर में दोस्तों के साथ पूजा करने आया युवक यमुना में डूब गया। डूबने से पहले उसने अपने दोस्त के साथ सेल्फी ली। इसके बाद दोनों युवक पैर फिसलने में यमुना में गिर गए। एक युवक को तो लोगों ने कपड़ा फेंक कर बाहर निकाल लिया। दूसरा गहरे पानी में डूब गया। जब तक गोताखोरों ने उन्हें बाहर निकाला, तब तक एक की मौत हो गई। इरादत नगर के बसई खुर्द गांव के श्यामू (25) अपने दोस्त राहुल के साथ ऋषि पंचमी के स्नान और पूजन को बटेश्वर आए थे। रविवार सुबह 9 बजे के करीब यमुना में स्नान करते समय घाट पर सेल्फी ले रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक संतुलन बिगड़ने से दोनों यमुना में डूब गए। चीख पुकार पर पहुंचे गोताखोरों ने राहुल को बचा लिया। जबकि गहरे पानी में पहुंचा श्यामू नदी में बह गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने श्यामू की तलाश कराई, दो घंटे बाद शव बरामद हो गया। सूचना पर युवक के परिजन भी पहुंच गए। श्यामू की मां का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। वो घाट पर ही बेहोश हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

# कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने टटोली विभागीय अधिकारियों की नब्ज

जन एक्सप्रेस | आगरा



कैबिनेट मंत्री वित्त व संसदीय कार्य विभाग उत्तर प्रदेश सरकार सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य कोषाधिकारी आगरा ने बताया कि मृत पेंसनरों पर जनपद में लगभग 10 करोड़ 32 लाख रुपए बकाया था जिसमें से 10 करोड़ की वसूली कर ली गई है, जनपद में इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल से अगस्त तक लगभग 17 करोड़ रुपए के स्टांप की बिक्री की गई है जो प्रदेश में सर्वाधिक है तथा कोषागार में हाल ही में बिल पासिंग हाल,अधिष्ठान कक्ष, कोषागार उद्यान आदि का कार्य कराया गया है। मुख्य कोषाधिकारी ने कोषागार के संपर्क मार्ग के निर्माण की समस्या को भी मा. मंत्री महोदय के समक्ष रखा।

बैठक में मंत्री ने वित्त व लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा, उच्च शिक्षा को तलब किया तथा कर्मचारियों के एरियर भुगतान सेलरी व पैंशन समय से जारी करने के निर्देश दिए उन्होंने जनपद आगरा से प्राप्त हुई शिकायतों का संज्ञान लेते हुए निर्देशित किया कि शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाही के लिए तैयार रहें। सब रजिस्ट्रार द्वारा चल रहे कार्यालय भवन को अपर्याप्त बताने फाईलों की संख्या बढ़ने पर कार्यालय शिफ्ट करने की बात रखी। उन्होंने कहा कि उचित प्रस्ताव बनाकर देने के निर्देश दिए तथा सब रजिस्ट्रार कार्यालय में प्राप्त शिकायत संबंधी संज्ञान लेते हुए कहा कि मैरिट पर फाइल का निस्तारण हो, बैठक में अपर निदेशक कोषागार, डीपीओ कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर से शिफ्ट होने से आ रही समस्याओं के उचित निस्तारण का आश्वासन दिया। बैठक के पश्चात मा.वित्त मंत्री कोषागार निरीक्षण को पहुंचे जहां किए गए नव निर्माण की सराहना की तथा पेंसनर कक्ष की मरम्मत व अनुरक्षण का प्रस्ताव बनाने जिससे कि पेंशनरों को भी उचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।तथा कोषागार परिसर में स्थित मंदिर हेतु पर्यटन विभाग को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी रीता सचान, स्टांप विभाग,सब रजिस्ट्रार, वित्त व लेखाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## रक्षा मंत्री से की विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों पर अंकुश लगाने की मांग



जन एक्सप्रेस | आगरा

राष्ट्रवादी व्यापारी एकता परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव संजीव पोरवाल ने कहा कि विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों के कारण रिटेल सेक्टर के व्यापारियों का व्यापार काफी प्रभावित हो रहा है। यदि ई-कॉमर्स कंपनियों पर शीघ्र अंकुश नहीं लगाया गया, तो खुदरा कारोबारी बर्बाद हो जाएगा। जिला अध्यक्ष राजू गोयल ने कहा कि रिटेल व्यापारी त्यौहारों पर कई महीनों पहले से बड़े मुनाफे के लिए स्टॉक भरता है पर ई कॉमर्स कम्पनियाँ सस्ता ऑफर देकर व्यापारी के तैयारी को ध्वस्त कर देता है। इससे ऑनलाइन खरीदारी से छोटा व्यापारी दम तोड़ देता है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री एवं वित्तमंत्री से वार्ता कर दोनों नीतियां बनवाने तथा विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों पर अंकुश लगवाने की मांग की। साथ ही उन्होंने रक्षामंत्री से हस्तक्षेप कर रिटेल ट्रेड पॉलिसी बनाने की मांग भी की।

# सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन में पैदा हुआ बवाल

जन एक्सप्रेस | आगरा



सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों में बवाल शुरू हो गया है। बता दें कि सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन एक रजिस्टर्ड संस्था है जिसका डिप्टी रजिस्टार सोसायटी और चिट फंड के यहां पर रजिस्ट्रेशन नंबर अऋफ/0019741 हैं। यह संस्था दो दशक से भी पुरानी है। सदर बाजार के दुकानदारों ने बाजार के विकास हेतुयह एसोसिएशन बनाई थी। आज भी सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ मजबूती से सदर बाजार कर लिए काम कर रहा हैं। आशा कपूर 2 वर्ष 2022 -2024 हेतु अध्यक्ष चुनी गई थी। इनका कार्यकाल मार्च 2024 में समाप्त हो गया था। तीन माह तक निर्वाचन अध्यक्ष चुनाव हेतु टालमटोल करती रही। बोली कि चुनाव होने ही नहीं है। बांके बिहारी मंदिर में अपने 10/12 सदस्यों की सभा बुलाकर समाप्त हुए कार्यकाल को अनाधिकृत रूप से बढ़ा दिया। खुद को ही माला पहना कर स्वयंभू अध्यक्ष बन गई। बड़ी तकलीफों से चुनाव की घोषणा करी। फिर डबल माइंडेड हई कि चूँकि शॉपिंग आर्केड वाले अपनी एसोसिएशन अलग बना रहे हैं चुनाव कैंसिल कर देंगे। बड़ी मुश्किल से नियत तारीख पर चुनाव करवाए गए। पाँच चुनाव अधिकारियों पर अपना पूरा-पूरा अंकुश रखा। प्रत्याशियों ने चुनाव अधिकारियों के कार्य में नियम विरुद्ध दखलअंदाजी करी। निवर्तमान अध्यक्ष ने नियमविरुद्ध दो चुनाव अधिकारियों को हटाया। बाकी तीन चुनाव अधिकारियों ने पूर्ण निष्पक्ष तरीके से आर्मी एवं पुलिस की देखरेख में दिनाँक 11जुलाई, 2024 को निष्पक्ष चुनाव को कराया। अब बेबुनियाद अनर्गल आरोप है कि चुनाव में धाँडलेबाजी करी गई है। साक्ष्य कोई भी उपलब्ध नहीं करते हैं ? बाजार की छवि धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। बाहर के लोग पूछते हैं कि अध्यक्ष की कुर्सी पर कितना धंधा करते हो बाजार वाले निरुत्तर हो जाते हैं। निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती आशा कपूर जी चंद ठैल वालों को साथ लेकर अपने आप को अध्यक्ष सबित करना चाहती हैं। दुकानदार अपनी एकता के कारण ही सदर बाजार को आगरा का सबसे लोकप्रिय बाजार बनाए रखने में कामयाब हुए हैं। सदर बाजार को आगे ले जाने हेतु। आशा कपूर जी से भी कोई मदभेद नहीं हैं, बल्कि हम चाहते की वह हमारे साथ कंधे से कंधा मिला कर सदर बाजार के लिए काम करें।

## दबंगों ने बंधक बनाकर युवक की लाठी डंडा सरियों से की मारपीट

जन एक्सप्रेस | आगरा

थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा भदरौली में शुक्रवार को दबंग युवक को घर से उठा ले गए। और एक पेट्रोल पंप लाकर उसे जबरन शराब पिलाई।और जान से मारने की नीयत से लाठी डंडा सरियों से जानलेवा हमला बोल घायल कर दिया। और मरणा सन्न अवस्था में पड़ा छोड़कर भाग गए। होश आने पर किसी तरह घायल युवक अगले दिन अपने घर पहुंचा।और पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजन युवक को घायल अवस्था में लेकर थाना पिनाहट पहुंचे।जहां दबंगो के खिलाफ थाना पिनाहट में लिखित तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।वहीं पुलिस ने घायल युवक को मेडिकल के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा भदरौली निवासी मनोज पुत्र रामसेवक शर्मा ने थाना पिनाहट में लिखित तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि 6 सितंबर की रात्रि करीब 2 बजे पिंकल पुत्र राजबहादुर निवासी भदरौली का उसके पास फोन आया। और उसे घर के बाहर बुलाया । और उसे अपने साथ बाइक पर बैठने के लिए बोला।युवक ने बाइक पर बैठने से मना किया ।

आरोप है कि दबंग उसे जबरन बाइक पर बिठा ले गए।और थाना पिनाहट क्षेत्र की अंतर्गत बाह -आगरा हाइवे मार्ग पर कस्बा भदरौली स्थित पेट्रोल पंप पर लाकर उसे जबरन शराब पिलाई । थोड़ी देर बाद पिंकल का भाई प्रदीप पुत्र राजबहादुर अपने चार-पांच अज्ञात साथियों के साथ लाठी डंडा सरिया लेकर आ गया । और उसे जान से मारने की नीयत से लाठी डंडा सरिया पाइप से जानलेवा हमला बोल दिया।और बंधक बनाकर उसके साथ बुरी तरह मारपीट की।जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बेहोश होने पर पड़ा छोड़कर भाग गये । किसी तरह होश आने पर युवक 7 सितंबर की शाम को घर पहुंचा। घर पहुंच कर उसने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी।

# भाजपा नेता के सरकारी गनर ने गोली मार की आत्महत्या पुलिस जांच पड़ताल मे जुटी

* पुलिस अधीक्षक में घटनास्थल का किया निरीक्षण दिए संबंधित को निर्देश

जन एक्सप्रेस । जौनपुर





उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के बरसठी थाना क्षेत्र के बेलौनाकला (बबूरीगांव) निवासी भाजपा नेता मनोज सिंह की सुरक्षा में तैनात आरक्षी की रविवार की आज सुबह संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर जब दूसरा गनर और बावर्ची वहां पहुंचे तो वो खून से लथपथ पड़ा था। जिला अस्पताल भेजा गया तो वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का दावा है कि, सुबह 6 बजे कार्बाइन की सफाई करते समय गोली चल गई, जिसमें रत्नेश प्रजापति की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा है। मौके पर पहुँची पुलिस और फोरेंसिक जांच टीम घटना की छानबीन के साथ ही साक्ष्य जुटाने में जुटी है। उधर, घटना की जानकारी मिली तो एसपी डाक्टर अजय पाल शर्मा पुलिस फोर्स के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर पूछताछ किए। जानकारी के अनुसार मल्हनी विधानसभा सीट से 2020 के हुए उपचुनाव में मनोज सिंह भाजपा के प्रत्याशी थे। जिसमे उनकी जमानत ज़ब्त हो गई थी। लेकिन पार्टी में बड़ा नाम होने के नाते उनकी सुरक्षा के लिए दो आरक्षी रत्नेश प्रजापति और रजत पांडेय को लगाया गया था। मनोज सिंह कहीं बाहर गए हुए थे तो गांव स्थित फार्म हाउस पर दोनों गनर रुके हुए थे। बताया जा रहा है कि, रविवार की अल सुबह करीब 6 बजे रत्नेश प्रजापति 30 वर्षीय को सिर में गोली लगी है।

### अचानक चली गोली, बावर्ची और गनर सहमे

रविवार की सुबह करीब 6 बजे मनोज सिंह के बावर्ची अवनीश शुक्ल और गनर रजत पांडेय अपने काम में व्यस्त थे। तभी गोली चलने की तेज आवाज सुनाई दी तो दोनों सहम गए। पहले तो कुछ समझ में नहीं आया, लेकिन जब रत्नेश प्रजापति को देखा तो वो खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। पास में ही उसकी सरकारी कार्बाइन भी पड़ी थी। वहां मौजूद दूसरा गनर और बावर्ची पहले उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां से जिला अस्पताल भेज दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने देखते ही रत्नेश को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि, घटना के समय भाजपा नेता किसी दूसरे शहर गए हुए थे। इसके चलते सिपाही उनके फार्म हाउस में ही रुके थे। मृतक सिपाही मऊ जनपद के थाना अलीनगर सराय लाखंसी निवासी है। वह सन् 2018 में पुलिस विभाग में भर्ती हुआ था। घटनास्थल पर सीओ गजेंद्र सिंह थानाध्यक्ष कश्यप कुमार सिंह रामपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय समेत भारी पुलिस बल पहुचकर निरीक्षण किया। फोरेसिंक टीम ने भी मौके पर पहुचकर नमूना एकत्र किया है। मृतक के परिवार के लोगो का रो-रोकर बुरा है जिला अस्पताल में पहुचकर आगे की कार्यवाई में लगे है। इधर, घटना के बाबत भाजपा नेता मनोज सिंह ने बताया कि राजनैतिक कार्यो के चलते राजधानी में हूं। सुबह ख़बर मिली कि सुरक्षा में तैनात गनर की फार्महाउस पर गन साफ करते वक्त गोली लग गई। उन्होंने घटना को लेकर दु:ख व्यक्त किया है एवं शोकाकुल परिजनों के लिए आत्मीय संवेदना प्रकट किया है।

# हजारों श्रद्धालुओं ने सूरजकुंड में लगाई डुबकी किया पूजन

* सरायख्वाजा के ऐतिहासिक भादोछठ मेले में उमड़ी भारी भीड़
* चोटहिया जलेबी से लेकर कृषि यंत्रों की जमकर हुई खरीदारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सरायख्वाजा का ऐतिहासिक भादोछठ् के मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने प्राचीन सूरज कुंड तालाब में भोर से ही श्रध्दा व आस्था की डुबकी लगाई। मेले में भारी भीड़ उमडी रही । दिनभर चोटहिया जलेबी से लेकर कृषि यंत्रों की जमकर खरीदारी हुई। दूर दराज से आये दुकानदारों की अच्छी बिक्री हुई। मेले में चोर उचक्के भी सक्रिय रहे। सरायख्वाजा का ऐतिहासिक भादोछठ् का मुख्य मेला रविवार को लगा। जिसमें तीन बजे भोर से ही महिलाएं बूढ़े बच्चे व अन्य लोग आस्था का प्रतीक प्राचीन सूरजकुंड तालाब में स्नान कर सूर्य को अर्ध्य देते रहे। और स्नान ध्यान के उपरांत अपने पुराने कपड़े छोड़ कर कुंड पर स्थापित शिव मंदिर में पूजन अर्चन किया। महिलाए कढ़ाई पुडी चढाकर पूजन किया। सूरजकुंड में चर्म रोगियों व बूढ़े बच्चे महिलाएं समेत 10 हजार से अधिक लोगों ने स्नान किया। इसके अलावा तीन किलोमीटर में लगने वाला भादो छठ् के मेले में किसानों ने कृषि यंत्रों की जमकर खरीदारी की। वहीं तमाम वाहन इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों ने इंस्टॉल भी अपने अपने प्रोडक्ट के लगाए। इसके अलावा खिलौनों की खरीदारी में बच्चों ने लुफ्त उठाया । जगह-जगह चोटहिया जलेबी की भी धूम रही। मेले में भारी संख्या में मिठाई की दुकाने,सिंगार प्रसाधन, फल, खेल खिलौने,गुब्बारे ,कृषि यंत्रों की दुकानें सजी थी। ग्राम प्रधान रैना सन्तोष सिंह ने भी मेला के लिए कंट्रोल रूम की व्यवस्था की थी । मेले मे देवकली पावर हाउस बाजार में निशुल्क प्याऊ मिष्ठान हट का उद्घाटन सपा के वरिष्ठ नेता लालचंद यादव लाले ने फीता काटकर किया,संचालन रामनवल गुड्डू ने किया। सरायख्वाजा के मुन्नर राम इंटर कॉलेज के प्रबंधक रामानंद यादव के नेतृत्व में छात्रों ने जगह-जगह निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई थी ,जो मेलार्थियो के गले को तर करवाते रहे। मेले में चोर उचक्के गडबडी ना कर पाए इसके लिए पुलिस सादे ड्रेस में भी चक्मण लगाती रही। चोर उचक्के सक्रिय रहे।

### उच्चको ने आधा दर्जन महिलाओं के गले से चैन गायब किया

भादोछठ मेले में भारी भीड चलते महिला पुरुष उचक्के भी सक्रिय रहे। भारी भीड़ देखते हुए दूबराआजमगढ से आई सोनम पत्नी सुरेंद्र के गले का चेन उच्चको ने गायब कर दिया। वही मछलीशहर से आयी कबिता सिंह की ससुर पति अखिलेश के मौजूदगी में ही गले से चेन गायब कर दिया। इसके अलावा राधिका देवी के कान की बाली महिलाओ की झून्ड मे छिन गया, केसरी देवी के गले से चांदी का चेन गायब कर दिया। उचक्के की सक्रियता देखते हुए पुलिस सक्रिय हुईई लेकिन तब तक आधा दर्जन महिलाएं लूट चुकी थी।

### चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस रूटा रहा डायवर्ट

मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष सरायख्वाजा राजनारायण चौरसिया, चौकी प्रभारी पूर्वांचल विश्वविद्यालय संतोष कुमार यादव के नेतृत्व में जगह-जगह पुरूष व महिला पुलिस टीमें,पीएसी लगी रही, चप्पे-चप्पे पर तैनात होकर निगरानी किया। सुरक्षा को देखते हुए मेला व्यवस्था संभालती रही। यहां तक सुबह 11 बजे से सिद्दीकपुर से जमुहाई,कोरीडीहा व पूर्वांचल विश्वविद्यालय से होते हुए करंजाकला बाजार ,मल्हनी से कोरीडीहा रूट डायवर्ट कर दिया गया था। जिसमें बड़े वाहन ट्रक बस को भीङ देखते हुए डायवर्ट किया गया था। छोटे वाहन मेले के अंदर से गुजरते रहे। इसके अलावा बेतरतीब खड़े दर्जन भर वाहनों का पुलिस ने चालान कर दिया।

# गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल ने किया छात्रों की सुरक्षा के लिए महिला कमेटी का गठन



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल में गार्जियंस ग्रेस कमेटी की पहली गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस समिति की अध्यक्ष डॉक्टर सोनिया गोस्वामी, विशेष सदस्य पीलीभीत की डीएसपी उपासना पांड़े, सदस्य अस्मिता अग्रवाल व आशा सिंह,सचिव विष्णु प्रिया , प्रधानयाचार्य नीलोफर अंसारी व अभिभावक प्रतिनिधि बिन्नी सिंह देशवार ने कक्षा 9 व 10 की छात्राओं के संग पहले गोष्ठी का शुभारंभ किया। इस गोष्ठी की पहल करते हुए स्कूल के प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने बताया कि महिला सुरक्षा आज की सामाजिक समस्या है जिसे हल करने के लिए हमें सामाजिक संज्ञान बढ़ाना चाहिए।और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। इस पहल के अन्तर्गत हमने बालिकाओं को कैसे सुरक्षित रहना चाहिए उसके बारे में अवगत कराया गया तथा उनको आने वाली कठिनाईयों का पहले से ही तरीका बताया की कैसे हम आने वाली दिक्कतों का सामना भविष्य में कर सकते हैं। इसी के साथ समिति के सभी सदस्य ने तथा कक्षा नवमी व दशमी की बालिकाओं ने अपने विचारों का आदान प्रदान किया।
इस कार्यक्रम के अंतर्गत पीलीभीत की डीएसपी उपासना पांडे मैम ने बताया कि जब बच्चे अपनी ट्यूशंस के लिए घर के बाहर जाते हैं तब वह अपनी लाइव लोकेशन को अपने परिजन के साथ साझा कर सकते हैं तथा हमे कभी भी किसी भी स्थिति में हार नहीं माननी चाहिए।
इसके साथ में डीएसपी मैं ने यह भी बताया कि जब बालिकाएं अपने घर से बाहर ट्यूशन के लिए जाती है तो उन्हें ऐसे रास्ते का प्रयोग करना चाहिए जिस रास्ते में लोगों का आना-जाना चहल-पहल रहती हो जिससे वह कभी भी किसी भी मुसीबत में लोगों से सहायता ले सकती हैं। स्मिता अग्रवाल ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि घर में होने वाली घरेलू हिंसा तथा किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ तथा महिला हेल्पलाइन नंबर के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की।
हमें सारी कक्षाओं में महिला हेल्पलाइन नंबर के बारे में बालिकाओं को जानकारी देनी चाहिए तथा उसके बारे में बालिकाओं को अवगत कराना चाहिए।
इसी के साथ आशा सिंह ने यह बताया कि अगर रास्ते में जाते हुए हमको कोई भी आपत्तिजनक दृश्य दिखाई देता है तो हमें उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए तथा हमें अपने परिजनों को उसके विषय में बताना चाहिए तथा उसके खिलाफ उचित कार्रवाई करनी चाहिए जिससे भविष्य में ऐसे आपत्तिजनक चीजों का सामना न करना पड़े।
हमारे विद्यालय के प्रधानाचार्य नीलोफर अंसारी ने बच्चों को बताया कि कभी ऐसी परिस्थितियों भी आ सकती हैं इसके खिलाफ हम आवाज नहीं उठा सकते ऐसी स्थिति में हमें अपने परिजनों को उसके विषय में बताना चाहिए तथा उसके खिलाफ उचित कार्रवाई करनी चाहिए।
विद्यालय की संचारिका डॉक्टर सोनिया गोस्वामी समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद कहा तथा स्कूल के प्रबंधक निशांत गोस्वामी जी ने सभी को विशेष धन्यवाद देते हुए सभी सदस्यों को सम्मानित किया तथा इस समिति की अगली गोष्ठी के लिए अवगत कराया।

# इंसानियत की मिसाल: पत्रकार ने मासूम बच्चे की बचाई जान

* खड़ी बाइक में टक्कर लगने से दो माह के बच्चे सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



गजरौला गजरौला थाना क्षेत्र माला मोड की तरफ जाते समय खड़ी बाइक पर तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मारी महिला बच्चे सहित चार लोग घायल,फिल्मी स्टाइल में दूर तक फिसलते गए। बाइक चालक मासूम बच्चा और दो महिला सहित चार लोग घायल हुए। बाइक चालक अंकित अपनी सास और सास की मां को लेकर सुबह माधोटडा क्षेत्र के गोमती स्थल पर गए थे। वापसी लौटते समय पीलीभीत के लिए गजरौला माला मोड़ के पास खड़ी बाइक में जोरदार टक्कर लग गई जिससे कि वह फिल्मी स्टाइल में फिसलते हुए हाईवे पर हाइवे जा गिरा जिसमें एक बच्चा भी रोड पर जा गिरा वही पास गुजर रहे पत्रकार सर्वेश कुमार ने घायलों की मदद कर उनके 108 एम्बुलेंस व परिवार वालों सूचना देकर इलाज के लिए भेजा।
पत्रकार ने दो माह के बच्चे को परिवार के सुपुर्द किया।

# रेलवे स्टेशन पर इंजन से कटकर गौमाता की हुई दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** आबारा पशु बड़र संख्या में मार्गों पर भूखे प्यासे घूम रहे हैं क्यों कि किसान अपनी फसलों की रात दिन रखवाली कर रहे हैं। जिससे आबारा पशुओं को फसल खाने का मौका नहीं मिल पा रहा है। हरी भरी घास देखकर गौ माता रेलवे स्टेशन के निकट लाइन पर पहुंच गयी। इंजन से कटकर गौमाता की मौत हो गयी। सरकार द्वारा लगातार फरमान जारी किया जा रहा है कि आबारा गौबंशीय पशुओं की अस्थाई गोशालाएं बनाकर उनमें रखा जाये लेकिन पंचायत विभाग व प्रधानों की लापरवाही की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थाई गौशालाएं नहीं बनवायी जा रही हैं जिससे आबारा गौबंशीय पशु इधर उधर पेट की भूख मिटाने के लिए घूम रहे हैं। गौमाता रेलवे स्टेशन के निकट हरी भरी घास देखकर लाइन पर पहुंच गयीं। तभी शाहजहांपुर की ओर से आ रहे इंजन से गौमाता की कटकर मौत हो गयी। पालिका कर्मचारियों ने रेलवे लाइन से हटाकर गौमाता का अंतिम संस्कार कर दिया।

# गांव कासिमपुर में झुका हुआ है पोल, सैकड़ों व्यक्ति पोल के नीचे से गुजरने को हैं मजबूर



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से नगर व देहात क्षेत्र में पोल गिरताऊ हालत में खड़े हैं। जिन पोलों के गिरने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। गांव कासिमपुर के निकट काफी दिनों से पोल झुका हुआ खड़ा है। इस पोल के नीचे से सैकड़ों लोग गुजरते हैं। पोल गिरने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ रोष व्याप्त है। नगर में भी कई पोल जर्जर हालत में खड़े हुए हैं। नगरबासियों ने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन अधिकारी पोलों को बदलवाने की ओर कोई ठोस कदम उठाते नजर नहीं आ रहे हैं।

# पुलिस की अभद्रता से व्यापारियों में आक्रोश

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सरपतहां थाना क्षेत्र के डीह अशरफाबाद बाजार में शनिवार देर रात बरही मेले में पुलिस द्वारा दर्शकों संग की गई अभद्रता से नाराज व्यापारियों ने रविवार को पूरे दिन दुकानों को बंद रखकर अपनी नाराजगी व्यक्त की। इतना ही नहीं दोपहर ढाई बजे सीओ शाहगंज अजित सिंह चौहान को ज्ञापन देकर कार्यवाही की भी मांग की। डीह अशरफाबाद बाजार में कृष्ण जन्मोत्सव उपलक्ष्य में दो दिवसीय बरही का कार्यक्रम आयोजित होता चला आ रहा है। मेले में सैकड़ों की संख्या में झांकिया सजने के साथ ही रात भर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश अग्रहरि का आरोप है कि शनिवार रात मेले में भीड़ काफी अधिक थी। रविवार भोर में तीन बजे के आसपास अचानक थानाध्यक्ष अरविंद सिंह पुलिस फोर्स के साथ मेले में पहुंचे और दर्शकों को लाठी डंडे के धमकाकर खदेड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं, बच्चियों आदि का भी ख्याल नहीं रखा। जिससे पूरी व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई। पुलिस द्वारा बिना किसी कारण की गई इस तरह की कार्यवाही से व्यापारी काफी मर्माहत हैं तथा दोपहर तीन बजे व्यापार मंडल के अध्यक्ष रमेश अग्रहरि के नेतृत्व में महामंत्री शनि सिंह, कोषाध्यक्ष घनश्याम अग्रहरि, धीरज कुमार, नंदलाल विश्वकर्मा, संजय सिंह, रिंकू सिंह सहित तीन दर्जन से ज्यादा व्यापारी सीओ शाहगंज से उनके कार्यालय पर मिलकर कार्यवाही की मांग की। मामले को लेकर व्यापारियों का आरोप है कि आयोजन के बीच ही पुलिस लाठियां भांजकर सभी को भगाने लगी।

# आपस में लड़ रही बहिनों के साथ चाचा ने की मारपीट

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव परेवा गौटिया निवासी सावित्री देवी पत्नी रामनाथ ने तहरीर देते हुए कहा है कि आज 8 अगस्त को साय 4 बजे मेरी दो पुत्री घर मे अकेली थी जिनमे आपस में कुछ कहा सुनी हो गई ।इसी बात को लेकर मेरे छोटे देबर रामौतार पुत्र पीतम लाल ने मेरी एक 18 वर्षीय पुत्री को मारपीट कर उसका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास कर उसके बाल पकड़कर दीवार में जोर जोर से सर मार कर अचेत कर दिया।थाना प्रभारी से दोषी के खिलाफ कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

# सनगवां से आवारा गौवंश ट्राली में भरकर लाए ग्रामीण, नौगमियां में छोड़ते समय ग्रामीणों ने पकड़ा

* दो लोगों को पकड़कर किया पुलिस के हवाले, बाकी लोग ट्रेक्टर ट्राली लेकर हुए फरार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** आवारा गोवंश की समस्या को लेकर किसान इस कदर परेशान हो चुके हैं कि अपने गांव ट्रेक्टर ट्राली में भरकर दूसरे गांव में लाकर छोड़ रहे हैं। अपनी फसलें बचाने के चक्कर में दूसरे की फसलें चौपट करने पर उतारू हैं। जिसके चलते आपसी संघर्ष की आशंका बनी हुई है। बीती रात आठ बजे सनगवां निवासी नारायन लाल पुत्र बिहारी लाल व सर्वेश कुमार पुत्र नरायन लाल अपने कुछ साथियों के साथ मिहीलाल के महेंद्रा ट्रेक्टर ट्राली में लगभग एक दर्जन से अधिक आवारा गौवंश भरकर निगोही रजवाहा नहर में नौगमियां झाल के पास ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर आवारा गोवंश छोड़ रहे थे तभी खेतों की रखवाली कर रहे तमाम किसान रात के रुकी हुई ट्रेक्टर ट्राली देखकर मौके पर पहुंचे तब तक गौवंश छोड़ने आए लोग ट्रेक्टर ट्राली लेकर मौके से फरार हो गए। आक्रोशित किसानों ने पीछा करते हुए दो लोगों को पकड़ लिया और घटना की सूचना पीआरबी 112 को दी। सूचना मिलते ही पीआरबी 112 मौके पर पहुंची और पकड़े गए लोगों को लेकर लेकर थाने पहुंची। पुलिस को दी गई तहरीर में दिगंबर प्रसाद उर्फ पप्पू नेताजी, व्रजीव पटेल, नरेश पटेल, हरीश पटेल, अजय पाल, नरेन्द्र, मुकेश, ओमकार, राजीव कुमार, अवनीश कुमार, चंद्र पाल, गौरव, सुमित कुमार, कुंवरसेन, राहुल, बृजेश कुमार, महेंद्र पाल सहित तमाम ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि रात के समय सनगवां से आवारा गौवंश छोड़ने आए दो लोगों को नौगमियां के कुछ किसानों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है। किसानों की तरफ से तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 8 वर्षीय बच्ची से अधेड़ ने किया दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मडियाहूं कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बेहद ही शर्मनाक वारदात हुई। अपने घर के बाहर खेल रही 8 वर्षीय बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने दुकान के अंदर ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया ।पुलिस मामला दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुटी है । पीड़िता की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शनिवार दोपहर उसकी 8 वर्षीय बेटी दरवाजे के सामने खेल रही थी, घर के बगल ही साइकिल का पंचर बनाने वाले मिस्त्री की दुकान है। वह बच्ची को अकेला देखकर चॉकलेट देने के बहाने कमरे के अंदर ले जाकर पहले उसके साथ छेड़खानी करने लगा, जब बच्ची ने विरोध किया तो उसे धमकी देकर उसके साथ अधेड़ ने दुष्कर्म किया। बच्ची डरबश घर पर कुछ नहीं बताई ।रात में जब उसे असहनीय दर्द होने लगा तब परिजन घबरा गए ,पूछने पर बच्ची ने बताया कि उसके साथ रोशन चाचा ने गलत काम किया है ।परिजनों द्वारा उसका उपचार एक निजी चिकित्सक से कराया गया। सुबह मामले की सूचना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार को दी गई। सूचना पर तुरंत बड़ी संख्या में थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचकर पीड़िता व दुष्कर्मी को कोतवाली लेकर पहुंचे। जहां पीड़िता की मां की तहरीर पर रोशन लाल गौतम पुत्र पुनवासी गौतम 50 वर्ष निवासी ग्राम गौरा थाना मडियाहू के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही में जुटी है । थाना अध्यक्ष मडियाहू अनिल कुमार ने बताया कि दुष्कर्म पीड़िता का बयान लेकर आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# राजा जौनपुर की 25 वी पुण्य तिथि आज जनसंघ व भाजपा के संस्थापक सदस्यों में थे

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित



**जौनपुर।** राजनीति के पुरोधा व जौनपुर के राजा यादवेंद्र दत्त दुबे की आज 25 वीं पुण्य तिथि है। नौ सितंबर 1999 को इस दुनिया से अपने नश्वर शरीर को छोड़कर जाने वाले इस राजनीतिज्ञ को दो दशक से अधिक समय हो गए हैं, लेकिन आज भी उनकी यादें लोगों के बीच ताजा हैं। वे जौनपुर रियासत के 11 वें राजा थे। राजा जौनपुर यादवेंद्र दत्त राजनीति के ऐसे धुरंधर थे जो अपनी बुद्धिमत्ता व कौशल के दम पर शीर्ष पर पहुंचे। वे हिदी, अंग्रेजी व संस्कृत धारा प्रवाह बोलते थे, तो विज्ञान व ज्योतिष की भी अच्छी जानकारी रखते थे। वह जनसंघ व भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। उत्तर प्रदेश के आरएसएस के प्रभारी रहे। चार बार विधायक व दो बार सांसद चुने गए। उत्तर प्रदेश की विधानसभा में नेता विरोधी दल भी रहे। उनकी राजनीतिक कद का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता हैं कि उनके सामने अटल बिहारी वाजपेयी सम्मान में बैठते तक नहीं थे। पं.दीनदयाल उपाध्याय ने 1963 का उपचुनाव उनकी हवेली में एक माह रूककर लड़ा था। इनका संबंध आरएसएस के बड़े प्रचारकों से रहा, जिनका अक्सर यहां आना-जाना लगा रहता था। राजा यादवेंद्र दत्त के करीबी रहे राज पीजी कालेज के पूर्व प्राचार्य डा.अखिलेश्वर शुक्ला ने बताया कि एक बार लोकसभा में राजा साहब अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर बोल रहे थे, उनकी वाकपटुता को पूरा सदन एकाग्रता से सुन रहा था। उनका समय समाप्त होने पर लोकसभा अध्यक्ष ने उनको रोकना शुरू किया। इस पर अटल बिहारी वाजपेयी व लालकृष्ण आडवानी ने अपना समय लोकसभा अध्यक्ष से आग्रह करके दिला दिया। उसी समय कांग्रेस नेता स्टीफेन ने टोका-टाकी शुरू कर दी तो राजा साहब ने उनको भोजपुरी भाषा में समझाते हुए कहा कि तोहार उमर चालीस होई आई, अवै न गई तोहार लरिकाई। इस पर पूरे सदन में ठहाका लगना व ताली बजना शुरू हो गया। वर्ष 1962 में सदर सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे थे, तो राज हवेली से कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकला था, जिसको बीबीसी ने कवर किया था। बीबीसी में बोला गया कि जौनपुर के राजा यादवेंद्र दत्त के जुलूस में पूरे जिले की भीड़ इकट्ठा हो गई थी कि इसमें तिल रखने की जगह नहीं थी। राजा यादवेंद्र दत्त दुबे का जन्म सात दिसंबर 1918 को हुआ था। 1957 में पहली बार जनसंघ के टिकट पर जौनपुर सदर विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर विधानसभा में पहुंचे थे। दोबारा सदर सीट से 1962 के चुनाव में उनके सामने कांग्रेस के दिग्गज नेता हरगोविद सिंह थे। उन्होंने उनको हराया तो उनको विधानसभा में नेता विरोधी दल बनाया गया। उनकी बढ़ती ख्याति व जीत को देखते हुए जनसंघ के बड़े नेता पं.दीनदयाल उपाध्याय को 1963 के उपचुनाव में यहां लड़ने के लिए भेजा गया था, जिसमें उनको हार मिली थी। वर्ष 1967 में बरसठी से चुनाव लड़कर विधायक चुने गए तो गड़वारा से भी एक बार चुनाव जीते। 1977 के इमरजेंसी में उन्हें वाराणसी के जेल में बंद किया गया था। वह जौनपुर लोकसभा से 1977 व 1989 में सांसद चुनकर संसद पहुंचे। जौनपुर की राज हवेली में आरएसएस के दूसरे सरसंघ चालक गुरुजी माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर, आरएसएस नेता भाऊराव देवरस, वेणु गोपालन, नानाजी देशमुख, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कलराज मिश्र, पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह जैसे दिग्गजों का आना-जाना लगा रहता था।

# कमसान फीडर में 24 घंटे में सिर्फ 10 से 12 घंटे ही बिजली, कृषक हो रहे परेशान

**धान की खड़ी फसल पानी की कमी होने की वजह से हो रही बर्बाद**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो







बिल्हौर तहसील क्षेत्र में बिजली की सप्लाई लगभग सामान्य है लेकिन बिल्हौर कस्बा स्थित बिजली घर से कमसान फीडर की सप्लाई जिसमें लगभग 300 नलकूप लगे हुए है इस फीडर में दिन में लगातार 1 घंटे लाइट कभी आती नहीं 10 मिनट के लिए आई तो 2 घंटे बाद फिर 10 मिनट के लिए आई यही दिन भर आंख मिचौली होती रहती है वह मुश्किल दिन भर में अगर फुटकर समय को जोड़ दिया जाए तो 3 घंटे ही आती है वहीं रात में अभी तक 10:00 बजे लाइट आ जाती थी अब 11:00 बजे तक आंख मिचौनी करती रहती है 11:00 आने के बाद में सुबह 3:00 ही चली जाती है जिससे किसान ब मुश्किल 24 घंटे में एक ट्यूबवेल से तीन से चार बीघे ही यानी एक एकड़ ही सिंचाई हो पाती है इन दोनों धान की फसल में बाली निकल रही है और ऐसे में अगर धान सूख जाती है तो पूरी लागत मेहनत सब बेकार चली जाएगी बिजली घर में पहुंचकर जब संवाददाता ने एसडीओ हाइडिल से बात की तो उन्होंने बताया कि सुधार हो रहा है ट्यूबवेल और घरेलू लाइन अलग की प्रक्रिया चालू है जब उनसे यह पूछा गया कि आप 5 महीने से ही बात कर रहे हैं अभी तक किसी ठेकेदार ने एक भी इलेक्ट्रिक पोल गाडना नहीं शुरू किया है तो यह कब काम पूरा होगा उन्होंने बताया कि ठेकेदार आजकल कर रहा है वह आ नहीं रहा है पिछले मांह संपूर्ण समाधान दिवस में एक्सईएन बिजली विभाग ने आकर बिजली घर में बैठकर पत्रकारों को बताया था कि ठेकेदार से बात हो गई है अलग से लाइन के लिए खंबे गाडना शुरू हो जाएंगे लेकिन वह वही का काम वहीं पर पड़ा हुआ है। इसके बाद अधिकारियों ने बताया कि औरंगपुरसांभी बिजी घर के पास में अगर एक एकड़ तक जमीन मिल जाए गांव सभा द्वारा तो वहां पर उस एरिया के लिए कमसान फीडर बना दिया जाएगा इस संबंध में औरंगपुरसांभी प्रधान पति रामचरित्र सिंह चंदेल उर्फ रमन सिंह ने बताया कि बिजली विभाग जब चाहे अपने अधिकारों से आदेश करा कर तहसील भिजवाए तहसील द्वारा हमारे पास लेटरआएगा जल्दी व्यवस्था कराई जाएगी। मिश्रिख सांसद अशोक रावत के प्रतिनिधि रवि वाजपेई ने बताया कि जल्द बिजली घर पहुंच कर विस्तार पूर्वक चर्चा कर लाइट के घंटो में सुधार कराया जाएगा और मजबूत हल निकाला जाएगा। किसान का हित सर्वोपरि है फ़सल सूखने नहीं दी जाएगी।

# नानामऊ घाट पर बने शौचालय में गंदगी का अंबार, सफाई कर्मचारी अक्सर रहते हैं नदारत





जन एक्सप्रेस । हरि नाथ सिंह

**बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के गंगा तटों पर स्नान करने वाले घाटों को पक्का बनाया गया था उसी के साथ में कपड़े बदलने और शौचालय और स्नान घर भी बनाए गए थे। लेकिन कई महीनो से शौचायलयों की सफाई नहीं हुई है और ना ही उसे ओर कोई देखने वाला नहीं है कभी कभी इन घाटों पर नमामि गंगे की टीशर्ट पहनकर कूड़े करकट के साथ लोग फोटो खींच कर अखबारों में छपवाने की होड़ लगाए रहते हैं लेकिन वास्तव में जमीन पर देखने को सफाई व्यवस्था उस दिन मिली जब स्वास्थ्य कर्मी की डूबने पर एनडीआरएफ तीन दिन तक कड़ी मेहनत करने के बाद भी स्वास्थ्य कर्मी का शव नहीं मिल सका था उन्हीं दिनों में एक दिन एनडीआरएफ का जवान पक्के घाट पर बनें शौचालय में शौच क्रिया करने के लिए गया बदबू के चलते वह बाहर बिना शौच क्रिया करें निकल आया। जवान ने बताया कि घाटों पर बने इतने बड़ेप्रोजेक्ट के द्वारा उसके अंदर का सारा सामान तोड़ डाला गया है और सफाई कभी हुई नहीं है इतनी बदबू बाहर से आती है अंदर की सड़ांध देखी नहीं जा सकती है। उन्होंने बताया कि वहां पर इतनी बदबू आती है जैसे कहीं पर किसी बस्ती से हम गुजर रहे हो सेना के जवानों ने बताया की स्नान के समय घाट पर आए लोग इस्तेमाल करते हैं जब उन्हें यहां पर कितनी बदबूदार शौचालय मिलते हैं तो क्या कहते हैं। खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा से सफाई के संबंध में बात की तो उन्होंने बताया कि जल्द संबंधित ग्राम सभा के प्रधान और सचिव द्वारा इसको दिखाकर प्राथमिकता के आधार पर सभी गंगा घाटों पर बने शौचालय की सफाई के साथ-साथ टूट-फूट की भी मरम्मत कर दी जाएगी

# ग्रामीणों को नही मिल रहा सामुदायिक शौचालय का लाभ, एक साल से लटका ताला

**मुख्य विकास अधिकारी ने दिए जांच के निर्देश**

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर




सरीला विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बौखर में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी विकासखंड के सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है। शासन की मंशा थी, कि जिनके पास शौचालय नही है ऐसे लोग इसका उपयोग कर सकेंगे। इसके लिए शासन की तरफ से भारी भरकम धनराशि खर्च कर सामुदायिक शौचालयो का निर्माण कराया गया है। जिसमे महिलाओ और पुरुषो के लिए अलग अलग व्यवस्था की गई है। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता और प्रधान की मनमानी के चलते जहां ग्रामीणों को इसका लाभ नही मिल रहा। वही सामुदायिक शौचालय में एक साल से जड़ा ताला शोभा बढ़ा रहा है। इसके साथ साथ जिम्मेदार भी गंभीरता नही दिखा रहे हैं। गांव निवासी सरमन, संतराम, देवेंद्र, अरविंद, धर्मपाल आदि ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि गांव में सामुदायिक शौचालय होने के बाद भी बच्चे, बुजुर्ग खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। और सामुदायिक शौचालय निर्माण में मानक के अनुसार कार्य न कराने और भ्रष्टाचार कर सरकारी धन को बंदरबांट करने का भी आरोप लगाया है। बताया कि लाखो रुपए खर्च करके सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है। कि गांव वालो को खुले में शौच से मुक्ति मिलेगी। सामुदायिक शौचालय में ताला लगा रहने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मामले में मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला से जब फोन पर बात हुई तो उन्होंने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# पीएम आवास योजना का लाभ पाने के लिए ग्रामीणो की उमड़ी भीड़

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर




प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वेक्षण अन्तर्गत गठित टीम शनिवार को क्षेत्र के परछा गांव पहुंची जहां अधिकारियों के आने की सूचना पाकर ग्रामीण भारी संख्या में आवास पाने की लालसा में पहुंच गए तथा अपने घरों की दुर्दशा से मौजूद टीम को वाकिफ करा आवास दिलाने की गुहार लगाई है। बताते चलें कि क्षेत्र के परछा गांव में वर्ष 2017 के बाद से अब तक आवास योजना से सिर्फ 4 लाभार्थी लाभान्वित हो सकें हैं लेकिन पात्र लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है जिस पर अब ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशों के बाद गठित विकासखंड स्तरीय टीम द्वारा गांव पहुंचने की मुनादी सुनने के उपरांत लगभग डेढ़ सैकड़ा से अधिक परिवार आवास पाने की आस में पंचायत भवन पहुंचे जहां मौके पर पहुंची टीम ने जब सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन से लोगों को वाकिफ कराया तो सभी लोग अधिकारियों से अपने घर को दिखाने की बात कहने लगे जिस पर सहायक खंड विकास अधिकारी सहकारिता ने पात्र लोगों को आवास सूची में शामिल करने की बात कही जिसके बाद लोग आवास पाने की आस में शांत हो गए। अवगत हो कि उक्त गांव में सन 2017 से अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सिर्फ चार परिवारों को ही उक्त योजना का लाभ मिल सका है लेकिन परछा गांव में ही शामिल मजरा सढ़ा में अभी तक एक भी परिवार को इस योजना में शामिल न करने से उक्त मजरा वासी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। हालांकि सहायक खंड विकास अधिकारी सहकारिता ब्रजमोहन पटेल की सांत्वना के बाद सभी लोग आवास योजना का लाभ पाने की आस में बैठे हुए हैं। गोष्ठी में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान शहीन बानो, पंचायत सचिव उपेंद्रनाथ पाण्डेय सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

# हाईवे पर हाइट गेज से टकराई श्रद्धालुओं की मिनी बस, एक की मौत, छह बच्चों समेत 19 घायल

जन एक्सप्रेस । बागपत



मुजफ्फरनगर की शिक्षक कालोनी से बागड़ राजस्थान में दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की मिनी बस मेरठ-बागपत नेशनल हाईवे पर पिलाना मोड़ पर लगे हाइट गेज से टकरा गई। इसमें सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त कर्मी मंगलसेन (70) की मौत हो गई, जबकि छह बच्चों और महिलाओं समेत 19 श्रद्धालु घायल हो गए। खतौली के रहने वाले अजय ने बताया कि मुजफ्फरनगर की शिक्षक कालोनी में उसकी ससुराल से रविवार सुबह कई परिवार मिनी बस में सवार होकर राजस्थान के बागड़ मंदिर में दर्शन के लिए चले थे। सुबह करीब 11 बजे जैसे ही उनकी मिनी बस मेरठ-बागपत नेशनल हाईवे पर पिलाना मोड़ पर पहुंची तो वहां सड़क के बीच में लगाए गए हाइट गेज के खंभे से बस टकरा गई। इस हादसे में शिक्षक कालोनी निवासी मिनी बस में सवार श्रद्धालु राजेंद्र प्रताप, मंगलसेन, अमित, रामवती, ज्योति, अर्णव, सोनिका, प्रेमवती, सुनील, गुनगुन, गाजियाबाद निवासी संजय, सुनीता, आरव, खतौली निवासी अजय, प्रीति, भारत, पृथ्वी, मेरठ निवासी अरुण और चालक नफीस समेत 20 घायल हो गए। इससे वहां काफी देर तक जाम लगा रहा। हादसे के बाद पहुंचे पुलिस कर्मियों ने घायलों को पिलाना सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से मंगलसेन, राजेंद्र सिंह समेत चार घायलों को मेरठ रेफर कर दिया। वहीं दस घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया गया। घायल मंगलसेन की मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि हाइट गजे का खंभा बीच में लगाया गया था और अन्य जगह भी रूट डायवर्जन के बाद हादसों का खतरा है। उधर, सीओ हरीश भदौरिया का कहना है कि घायलों का उपचार कराया गया।

# छात्रवृत्ति परीक्षा के आवेदन में मंडल में जिला अव्वल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

**तालग्राम।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा के आवेदन की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन छह सितंबर तक कानपुर मंडल में सर्वाधिक आवेदन कन्नौज से किए गए हैं। कानपुर नगर से 1513, कानपुर देहात 996, ओरैया 967, इटावा 1542, फर्रुखाबाद 1348 आवेदन हुए हैं। उन्होंने बताया कि यह डाटा मनोविज्ञान प्रयोगशाला प्रयागराज से प्राप्त हुआ है। अभी 14 दिन और आवेदन प्रक्रिया चलेगी। उम्मीद है कि ज्यादा से ज्यादा आवेदन होंगे। परीक्षा एक सत्र में दो भागों में आयोजित होगी। प्रथम भाग सामान्य मानसिक योग्यता परीक्षण का होगा। इसमें 90 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। द्वितीय भाग में शैक्षिक अभिरुचि परीक्षण होगा। इसमें 90 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। 35 विज्ञान, 35 सामाजिक विज्ञान और 20 प्रश्न गणित के होंगे। प्रत्येक भाग के लिए 90 अंक निर्धारित हैं।

# सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए भेजा गया 3.34 करोड़ का प्रस्ताव

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पीडब्ल्यूडी ने सड़कों को गड्ढामुक्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। निर्माण खंड का सर्वे पूरा हो गया है, जबकि प्रांतीय खंड का अंतिम चरण में है। निर्माण खंड ने 257 किलोमीटर लंबी सड़क के गड्ढों को भरने के लिए 3.34 करोड़ का प्रस्ताव भेजा है। हर साल बारिश में सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। सड़कों में गहरे गड्ढे हो जाते हैं। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश थमने के बाद शासन से गड्ढों की मरम्मत के लिए बजट जारी किया जाता है। इस बार भी प्रदेश सरकार ने सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए पीडब्ल्यूडी से प्रस्ताव मांगा था। इसके लिए कुछ दिन पहले खस्ताहाल मार्गों का लोकनिर्माण विभाग ने सर्वे शुरू कराया था। निर्माण खंड का सर्वे पूरा हो गया है। जांच में 257 किलोमीटर में गड्ढे मिले हैं, जिनको भरने के लिए 3.34 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया गया है। एक्सईएन सुबोध कुमार ने बताया कि सर्वे कराकर प्रस्ताव तैयार करा लिया गया है। बारिश थमने का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद जैसे ही शासन से बजट मिलेगा, वैसे ही जल्द काम शुरू कराया जाएगा। उधर, प्रांतीय खंड का सर्वे अंतिम चरण में है। एक्सईएन हरदयाल अहिरवार ने बताया कि सर्वे का काम तेजी के साथ पूरा कराया जा रहा है। अगले चार-पांच दिन में काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद प्रस्ताव मुख्यालय भेजा जाएगा।

## 2021 में गड्ढामुक्त अभियान में मिले थे 4.05 करोड़

वर्ष 2021 में गड्ढों में समाई 1182.20 किमी की सडक़ों की मरम्मत के लिए 4.05 करोड़ रुपये मिले थे। पीडब्ल्यूडी ने इस धनराशि से 154.4 किमी के राज्यमार्ग, 72.42 किमी के जिला मार्ग, 90.30 किमी की शहरी और 865.08 किमी की ग्रामीण सडक़ों की मरम्मत कराने का दावा किया था। वर्ष 2022 में पीडब्ल्यूडी ने 7.33 करोड़ से 1339 किमी के गड्ढे भरने का दावा किया था। वहीं वर्ष 2023 में 1022 किमी के गड्ढे भरने को 12 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था।

# दो जिलों को जोड़ने वाले पुल के निर्माण में सुस्ती, काम रुका

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

हरदोई को उन्नाव से जोड़ने के लिए बांगरमऊ के तमोरिया बुजुर्ग (नौशहरा) गांव के सामने सई नदी पर बन रहे पुल के निर्माण में सुस्ती दिख रही है। ग्रामीण पानी मंझाकर निकल रहे हैं, जबकि वाहन सवारों को आठ किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। जनपद हरदोई के बेहंदर सीमा से गुजरकर क्षेत्र का संडीला मार्ग पार करके सचानकोट, हसनापुर, अरगूपुर, तमोरिया बुजुर्ग आदि गांव होते हुए गौरियाकला गांव के पास निकली सई नदी पर ग्रामीणों ने आवागमन के लिए बांस-बल्लियों का पुल बना रखा था। बारिश के समय जब नदी का पानी बढ़ जाता था तो ग्रामीण 700 मीटर तक नाव के सहारे एक से दूसरे गांव पहुंचते थे। जबकि अन्य मौसम में बांस-बल्ली का पुल ही आवागमन का सहारा था। बारिश के समय यह पुल क्षतिग्रस्त हो जाता था। जब बरसात थमती थी तब ग्रामीण फिर से लकड़ी का पुल बनाते थे। यह क्रम आजादी के बाद से चला आ रहा था। जिस पर अमर उजाला ने दिसंबर 2022 में पक्के पुल के लिए लंबी मुहिम चलाई थी। बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार ने पत्राचार किया था। फिर शासन ने संज्ञान लेकर अप्रैल 2023 को सई नदी पर 655 मीटर लंबे पक्के पुल को मंजूरी देने के साथ 13.63 करोड़ का बजट स्वीकृत किया था। सेतु निगम को कार्यदायी संस्था बनाया गया था। संस्था ने टेंडर होने के बाद मार्च 2024 में हरदोई जनपद के संडीला तहसील के कंजौरा से पुल निर्माण शुरू कराया था। इसके चार पिलर ही बनकर तैयार हो पाए हैं। आगे का काम तेजी पकड़ता वैसे ही बारिश होने से निर्माण रुक गया। जानकारों के मुताबिक, इसे मार्च 2025 तक बनकर तैयार किया जाना है लेकिन इधर बारिश के चलते काम बंद हो जाने से अब निर्धारित समय में पुल के तैयार होने पर संशय है। सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माणखंड मूलचंद्र यादव ने बताया कि अब सितंबर के बाद ही कार्य शुरू हो पाएगा। कंजौरा और तमोरिया बुजुर्ग गांव के सामने नदी में पानी भर जाने से निर्माण कार्य ठप हो गया है। अभी पानी कम है। इससे अभी नाव नहीं लगाई गई है।

# एक्सप्रेस-वे की रेलिंग तोड़कर खाई में गिरी स्लीपर बस, दो घायल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आजमगढ़ से 40 सवारियों को लेकर दिल्ली जा रहे स्लीपर बस लोडर को बचाने में अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे की रेलिंग तोड़ते हुए खाई में जा गिरी। हादसे में बस चालक सहित दो लोग घायल हो गए। सवारियों ने बताया कि चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा बच गया। गुरुवार रात आजमगढ़ से 40 सवारियां लेकर कृष्णा ट्रेवल्स की स्लीपर बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से होकर दिल्ली जा रही थी। एक्सप्रेस-वे के थाना ठठिया क्षेत्र के बहसुइया गांव के पास पहुंचते ही कट से अचानक लोडर आ गया। लोडर को देख चालक चकित हो गया और बस अनियंत्रित हो गई। बस एक्सप्रेस-वे की रेलिंग तोड़ते हुए खाई में जा गिरी। हादसे में बस पर सवार लोग बाल-बाल बच गए। वहीं, हादसे में बस चालक प्रतापगढ़ निवासी रामजीत व सुरेंद्र मामूली रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही पहुंचे यूपीडा व पुलिस कर्मियों ने घायल चालक को पास के ही अस्पताल से प्राथमिक इलाज कराया। थाना प्रभारी अरुण कुमार चौधरी ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। केवल बस क्षतिग्रस्त हुई है।

## बाईपास पुल: आखिरी चरण में स्ट्रीट लाइट का काम

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** लखनऊ-कानपुर हाईवे के गदनखेड़ा बाईपास चौराहे पर बने पुल पर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम अंतिम चरण में है। प्रोजेक्ट हेड ने एक-दो दिन में काम पूरा करके पुल को यातायात के लिए खोलने की बात कही है। लखनऊ-कानपुर हाईवे और उन्नाव-लालगंज (रायबरेली) हाईवे को जोड़ने वाले गदनखेड़ा बाईपास चौराहा पर करीब 20 साल से जाम की समस्या है। जाम और हादसों को रोकने के लिए वर्ष 2021 में बाईपास चौराहे पर पुल को मंजूरी मिली थी। 1640 मीटर लंबे पुल के साथ अंडरपास और दोनों तरफ सर्विस रोड के काम पर 64 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

# लिवर, किडनी की जांच करने वाली मशीन ने दे दिया जवाब, नई आएगी



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जिला अस्पताल में लिवर और किडनी की जांच करने वाली मशीन ने जवाब दे दिया है। छह दिन से जांचें बंद होने से सीएमएस ने शासन को पत्र भेजकर नई मशीन की मांग की है। जिला अस्पताल की लैब में मरीजों की किडनी, लिवर और लिपिड प्रोफाइल (खून में कोलेस्ट्रॉल की जांच) के लिए सेलेक्ट्रा मशीन लगी है। मशीन काफी पुरानी होने से आए दिन खराबी आ जाती है। जांच के लिए सैंपल लगाने के कुछ देर बाद ही मशीन से आवाज आती है और गर्म होकर बंद हो जाती है। बीते छह दिनों से मशीन खराब चल रही है। इसी सप्ताह दो बार इंजीनियरों ने मशीन की मरम्मत की लेकिन समस्या दूर नहीं हुई। इससे मरीजों की जांच नहीं हो पा रही है।

सीएमएस डॉ. आरए मिर्जा ने नई सेलेक्ट्रा मशीन के लिए शासन को पत्र भेजा है। उम्मीद है कि जल्द ही जिला अस्पताल को मशीन उपलब्ध हो जाएगी। सीएमएस ने बताया कि पुरानी सेलेक्ट्रा मशीन की मरम्मत के बाद सैंपल लगाकर लैब टेक्नीशियन ने ट्रायल किया, लेकिन मशीन कुछ देर में ही गर्म हो रही है। इससे जांच नहीं हो पा रही है। नई मशीन की मांग की गई है। प्रयास किया जा रहा है कि मशीन जल्द उपलब्ध हो जाए।

### दूसरे दिन भी सीटी स्कैन मशीन बंद

जिला अस्पताल में दूसरे दिन भी सीटी स्कैन जांच नहीं हुई। कई मरीज लौट गए। सीटी स्कैन मशीन के यूपीएस से गुरुवार को अचानक धुआं निकलने लगा था और मशीन बंद हो गई थी। शनिवार को इंजीनियर ने यूपीएस के कई पुर्जे खराब होने की बात बताई और खोलकर ले गए हैं। कर्मियों ने मशीन खराब होने की जानकारी देकर सोमवार को आने के लिए कहा है। सीएमएस डॉ. आरए मिर्जा ने बताया कि इंजीनियर ने मशीन की जांच कर ली है। कुछ पुर्जे बदलने पड़ेंगे। उम्मीद है कि सोमवार से संचालन शुरू हो जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-अफजलपुर, विकास खंड-अकबरपुर, जनपद-अम्बेडकर नगर**

पत्रांक: मेमो/पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक: 07.09.2024

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

**ग्राम पंचायत अफजलपुर, विकास खंड अकबरपुर में** राज्य वित्त/चौदहवां वित्त आयोग/ पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्ययोजना वर्ष 23-24 के निम्नलिखित परियोजनाओं के निर्माण कार्य पर सामग्री आपूर्ति हेतु फर्म के लेटर पैड पर मुहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें **दिनांक 09-09-2024 से 11-09-2024 तक प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक** ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदायें दिनांक **11-09-24 को सायं 4 बजे** उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा के नियम व शर्तें पत्र में अंकित हैं:-

| क्र. | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री का ब्यौरा |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (RRC) सेंटर का निर्माण कार्य। | 5 लाख | ईंट गिट्टी, सीमेण्ट,मौरंग, सरिया, टीन शेड सामग्री |
| 2. | ग्राम पंचायत में ई रिक्शा क्रय। | 1 लाख 69 हजार | |

**नियम व शर्तों का विवरण:-**

1- जिस आपूर्ति कर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु सूचित किया जायेगा।
2- आपूर्ति कर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए ग्राम पंचायत स्वतंत्र होगी।
3. फर्म जी0 एस0 टी0 पंजीकृत हो व आयकर दाखिल करने की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
4- जो दरें प्रस्तुत की जायें, वह दरें जी0एस0टी0 तथा ढुलाई, लदाई, उतरवाई तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाये।
5- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेंगी।
6- प्रस्तुत दरें PWD द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नही होनी चाहिए।
7- स्वीकृत आपूर्ति कर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मांग के उपरान्त ही किया जायेगा। गुणवता खराब होने पर आपूर्ति कर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।
8- बिना कोई कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

**दुखराम**
ग्राम प्रधान

**राजेन्द्र प्रसाद राजभर**
ग्राम पंचायत सचिव

# ट्रंप से मुकाबले को पांच दिनों से होटल में रहकर तैयारी कर रहीं कमला हैरिस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन



अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव का प्रचार अब अपने आखिरी दौर में प्रवेश कर रहा है। कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच अभी तक कांटे की टक्कर चल रही है और चुनाव प्रचार के आखिरी दौर में पलड़ा किसी के भी पक्ष में बैठ सकता है। यही वजह है कि अब सभी की निगाहें 10 सितंबर को दोनों नेताओं के बीच होने वाली पहली और संभवतः आखिरी बहस पर लगी हैं। अमेरिकी ब्रॉडकास्टर एबीसी इस बहस का आयोजन कर रहा है। यकीनन इस बहस में जिस भी नेता के तर्क बेहतर होंगे, तो चुनाव नतीजे उसके पक्ष में जाने की संभावना है। डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस की बहस मंगलवार यानी 10 सितंबर को फिलाडेल्फिया स्थित नेशनल कॉन्सटिट्यूशन सेंटर में रात करीब 9 बजे आयोजित की जाएगी। इस बहस का लाइव प्रसारण किया जाएगा और बहस के दौरान कोई भी दर्शक मौजूद नहीं रहेंगे। बहस की मध्यस्थता न्यूज एंकर डेविड मुइर करेंगे। यह बहस 90 मिनट तक चलेगी और इस दौरान दो बार ब्रेक होगा।

### माइक्रोफोन कर दिए जाएंगे बंद

ट्रंप और कमला हैरिस की बहस के दौरान जब किसी भी नेता के बोलने की बारी आएगी तो उन्हें ही बोलने की इजाजत होगी और दूसरे नेता का माइक्रोफोन बंद कर दिया जाएगा। बहस के दौरान मध्यस्थ को ही सवाल पूछने की इजाजत होगी और बहस से पहले नेताओं के साथ बहस के विषय आदि साझा नहीं किए जाएंगे। दोनों नेताओं को अपना जवाब देने के लिए दो-दो मिनट का समय दिया जाएगा। वहीं दो मिनट प्रतिद्वंदी नेता को जवाब देने के लिए दिए जाएंगे। किसी सवाल के जवाब में यह समय सीमा बढ़ाई जा सकती है। बहस के दौरान दोनों नेताओं को पैन, पेपर और पानी की बोतल दी जाएगी। ब्रेक के दौरान अपनी प्रचार टीम से बात करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

### तैयारी में जुटे दोनों नेता

फिलाडेल्फिया में होने वाली बहस की अहमियत दोनों नेता समझते हैं। यही वजह है कि उन्होंने इसकी तैयारी में पूरी ताकत झोंक दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कमला हैरिस पिछले पांच दिनों से डिबेट की तैयारियों के लिए पिट्सबर्ग के एक होटल में ठहरी हुई हैं। ट्रंप भी प्रतिनिधि सभा के सदस्य मैट गेट्ज के साथ डिबेट की तैयारी कर रहे हैं। साल 2019 के राष्ट्रपति चुनाव में एक बहस के दौरान कमला हैरिस पर भारी पड़ीं तुलसी गबार्ड भी ट्रंप की तैयारियों में मदद कर रही हैं।

# नई दिल्ली से पटना आ रही मगध एक्सप्रेस ट्रेन दो हिस्सों में बंटी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। आरा



बक्सर के पास रविवार को एक रेल हादसा हुआ है। टुनिगंज रेलवे स्टेशन पर दिल्ली से आ रही मगध एक्सप्रेस ट्रेन अचानक दो हिस्सों में बंट गई। चलती ट्रेन के दो हिस्सों में बंटने से यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इधर, लोको पायलट ने फौरन ट्रेन रोकी। इधर, सूचना मिलते रेलवे की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। अबतक किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। स्लीपर बोगियों एस-6 और एस-7 के बीच से ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। खैरियत यह रही कि उस समय ट्रेन के उस जोड़ के आसपास यात्री नहीं थे।

### रघुनाथपुर के पहले हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि 20802 डाउन मगध एक्सप्रेस नई दिल्ली से चलकर पटना जा रही थी। डुमरांव रेलवे स्टेशन से खुलकर जैसे ही टुनिगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंची कि अचानक ट्रेन की कपलिंग टूट गई। इस कारण ऐसा हुआ। यह हादसा उसी रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के पहले हुआ, जहां पिछले साल नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस बेपटरी हो गई थी। उस हादसे में जानमाल की भारी क्षति हुई थी। रविवार को मगध एक्सप्रेस के यात्रियों को ट्रेन के इस तरह दो हिस्सों में बंटने के बाद रघुनाथपुर ट्रेन हादसे की याद आ गई।

### कपलिंग टूटने से अलग हुई बोगियां

इधर,पूर्व मध्य रेलवे के जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चन्द्र ने कहा कि रविवार को लगभग सुबह 11.15 बजे दानापुर मंडल के टुड़ीगंज और रघुनाथपुर स्टेशनों के मध्य किमी 635/32 के समीप गाड़ी सं. 20802 नई दिल्ली-इसलामपुर मगध एक्सप्रेस के इंजन से 13 एवं 14 डिब्बे के मध्य की कपलिंग टूट गयी थी। 11.35 बजे दानापुर से SPART घटना स्थल के लिए रवाना हो गई है। गाड़ी के संरक्षित परिचालन हेतु कार्य जारी है। इस घटना में किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। ट्रेन के दोनों हिस्सों को जोड़ने के बाद जांच की गई और फिर उसे आगे के लिए रवाना कर दिया गया।

# सोमनाथ भारती के आरोपों पर कांग्रेस नेता का पलटवार, कहा दिल्ली में केजरीवाल को जीतने नहीं देंगे



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन की संभावनाएं तलाश रहे हैं, लेकिन इसी बीच दोनों दलों के नेताओं में राजधानी दिल्ली में दंगल मच गया है। कांग्रेस नेता जितेंद्र कोचर ने कहा है कि उनकी पार्टी अरविंद केजरीवाल को दिल्ली में किसी कीमत पर जीतने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि अगले दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भी कांग्रेस उनके साथ कोई समझौता नहीं करेगी और अकेले दम पर चुनाव में उतरेगी। कांग्रेस नेता की यह नाराजगी आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती के उन आरोपों के बाद सामने आई जिसमें उन्होंने जितेंद्र कोचर पर लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के लिए काम करने का आरोप लगाया था। जितेंद्र कोचर ने कहा कि लोकसभा चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेताओं का बिल्कुल साथ नहीं दिया जिसके कारण दोनों दलों को अच्छे परिणाम नहीं मिले। लेकिन उससे सबक सीखते हुए अब कांग्रेस को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से किसी कीमत पर समझौता नहीं करना चाहिए। कोचर ने कहा कि चुनाव में हार-जीत होती रहती है। चुनावी राजनीति में जीत के साथ-साथ हार पचाने की कला भी नेताओं को आनी चाहिए, लेकिन जिस तरह सोमनाथ भारती ने अपनी हार का ठीकरा कांग्रेस के ऊपर फोड़ा है, उससे समझ आता है कि उन्हें राजनीति का ककहरा भी नहीं आता। उन्होंने कहा कि यदि आज आम आदमी पार्टी के नेता लगातार उनकी पार्टी छोड़कर भाजपा और कांग्रेस में जा रहे हैं तो उससे केजरीवाल को सबक सीखना चाहिए। दूसरे के ऊपर दोषारोपण करने से किसी का कोई भला नहीं होने वाला।

### कांग्रेस के नेताओं को विचार करना चाहिए

क्या हरियाणा में कांग्रेस को आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन करना चाहिए? अमर उजाला के इस प्रश्न पर दिल्ली कांग्रेस में मीडिया प्रमुख सहित कई प्रमुख भूमिकाएं निभा चुके जितेंद्र कोचर ने कहा कि यह पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और हरियाणा कांग्रेस के नेताओं को विचार करना चाहिए, लेकिन दिल्ली में अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की कोई संभावना नहीं बन सकती।

### खुलकर नहीं बोल रहे नेता

लेकिन कांग्रेस की मुश्किलें यही हैं कि हरियाणा से लेकर दिल्ली तक उसके कई नेता गठबंधन के खिलाफ बताए जाते हैं। स्वयं भूपेंद्र हुड्डा उस समिति में शामिल हैं जिन्हें इस बात की जिम्मेदारी दी गई थी कि वे आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन की संभावनाएं तलाशें। लेकिन हुड्डा के करीबी बताते हैं कि वे स्वयं इस तरह के किसी भी गठबंधन के पक्ष में नहीं हैं। लेकिन केंद्र के दो मजबूत नेताओं के दबाव में आकर पार्टी के नेता खुलकर कुछ नहीं बोल रहे हैं।

### सोमनाथ भारती ने क्या कहा

दरअसल, कांग्रेस नेता दीपक बाबरिया और आम आदमी पार्टी नेता राघव चड्ढा के बीच शनिवार को एक बैठक हुई थी। दोनों नेता हरियाणा में गठबंधन करने की संभावनाएं तलाश रहे हैं। लेकिन दोनों नेता किसी ऐसे फॉर्मूले पर सहमत नहीं हो सके जिससे कि गठबंधन किया जा सके। बैठक के बाद दीपक बाबरिया ने सीटों की संख्या पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, वहीं राघव चड्ढा ने कहा कि गठबंधन की उम्मीदें अभी समाप्त नहीं हुई हैं। वहीं, आप नेता संदीप पाठक ने कहा कि जो लोग आम आदमी पार्टी को कमजोर आंक रहे हैं, चुनाव के बाद उन्हें पछताना पड़ेगा।

### सोमनाथ के बयान के बाद बढ़ा विवाद

इसी बीच सोमनाथ भारती ने देर रात एक ट्वीट कर अपनी हार के लिए कांग्रेस नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता अजय माकन ने लोकसभा चुनाव के दौरान उनसे मिलने तक के लिए इनकार कर दिया था। उनके चुनाव क्षेत्र नई दिल्ली में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी या मल्लिकार्जुन खरगे की एक सभा तक नहीं होने दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों का साथ तक नहीं दिया जिससे लोकसभा चुनावों में कांग्रेस-आप गठबंधन की करारी हार हुई।

## वाहनों की आवाजाही के लिए तीसरे दिन खुला मलारी हाईवे, सेना और आईटीबीपी के जवानों को राहत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ज्योतिर्मठ

उत्तराखंड में भारत-चीन सीमा (तिब्बत) को जोड़ने वाला ज्योतिर्मठ-मलारी हाईवे आज तीसरे खुल पाया। हाईवे के खुलने के बाद सीमांत क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ ही सीमा पर तैनात आईटीबीपी व सेना के वाहनों की आवाजाही भी शुरु हो गई है। मलारी हाईवे पर शुक्रवार सुबह लाता के पास मलबा आने से यातायात बंद हो गया था। इससे सीमांत क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। सीमा क्षेत्र में तैनात सेना और आईटीबीपी के वाहनों का अवागमन भी ठप हो गया। शुक्रवार पूरे दिन हाईवे खोलने का प्रयास किया गया, लेकिन पहाड़ी से लगातार पत्थर और मलबा आने से हाईवे को खेला नहीं जा सका। वहीं शनिवार को भी बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) ने जेसीबी से मलबा हटाने का प्रयास किया, लेकिन पहाड़ी से लगातार भूस्खलन हो रहा है। वहीं, आज तीसरे दिन दोपकर करीब तीन बजे हाईवे खुल गया है। स्थानीय निवासी लक्ष्मण सिंह बुटोला ने बताया कि पहाड़ी से बार-बार मलबा आने से उसे खोलने में दिक्कत आ रही थी। आवागमन बंद होने से लोग परेशान थे।

# रूस जाएंगे एनएसए अजीत डोभाल

## ब्रिक्स सुरक्षा अधिकारियों की दो दिवसीय बैठक में लेंगे हिस्सा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल अगले सप्ताह रूस जाएंगे। वह मॉस्कों में ब्रिक्स एनएसए बैठक में भाग लेंगे। ब्रिक्स और ब्रिक्स प्लस उच्च स्तरीय सुरक्षा अधिकारियों की बैठक 10-12 सितंबर तक सेंट पीटर्सबर्ग में होगी। रूस में वर्ष 2024 के लिए ब्रिक्स सम्मेलन होगा। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अमेरिका शामिल हैं। इसमें 2023 में नए सदस्य देश मिस्र, ईरान, यूएई, इथोपिया शामिल होंगे। बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध समेत तमाम मुद्दों पर सदस्य देशों के बीच चर्चा होगी। पीएम मोदी ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद 8 और 9 जुलाई को अपना पहला मॉस्को दौरा किया था। पुतिन के साथ शिखर वार्ता में मोदी ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा था कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान युद्ध के मैदान में संभव नहीं है और बम, बंदूक और गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं हो सकती। कीव में बच्चों के अस्पताल पर हुए हमले की ओर इशारा करते हुए पीएम मोदी ने पुतिन के सामने कहा था, अगर लोगों की जान जाती है तो मानवता में भरोसा करने वाला हर व्यक्ति दुखी होता है। उस पर भी अगर बेगुनाह बच्चों की हत्या हो, निर्दोष बच्चें मरें तो दिल छलनी हो जाता है और बहुत पीड़ा होती है। मुझे कल आपके साथ इन मुद्दों पर बात करने का अवसर मिला। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने मोदी की मॉस्को यात्रा को %बहुत निराशाजनक% और शांति प्रयासों के लिए एक %झटका% बताया था। एक्स पर एक पोस्ट में जेलेंस्की ने खासतौर पर यूक्रेन पर रूस के मिसाइल हमलों का जिक्र किया था, जिसमें उसी दिन कीव में बच्चों के अस्पताल पर हमला शामिल था। इसके बाद 23 अगस्त को पीएम मोदी यूक्रेन की राजधानी कीव गए थे। उन्होंने यहां कहा था कि युद्ध के मैदान से समस्या का समाधान नहीं निकल सकता। रूस और यूक्रेन को युद्ध की स्थिति से बाहर आने के लिए दोनों को आपसी सहमति की मेज पर आना चाहिए। इसके अलावा दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच कई द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा भी हुई।

# सौ जन्म लेकर भी शरद पवार की सोच को कभी नहीं समझ सकते, राउत ने फडणवीस पर साधा निशाना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने रविवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की आलोचना करते हुए कहा कि भले ही वह 100 जन्म भी ले लें, तब भी वह यह नहीं समझ पाएंगे कि राकांपा (सपा) सुप्रीमो शरद पवार के दिमाग में क्या चल रहा है। राउत का यह बयान तब सामने आया है, जब कुछ दिन पहले फडणवीस ने दावा किया था कि शरद पवार ने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के लिए तीन से चार नामों की सूची बनाई है। लेकिन उद्धव ठाकरे उनमें से नहीं हैं। शिवसेना (यूबीटी) के नेता ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, क्या फडणवीस को 2019 में पता था कि शरद पवार क्या सोच रहे थे और क्या योजना बना रहे थे? अगर वे सौ बार भी जन्म ले लें, तब भी यह नहीं सोच सकते कि शरद पवार के दिमाग में क्या चल रहा है। अगर राज्य सरकार में कुछ हिम्मत बची है, तो उसे चुनाव की तारीख का एलान करना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में केवल सियासी दलों और उनके नेताओं ही नहीं, बल्कि उनके परिवारों के भीतर भी विभाजन कराया। राउत का यह बयान तब सामने आया है, जब हाल ही में उप मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा था कि समाज उन लोगों को पसंद नहीं करता है जो अपने परिवारों को तोड़ते हैं। यह बयान अजित पवार ने गढ़चिरौली में एक रैली के दौरान दिया था, जहां उन्होंने पार्टी नेता और राज्य मंत्री धमाराव बाबा अतराम की बेटी भाग्यश्री को राकांपा (शरद चंद्र पवार) में शामिल होने से रोकने की कोशिश की थी। राउत ने कहा, महाराष्ट्र में राजनीतिक पार्टियों और परिवारों को किसने तोड़ा? मोदी और शाह ने रानीतिक पार्टियों और परिवारों में विभाजन कराया। शिंदे और अजित इसका शिकार हुए। उन्हें इस बात को स्वीकार करना चाहिए कि उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए धमकाया गया, दबाव डाला गया या लालच दिया गया।

# हरियाणा में कांग्रेस-आप में गठबंधन का ऐलान आज संभव

## 4+1 फॉर्मूले पर आम आदमी पार्टी की सहमति, बाबरिया बोले, उन्होंने कम सीटों पर समझौता किया



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन लगभग हो गया है। हालांकि, अभी इसका औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है। शनिवार देर रात को कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के बीच मीटिंग हुई। दोनों पार्टियों कल, 9 सितंबर को जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गठबंधन का ऐलान कर सकती हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस ने 'आप' को 4+1 फॉर्मूला यानी 5 सीट का ऑफर दिया है। लोकसभा चुनाव में 'आप'-कांग्रेस के जॉइंट कैंडिडेट डॉ. सुशील गुप्ता ने कुरुक्षेत्र सीट से चुनाव लड़ा था। इस सीट के अंतर्गत 11 विधानसभा आती हैं। गुप्ता यह चुनाव तो नहीं जीत पाए, लेकिन उन्होंने इस सीट के अंतर्गत आने वाली 4 सीट (गुहला चीका, पिहोवा, शाहाबाद और कलायत) पर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस यह चारों सीट 'आप' को दे सकती है।

### 10 सीट मांग रही थी आप

राज्य में गठबंधन को लेकर कांग्रेस-'आप' के बीच 3 मीटिंग हो चुकी हैं। इंडिया गठबंधन के तहत 'आप' कांग्रेस से 10 सीटें मांग रही थी, कांग्रेस ने आप को 4 सीटें ऑफर की थी। 2 मीटिंग के बाद सीट शेयरिंग पर सहमति नहीं बनी। इसके बाद तीसरी मीटिंग में कांग्रेस ने एक और सीट का ऑफर दिया। कांग्रेस 2 लिस्टों में 32 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। बची 58 सीटों में 'आप'को 5 सीट दी जा सकती हैं। कांग्रेस सांसद बोले थे- हम पूरी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार 7 सितंबर को 'आप' के राष्ट्रीय सचिव और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा था कि हरियाणा चुनाव में पार्टी पूरी ताकत से भी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। हमें बस पार्टी के आदेश का इंतजार है। वो जैसे ही निर्देश देंगे, हम सब कुछ बता देंगे। हम सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं।

### कांग्रेस-'आप'में गठबंधन पर किसने क्या कहा...

- **दीपक बाबरिया:** 'गठबंधन को लेकर ऐसा लग रहा है कि आम आदमी पार्टी ने कम सीटों पर समझौता कर लिया है। इस पर जल्द फैसला हो जाएगा। आप को अच्छी संख्या में सीटें दी जा रही हैं।
- **राघव चड्ढा:** कांग्रेस के साथ अच्छी बातचीत हो रही है। मुझे उम्मीद है कि जल्द ही गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया जाएगा. उम्मीद पर दुनिया कायम है। इस पर मैं बस इतना कह सकता हूं कि आरजू भी है, हसरत भी है और उम्मीद भी है। सीटों को लेकर कुछ नहीं कह सकता।

### राहुल गांधी ने बनाया गठबंधन का प्लान

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरफ से गठबंधन की पहल की गई थी। राहुल ने आप से बातचीत के लिए 4 सदस्यों की कमेटी बनाई। इसमें पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल के अलावा पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया और प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान को भी रखा गया। कांग्रेस गठबंधन फॉर्मूले के तहत कांग्रेस आप को 5 और सीपीआई, सीपीएम, सपा और एनसीपी को एक-एक सीट देने को राजी है। हालांकि सपा हरियाणा चुनाव से किनारा कर गई है।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव साधना चाह रही कांग्रेस

हरियाणा के जरिए राहुल गांधी अगले साल 2025 में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव को भी साधना चाहते हैं। दिल्ली में कांग्रेस ने 1998 से लेकर 2013 तक सरकार बनाई। इसके बाद 2013 और 2015 में हुए चुनाव में कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। अगर हरियाणा में दोनों पार्टियों का गठबंधन हो जाता है तो कांग्रेस दिल्ली में गठबंधन का दबाव बना सकती है।


## अमित शाह नेशनल कॉन्फ्रेंस से डरते हैं, हम घुसपैठिए नहीं: फारूक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के बीच पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने अमित शाह पर निशाना साधा है। अब्दुल्ला ने कहा- शाह कहते हैं कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस सत्ता में आई तो आतंकवाद फिर से शुरू हो जाएगा। मैं उनसे पूछता हूं कि जब उन्होंने अनुच्छेद 370 को खत्म किया तो क्या आतंकवाद खत्म हो गया? अब्दुल्ला ने कहा- अमित शाह नेशनल कॉन्फ्रेंस से डरते हैं, इसलिए वे हर तरह से नेशनल कॉन्फ्रेंस को बदनाम करने की कोशिश करते हैं, लेकिन हम जीतेंगे। मैं उनसे बस इतना कहना चाहता हूं कि हम उस भारत के खिलाफ हैं, जो वे बनाना चाहते हैं। भारत सबका है, हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, ईसाई सबका है। उन्होंने कहा- हम घुसपैठिए नहीं हैं, हम मंगलसूत्र नहीं छीनने जा रहे, जो वे मुसलमानों पर उंगली उठा रहे हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि मुसलमानों ने भी देश की आजादी के लिए अपनी जान कुर्बान की है। वे केवल हिंदुओं को डराने की कोशिश करते हैं, लेकिन अब हिंदू वह हिंदू नहीं हैं। शाह ने कहा- अब्दुल्ला की सरकार कभी नहीं बन सकती गृह मंत्री अमित शाह ने 6 सितंबर को भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया था। 7 सितंबर को उन्होंने जम्मू के पलौरा में जनसभा की। नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार बनाने जा रही है। मैं बहुत छोटी उम्र से चुनावी आंकड़े सीख रहा हूं और मैं आपको यह बता रहा हूं कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और फारूक अब्दुल्ला की सरकार कभी नहीं बन सकती। भाजपा चुनाव जीतेगी।

# पाक पीओके के लोगों को विदेशी मानता है

## राजनाथ बोले, भारत के लिए वे अपने, अफजल गुरु को फांसी नहीं तो क्या माला पहनानी चाहिए थी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार (8 सितंबर) को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर के निवासियों को भारत में शामिल होना चाहिए, हम उन्हें अपना मानते हैं। उन्होंने ये बात जम्मू-कश्मीर के रामबन में कही, जहां वे बीजेपी उम्मीदवार राकेश सिंह ठाकुर के लिए वोट मांगने पहुंचे थे। वे बनिहाल भी जाएंगे। यहां बीजेपी उम्मीदवार मोहम्मद सलीम भट के लिए वोट मांगने जाएंगे। सिंह ने कहा- पाकिस्तान पीओके के निवासियों को विदेशी मानता है, लेकिन भारत उन्हें अपना मानता है। जब तक भाजपा है तबतक जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी नहीं हो सकती। अगस्त 2019 में जब आर्टिकल 370 हटा तब से जम्मू-कश्मीर में सिक्योरिटी को लेकर बड़े बदलाव हुए। यहां का युवा अब पिस्तौल-रिवॉल्वर के बजाय लैपटॉप और कंप्यूटर रखते हैं। बीते 5 साल में हमने 40 हजार जॉब जनरेट किए। उन्होंने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस को आतंकियों के लिए सहानुभूति है। मैंने सुना कि उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अफजल गुरु को फांसी नहीं दी जानी चाहिए थी। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या अफजल गुरु को माला पहनाई जानी चाहिए थी? बीजेपी से राकेश सिंह ठाकुर, एनसी से अर्जुन सिंह रामबन विधानसभा श्रेत्र से भाजपा से राकेश सिंह ठाकुर मैदान में हैं। एनसी ने अर्जुन सिंह राजू को टिकट दिया है। हृष्ट के बागी कार्यकता सूरज सिंह परिहार भी चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के नीलम कुमार लंगेह ने जीत हासिल की थी। लेकिन इस बार उन्हें टिकट नहीं मिला।

### अफजल गुरु को फांसी देना गलत: उमर अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला ने 6 सितंबर को कहा था कि 2001 के संसद हमले के दोषी अफजल गुरु को फांसी देने से कोई भी उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर सरकार का अफजल गुरु की फांसी से कोई लेना-देना नहीं था। अगर होता तो राज्य सरकार की अनुमति से गुरु को फांसी देनी पड़ती, जिसके लिए राज्य सरकार कभी परमिशन नहीं देती।

## मणिपुर सीएम बीरेन सिंह के इस्तीफे की अटकलें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने पिछले 16 घंटो में दो बार गवर्नर लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात की। वे आज (8 सितंबर) दोपहर करीब 12 बजे राज्यपाल से मिलने पहुंचे। वहीं शनिवार (7 सितंबर) रात 8 बजे भी उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात की थी। यह मीटिंग करीब 30 मिनट तक चली थी। इससे पहले बीरेन सिंह ष्टरूहाउस में सभी विधायकों से भी मिले थे। सूत्रों की मानें तो बीरेन सिंह इस्तीफा दे सकते हैं। उन्होंने पिछले साल 20 जून को भी इस्तीफा देने की पेशकश की थी। बाद में फैसला बदल दिया। हालांकि, इस्तीफे की चर्चा के बीच बीरेन सिंह ने गर्वनर से यूनिफाइड कमांड की मांग है। इसमें सभी सुरक्षा एजेंसियों की कमान राज्य सरकार के पास आ जाएगी। फिलहाल यह केंद्र सरकार के कंट्रोल में है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)